रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 17 अक्टूबर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 59 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### कांग्रेस को सितंबर 2022 तक मिल जाएगा निर्वाचित अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कार्य समिति की बैठक में कार्यकर्ताओं की चारों तरफ से आ रही संगठनात्मक चुनाव कराने की मांग पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया है कि अगले साल 20 सितम्बर तक पार्टी के अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल तथा संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पांच घंटे से अधिक समय तक चली कार्य समिति की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष के लिए चुनाव की प्रक्रिया अगले साल 21 अगस्त से 20 सितम्बर के बीच पूरी कर ली जाएगी। जबकि पार्टी में प्रदेश अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, कोषाध्यक्षों तथा प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव 20 अगस्त पूरे करा दिए जाएंगे।

### गुजरात उच्च न्यायालय के लिए सात नये न्यायाधीशों की नियुक्ति

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने गुजरात उच्च न्यायालय के लिए सात न्यायाधीशों की नियुक्ति की है, जिनमें दो महिलाएं हैं। इन नियुक्तियों में सभी अधिवक्ता से न्यायाधीश बनाये जा रहे हैं। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर शनिवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमन की सिफारिश पर मौना मनीष भट्ट, समीर ज्योतिंद्रप्रसाद दवे, हेमंत महेशचंद्र प्रच्छक, संदीप नवरलाल भट्ट, अनिरुद्ध प्रद्युम्न मायी, निरल रश्मीकांत मेहता और निशा महेंद्र भाई ठाकुर की न्यायाधीष पद पर नियुक्ति की है।

### मैंने अभी तक आईपीएल छोड़ा नहीं है : धोनी

**दुबई।** चेन्नई सुपर किंग्स को चौथा आईपीएल खिताब जिताने वाले महेंद्र सिंह धोनी ने पुष्टि की है कि उन्होंने अभी तक आईपीएल छोड़ा नहीं है। धोनी ने फाइनल मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को हरा कर आईपीएल खिताब जीतने के बाद सीएसके के लिए आईपीएल खेलना जारी रखने के सवाल के जवाब में कहा, मैंने इससे पहले भी कहा है कि यह बीसीसीआई पर निर्भर करता है। अगले सीजन से दो नई टीमों के आने के साथ हमें फैसला लेना है कि सीएसके के लिए क्या अच्छा है।

# मृतक के परिवार को 1 करोड़ मुआवजा, सरकारी नौकरी की मांग

## बीजेपी सांसद गोमती साय, ओपी चौधरी समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

पायनियर संवाददाता
रायपुर/जशपुर/पत्थलगांव
www.dailypioneer.com



जिला के लिए दशहरा त्योहार की खुशी एक हृदय विदारक घटना की वजह से मातम में बदल गई। एक मनहूस सड़क हादसे में एक नौजवान युवक की मौत हो गई और दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना जशपुर जिले के पत्थलगांव में वन विभाग कार्यालय के सामने मेन रोड में घटी। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक दशहरा के दिन शुक्रवार को दुर्गा विसर्जन के लिए थाने के पास पुराना बाजार से एक रैली निकाली गई जिसे चरखापारा तक विसर्जन के लिए जाना था। रैली दोपहर 12 बजे निकाली गई थी। रैली महज 100-150 कदम चली ही थी कि अचानक रैली की सुरक्षा में लगे पुलिस जवान को छकाते हुए बैरिकेड निकलकर अवैध गांजा से लदी महिंद्रा क्वांटों कार रैली की भीड़ में घुंस आई और बेरहमी से दो दर्जन लोगों को घायल कर दिया जिसमें एक 21 वर्षीय युवक गौरव अग्रवाल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद काफी चीख पुकार और अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने लगभग 5 किलोमीटर दूर दौड़ाकर कार को पकड़ा और उसमें सवार चालक बब्लू विश्वकर्मा और शिशु पाल साहू दोनों ही मध्यप्रदेश निवासी को बेदम पीटा। आक्रोशित भीड़ गाड़ी के पास पहुंची और उसे आग के हवाले कर दिया। घटना के तुरंत बाद पत्थलगांव स्वफूर्त बंद हो गया।

### दुर्घटना में घायल 4 मरीजों का रायगढ़ में इलाज जारी, स्थिति पहले से बेहतर

**रायगढ़।** जशपुर जिले के पत्थलगांव में सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों के बेहतर उपचार के निर्देश मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिए हैं। घायल 04 मरीजों को बेहतर इलाज के लिए रायगढ़ रेफर किया गया। जिसमें 03 मरीजों का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज जारी है। उनकी स्थिति पहले से बेहतर है। एक मरीज के सिर में चोट आने पर उसका आपरेशन एक निजी अस्पताल में न्यूरोसर्जन द्वारा किया गया है तथा उसकी भी स्थिति पहले से बेहतर है। उसे उचित देख रेख के लिए आईसीयू में रखा गया है। डॉक्टर्स लगातार उनकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। पत्थलगांव, जशपुर से सड़क दुर्घटना में घायल 04 मरीजों को 15 अक्टूबर 2021 को रात को मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया था।यहाँ आपातकालीन चिकित्सा विभाग में भर्ती कर मरीजों का ईलाज किया जा रहा है। 04 मरीजो में से साहनी राठिया को सिर में चोट पायी गई है तथा करन सिंह को दाहिने पैर में चोट पाया गया है राज कुमार को कंधे में चोट है। इन तीनो मरीज का संबंधित विभाग के चिकित्सकों द्वारा ईलाज किया जा रहा है तथा वर्तमान में इनकी स्थिति स्थिर है। चौथे मरीज जनता राम के सिर में अंदरूनी चोट पाये जाने पर न्यूरो सर्जन के द्वारा उपचार के लिये हायर सेंटर रिफर किया गया। सुबह 04 बजे उन्हें आपरेशन के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उनका आपरेशन किया गया। मरीज की हालत पहले से बेहतर है। ऑपरेशन के बाद मरीज को आईसीयू में रखा गया है। डॉक्टर लगातार उनकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### सांसद और ओपी चौधरी ने दिया धरना



रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी सांसद गोमती साय और बीजेपी के नेता ओपी चौधरी पत्थलगांव हादसे को लेकर शनिवार को पत्थलगांव पहुंचे और आंदोलन शुरू कर दिया। उन्होंने धरना देकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, शासन-प्रशासन के सहयोग के बिना गांजा तस्कर दिन-दहाड़े सड़क पर गाड़ियां नहीं चलाते और भीड़ को नहीं रौंदते। गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जब प्रदेश की सरकार यूपी में जाकर 50 लाख मुआवजा दे सकती है तो पत्थलगांव के भाई को 1 करोड़ क्यों नहीं दे सकी। मृतक के परिवार को एक सरकारी नौकरी और घायलों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की जा रही है।

### टीआई अटैच, एएसआई सस्पेंड

कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने बताया कि प्रशासन परिजनों के साथ खड़ी है। घायलों का प्रशासन हर संभव सहायता कर रही है। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि प्रशासन का पूरा अमला घायलों को पूरा सहयोग प्रदान कर रहे हैं। डाक्टरों ने जानकारी देते हुए बताया है कि 12 घायल मरीजों का ईलाज पत्थलगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया जा रहा है और 4 घायल मरीजों को रायगढ़ के जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि घायल मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने देगी। पुलिस प्रशासन ने लापरवाही बरतने वाले टी आई संतलाल अयाम को लाइन अटैच किया है और एसआई के. के. साहू को निलंबित कर दिया है।

### सीएम भूपेश बघेल ने 50 लाख मुआवजा की घोषणा की

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्थलगांव सड़क हादसे के शिकार हुए गौरव अग्रवाल के



परिजनों को 50 लाख मुआवजा देने की घोषणा की है। साथ ही सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के प्रति मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, जशपुर जिले के प्रभारी मंत्री उमेश पटेल और पत्थलगांव विधायक राम पुकार सिंह ने संवेदना व्यक्त करते हुए कलेक्टर से लगातार फोन से सम्पर्क कर घायल व्यक्तियों का हाल चाल जाना और प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास करने को कहा।

### पहले अपना घर सम्भाले, दूसरों पर सवाल न उठाए मुख्यमंत्री : कौशिक

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने मुख्यमंत्री बघेल पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में नशे का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है इन सब पर ध्यान न देते हुए मुख्यमंत्री अब कह रहे है कि पड़ोसी राज्य में नशे के कारोबार को कौन संरक्षण दे रहा है इसकी जांच जरूरी है। खुद की गलती छुपाने के लिए दूसरे को गुनाहगार बताने की कला कोई प्रदेश के मुख्यमंत्री व गृह मंत्री से सीखें। प्रदेश में लगातार हर गली, मोहल्ले, टोला, पारा



में नशे का सामान इस कदर पहुंच रहा है कि इस पूरे गिरोह में जो लोग सक्रिय हैं लगता है कि उनको प्रदेश सरकार की मौन सहमति भी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में गांजे की तस्करी लगातार हो रही है इससे स्पष्ट है कि तस्करों के लिए प्रदेश पूरी तरह से सुरक्षित है और पुलिस की कार्यवाही भी नहीं हो रही है। इन्हें पुलिस प्रशासन का संरक्षण भी मिल रहा है और इस समय गांजे की तस्करी को लेकर पूरे देश में छत्तीसगढ़ की पहचान नशे के नेशनल हाईवे के रूप में हो रही है जो चिंता का विषय है। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान पूरे प्रदेश में चाक चैबंद सुरक्षा व्यवस्था थी उसके बाद भी जिस तरह से गांजे के मामले दर्ज किए गए है तस्कर बेखौफछत्तीसगढ़ में गांजे की अवैध आपूर्ति कर रहे थे और पुलिस केवल दिखावे के लिए कार्यवाही करती रही। जो आंकड़े सामने आए हैं वे बेहद चैकाने वाले है सन् 2020 में महासमुंद जिले में करीब 105 गांजे के मामले दर्ज किए गए लगभग 69.58 क्विंटल गांजा जब्त किया गया जिसकी राशि लगभग 8.51 करोड़ रुपए आंकी गई है। बस्तर में करीब 99 मामलों में लगभग 76.12 क्विंटल गांजा बरामद किया गया है जिसकी राशि लगभग 15.22 करोड़ रुपए की बताई जा रही है। रायगढ़ जिले में 46 व कवर्धा में 40 मामले दर्ज किए गए हैं। उसी तरह से महासमुंद में 2021 में 48 प्रकरण दर्ज किए गए लगभग 56 क्विंटल गांजा जब्त किया गया जिसका सरकारी मूल्य 11.20 करोड़ रुपए आंकी गई है। बस्तर में 45 मामले दर्ज किए गए है जिसमें लगभग 70 क्विंटल गांजा बरामद किया गया है जिसकी राशि 3.50 करोड़ आंकी गई है।

### मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाई : कांग्रेस


पत्थलगांव की दुखद घटना के मृतक के परिजनों को 50 लाख की सहायता देने



की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर कांग्रेस ने कहा कि यह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशीलता है। उन्होंने मृतक परिवार के आंसू पोंछने का काम किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री और सरकार की छवि खराब करने के पीछे भाजपा का किसी प्रकार का राजनैतिक षड़यंत्र तो नहीं है, इन तथ्यों की जांच होना आवश्यक है। घटना के कुछ मिनिट के अंदर ही भाजपा के आईटीसेल के राष्ट्रीय प्रमुख अमित मालवीय ने जिस प्रकार से घटना को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया उसकी भी जांच होनी चाहये।

## कमजोर विदेश नीति के कारण चुनौतियों से जूझ रहा है देश : सोनिया गांधी

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विदेश नीति का इस्तेमाल भी वोट के लिए करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह विपक्ष को साथ लेकर नहीं चलते जिसके कारण विदेश नीति कमजोर पड़ गई हैं और सीमाओं पर देश को चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। गांधी ने शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विदेश नीति के मामले में हमारी हमेशा मजबूत स्थिति रही है। इसकी वजह बताते हुए उन्होंने कहा कि पहले की हर सरकार ने विपक्ष को साथ लेकर देश की विदेश नीति को मजबूत बनाए रखने का निरंतर काम किया है लेकिन मोदी का विपक्ष के प्रति उदासीन और उपेक्षा का रुख है जिसके कारण देश की विदेश नीति कमजोर पड गयी है। उन्होंने कहा कि विदेश नीति के कमजोर होने का ही परिणाम है कि देश को सीमाओं पर चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने पिछले साल विपक्ष के नेताओं के साथ बैठक में देश की सुरक्षा से जुड़े मामले में असत्य बोला था। उन्होंने कहा था कि चीन देश की सीमा में नहीं घुसा है और उनकी इसी चुप्पी का खामियाजा हमको आज तक भुगतना पड़ रहा है।

## लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गये

वार्ता श्रीनगर
www.dailypioneer.com



घाटी में पुलिसकर्मियों की हत्या और 10 सबसे खूंखार वांछित आतंकवादियों की सूची में शामिल लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने बताया कि शनिवार को दक्षिण कश्मीर के अवंतीपुरा उप जिले के पंपोर इलाके में हुयी गोलीबारी में एक अन्य आतंकवादी के साथ आतंकवादी समूह के टॉप कमांडर उमर खांडे मारा गया। द्रंगबाल पंपोर में आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों की संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान पिछले 15 घंटे में तीसरी बार गोलीबारी हुयी। पुलिस ने ट्वीट कर लिखा, दो आतंकवादी ढेर। हथियार और गोला बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद। छानबीन जारी है। गोलीबारी में मारे गये उग्रवादियों में से एक की पहचान खांडे की रूप में हुयी है जिसके बारे में पुलिस ने बताया कि वह श्रीनगर के बघत में दो पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल था। पुलिस ने कहा, उग्रवादी खांडे जिसने हमारे दो साथी एसजीसीटी मोहम्मद यूसुफ और सीटी सुहैल को श्रीनगर के बघत में चाय पीते वक्त शहीद कर दिया था, आज पंपोर के द्रंगबल में ढेर कर दिया गया।

## मनमोहन सिंह डेंगू से पीड़ित, खतरे से बाहर

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह डेंगू से पीड़ित हैं और फिलहाल खतरे से बाहर हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स के सूत्रों ने शनिवार को बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री को डेंगू हुआ है। डा.सिंह की प्लेटलेटस् में वृद्धि हो रही है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री को तबीयत खराब होने के बाद 13 अक्टूबर को नयी दिल्ली के एम्स में भर्ती किया गया था। उन्हें बुखार और कमजोरी की शिकायत के बाद अस्पताल में लाया गया था। डा. सिंह इस साल 19 अप्रैल को कोरोना वायरस से भी संक्रमित हो गए थे। पूर्व प्रधानमंत्री ने चार मार्च और तीन अप्रैल को कोविड टीका लिया गया। वह फिलहाल राजस्थान से राज्यसभा सदस्य हैं। वह 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। साल 2009 में एम्स में उनकी बाईपास सर्जरी भी हुई थी।

## बोस के साथ अन्याय हुआ और पटेल को यथोचित सम्मान नहीं मिला: शाह

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस तथा कई अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को देश में उतना महत्व नहीं मिला जितना मिलना चाहिए था और उनके साथ न्याय नहीं किया गया। शाह ने अंडमान




निकोबार द्वीपसमूह के नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई द्वीप, शहीद द्वीप इको टूरिज़्म प्रोजेक्ट, स्वराज द्वीप वाटर एयरोड्रम और अन्य विकास परियोजनाओं का हवाई सर्वेक्षण भी किया। इस अवसर पर अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल (सेवानिवृत्त) डी के जोशी और केन्द्रीय गृह सचिव समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा, नेता जी और उनके जीवन को देखकर महसूस होता है कि नेताजी के साथ अन्याय हुआ है। आज़ादी के आंदोलन के इतिहास का तेजस्वी ध्रुव तारा, जितना महत्व नेताजी को मिलना चाहिए उतना महत्व उन्हें नहीं मिला।

### प्लेटफार्म नबंर 2 पर डेटोनेटर गिरने से हुआ विस्फोट

## रेलवे स्टेशन में फटा डेटोनेटर, सीआरपीएफ के 4 जवान घायल

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में धमाका होने से सीआरपीएफ के 4 जवान घायल हो गए हैं। शिफ्टिंग के दौरान डेटोनेटर फटने की सूचना मिली है। जवान जम्मू जाने वाले थे, 4 घायलों में से एक जवान गंभीर रूप से घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के प्लेटफार्म नबंर 2 पर डेटोनेटर गिरने से विस्फोट हुआ है। प्रारंभिक सूचना के मुताबिक डेटोनेटर शिफ्टिंग के दौरान डेटोनेटर गिर जाने से यह हादसा शनिवार सुबह हुआ है। फिलहाल सभी घायल जवानों का इलाज निजी अस्पताल में जारी है। वहीं एक जवान की हालत गंभीर बताई जा रही है। रेलवे के अधिकारियों की पुष्टि से पहले छह जवानों के घायल होने की सूचना मिली थी। लेकिन रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक शनिवार सुबह 6.30 बजे झारसुगुड़ा से जम्मू तवी जा रही सीआरपीएफ की स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी



थी जिसमें तीन कंपनी की शिफ्टिंग हो रही थी, सामान लोडिंग के दौरान इगनाइटर सेट और एसडी कार्तिज जो की ट्यूब लान्चिंग में यूज होता है, इसी का एक बाक्स लोडिंग के दौरान स्पेशल ट्रेन के बोगी नंबर नौ के गेट के पास हाथ से छूट गया।

इससे छोटा ब्लास्ट हुआ, जिससे 4 जवान घायल हुए थे, जिनमें से एक हेड कांस्टेबल चवन विकास लक्ष्मण को नारायणा हास्पिटल में भर्ती किया गया है। भर्ती जवान महाराष्ट्र, सतारा का रहने वाला है। अभी जवान का आपरेशन चल रहा है। घायल जवानों में चवन विकास लक्ष्मण, रमेश लाल, रविंद्र कर, सुशील शामिल हैं। शेष तीन जवान फर्स्ट एड लेकर ट्रेन के साथ रवाना हो गए। बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ जवानों की 22 बोगियों का ट्रेन जम्मू जाने के लिए बुक हुआ था।

डमी कारतूस डेटोनेटर से भरा बैग जवान के हाथ से छूटने की वजह से ब्लास्ट हुआ। जिस जवान के हाथ से बैग छूटा वही जवान ज्यादा घायल हुआ है बाकी सभी की स्थिति सामान्य है। मिली जानकारी के मुताबिक तीन कंपनी 65बीएन, बी/80बीएन और जी/211 बीएन की शिफ्ट हो रही थी, ये जवान स्पेशल ट्रेन से जम्मू जा रहे थे, तभी ग्रेनेड डमी कारतूस बाक्स में रखा डेटोनर ट्रेन की बोगी में रखते ही फट गया। इस हादसे में चार जवान घायल हो गए। सीआरपीएफ के आला अधिकारी निजी अस्पताल पहुंचे हैं।

### हेड कांस्टेबल के हाथ-पैर और कमर में चोट

घायल हेड कांस्टेबल चवन विकास लक्ष्मण को रायपुर के नारायणा हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। सर्जन डा.नीरज पांडेय ने बताया कि जवान के कमर, हाथ, पैर और सिर में चोट आई है। सिर में फ्रैक्चर हो गया है। उनका आपरेशन किया जा रहा है। फिलहाल उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। बाकी तीन घायल जवान फर्स्ट एड लेकर ट्रेन के साथ रवाना हो गए हैं।

### लापरवाही नहीं, हादसा: डीआइजी

घायल जवान चवन विकास लक्ष्मण को देखने के लिए अस्पताल पहुंचे सीआरपीएफ के डीआइजी राजकुमार ने बताया कि एक्सप्लोसिव से भरा बाक्स हाथ में छुटने से ब्लास्ट हुआ था। घायल चारों जवान खतरे से बाहर हैं। ट्रेन नागपुर जा रही थी। कई बार सामान ले जाने में झटका लग जाता है। यह सेंसेटिव मटेरियल है। यह लापरवाही नहीं है, किसी सामान को ले जाने के दौरान ऐसा हादसा हो सकता है।

### जमीन कार्ड के नाम पर लोगों को झांसा दे रही चन्नी सरकार: सिसोदिया

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि कांग्रेस की चन्नी सरकार एक'5 मरला जमीन' गारंटी कार्ड देने के नाम पर पंजाब की जनता को



झांसा दे रही है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सिसोदिया ने शनिवार को पंजाब यात्रा के दौरान जालंधर में संवाददाताओं से कहा कि जिस तरह कैप्टन का रोजगार कार्ड फर्जीवाडा था वैसा ही फर्जीवाडा चन्नी सरकार दोबारा पंजाब की जनता के साथ कर रही है। उन्होंने कहा कि मरला जमीन की योजना 1961 में शुरू की गई थी लेकिन आजतक न तो कांग्रेस सरकार ने और न ही पंजाब की किसी दूसरी सरकार ने इसपर अमल किया है और न ही किसी भी व्यक्ति को इस योजना के तहत जमीन मिली है। अब भी चन्नी सरकार लोगों को जमीन नहीं दे रही बल्कि जमीन देने के वादे का कागज देकर पंजाब की जनता को झांसा दे रही है।

## सीडब्ल्यूसी ने देश की सुरक्षा, महंगाई, किसानों के मुद्दे पर जताई गहरी चिंता

एजेंसी नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने देश के राजनीतिक हालात की समीक्षा करते हुए कहा है कि मोदी सरकार की विफलता के कारण देश आर्थिक बदहाली, सुरक्षा, महंगाई और बेरोजगारी जैसी विभिन्न चुनौतियों से चौतरफा घिर गया है और सरकार के लिए इन स्थितियों से निपटना कठिन हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में कार्य समिति की पांच घंटे से ज्यादा समय तक चली बैठक के बाद पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल तथा संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार की नीतियां घातक हैं जिनके कारण देश की स्थिति डावांडोल हो गयी हैं और उसने जनता पर भारी बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि कार्य समिति ने राजनीति, महंगाई तथा किसानों की सस्याओं पर गहन विचार-विमर्श किया और प्रस्ताव पारित कर कहा है कि देश की आंतरिक तथा बाहरी सुरक्षा, महंगाई की मार, बेरोजगार का बढ़ता आंकड़ा, देश के आर्थिक हालात बहुत बिगड़ गये हैं और मोदी सरकार इन चुनौतियों से निपटने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कार्य समिति ने देश की सीमाओं की सुरक्षा की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि लद्दाख में चीन सेना के साथ झड़पों में 20 जवानों के शहीद होने के करीब डेढ़ साल बाद भी चीनी सैनिकों का भारतीय क्षेत्र पर कब्जा जारी है। मुश्किल यह है कि दोनों देशों की सेना के बीच 13 दौर की बातचीत हो चुकी है लेकिन चीन का आक्रामक रुख और पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ नहीं रुक रही है।

राजधानी में 10 जगहों पर उमड़ा जनसैलाब, कोरोना से बचाव नियमों की उड़ी धज्जियां

# एक मैदान में रावण को दो बार जलना पड़ा, पहले कांग्रेस ने फिर भाजपा ने रावण दहन किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत अन्य जिलों में कोरोना महामारी की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने दशहरा पर्व मनाने के लिए गाइड लाइन जारी की थी। दो हजार से अधिक लोगों को प्रवेश नहीं देने और किसी भी तरह का सांस्कृतिक आयोजन नहीं करने, आतिशबाजी नहीं करने जैसे अनेक नियम बनाए थे। राजधानी के सभी दशहरा आयोजनों में नियमों की खुलकर धज्जियां उड़ाई गई। हर आयोजन में हजारों की भीड़ उमड़ी। आयोजन स्थल के आसपास एक-एक घंटे तक लंबा जाम लगने से लोग परेशान हुए। जमकर आतिशबाजी हुई। रामलीला और सांस्कृतिक गीत-संगीत की भी धूम मची। बीटीआई मैदान में दो रावण जलाए गए। पहला रावण कांग्रेस का और दूसरा भाजपा का रावण जला। दोनों ही पार्टी के नेताओं में एक-दूसरे को मात देने की होड़ लगी रही। हालांकि इसमें भाजपा के आयोजन ने बाजी मारी। राजधानी में डब्ल्यूआरएस कालोनी, रावणभाठा, छत्तीसगढ़ नगर, बीटीआइ ग्राउंड, कटोरातालाब, गुढ़ियारी, रामकुंड, चौबे कालोनी समेत 10 जगहों पर रावण दहन किया गया।

### अहंकार का अंत होना तय: रमन

73 साल से लगातार हो रहे खम्हारडीह दशहरा आयोजन समिति के कार्य म में पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह ने कहा कि अहंकारी व्यक्ति को एक न एक दिन झुकना पड़ता है, अहंकार का नाश होता आया है, हम सभी सत्य की राह पर चलें और बुराइयों को त्यागें। पूर्व निगम सभापति संजय श्रीवास्तव ने कहा कि आयोजन को रोकने की कोशिशें नाकामयाब हुई। कुछ लोग नहीं चाहते थे आयोजन हो लेकिन श्रीराम की कृपा से साजिशों का अंत हुआ। बीटीआइ ग्राउंड में कांग्रेस के आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक अमितेश शुक्ल ने कहा कि बुराई का हमेशा अंत होता है। असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक पर्व पर अहंकार त्यागने और अच्छे कर्म करने की सीख लें।

### एक सिर जला, नौ सिर सलामत

कांग्रेस के आयोजन में रात 7.27 बजे रावण को जलाया गया। एक मुख्य सिर ही जल पाया और नौ सिर सलामत रहे। साथ ही दोनों हाथ भी नहीं जले। बाद में पुतले को गिराकर फिर से खाक किया गया। आधे घंटे बाद 8 बजे भाजपा का रावण एक ही झटके में जल गया।

## दशहरा उत्सव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूरे परिवार सहित शामिल हुए

विजयादशमी के मौके पर डब्ल्यूआरएस कालोनी स्थित मैदान में दशहरा उत्सव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूरे परिवार सहित शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री के मंच से हमर भांचा जय श्रीराम की जय जयकारे लगाते ही पूरा दशहरा उत्सव स्थल भगवान श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने डब्ल्यूआरएस मैदान पहुंचकर प ी मुक्ते श्वरी बघेल के साथ रामलीला में भगवान बने श्रीराम और लक्ष्मण की तिलक लगाकर पूजा की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई का, असत्य पर सत्य का, अनीति पर नीति के विजय का पर्व है। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व के माध्यम से रावण का पुतला दहन करना इस बात का द्योतक है कि बुराई और अहंकार चाहे कितनी भी बड़ी और ऊंची हो उसका पतन अवश्य होता है। दशहरा उत्सव स्थल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम का छत्तीसगढ़ से गहरा नाता रहा है। वनवासी के रूप में भगवान राम ने लगभग 10 वर्ष छत्तीसगढ़ में बिताए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ का जन मानस आज भी भांजे के रूप में भगवान श्री राम को देखता है और इसी कारण केवल छत्तीसगढ़ में मामा द्वारा भांजे की चरण स्पर्श करने की परंपरा है। उत्सव में संस्कृति एवं खाद्य मंत्री अमरजीत सिंह भगत, डब्ल्यूआरएस सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति के संरक्षक और शहर के महापौर एजाज ढेबर, विधायक कुलदीप जुनेजा, महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक, डीआरएम श्याम सुंदर गुप्ता, सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति के सलाहकार श्रीनिवास राव समेत अन्य मौजूद रहे। कोलकता और रायपुर के कलाकारों अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन आकर्षक आतिशबाजी के साथ ही रामलीला का मंचन करके किया। मुख्यमंत्री भूपेश सहित उपस्थित नगरवासियों ने इस खूबसूरत और मनमोहक आतिशबाजी का आनंद उठाया। डब्लूआरएस कालोनी रायपुर में डब्ल्यूआरएस सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति और नेशनल क्लब द्वारा संयुक्त दशहरा उत्सव के लिए करीब 51 फीट से उंचा रावण पुतले का निर्माण राजपाल लुम्बा और उसकी टीम कराया।

# छत्तीसगढ़ नशा तस्करों का बना पनाहगाह सड़क पर से मादक पदार्थों की हो रही सप्लाई

झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, एपी और यूपी के तस्करों के लिए छत्तीसगढ़ की सड़कें सुरक्षित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मादक पदार्थों के झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के तस्करों के लिए छत्तीसगढ़ की सड़कें सुरक्षित मार्ग के रूप में विकसित हो गई हैं। हाल के दिनों में नशा तस्करी के साथ अन्य आपराधिक मामलों में जिस तरह से तेजी आई है, उससे कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने वाली संस्थाओं की कार्यशैली, क्षमता और प्रतिबद्धता सवालों में है। छत्तीसगढ़ के जशपुर के पत्थलगांव में गांजा तस्करों की तेज रफ्तार कार ने शुक्रवार को चार लोगों की जान ले ली तथा 20 से अधिक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु बैंड बाजे के साथ माता दुर्गा की मूर्तियां विसर्जित करने जा रहे थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सक्रियता दिखाते हुए शीर्ष अधिकारियों को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने के आदेश दिए, ताकि राहत कार्य में कोई कमी न रहे। उन्होंने किसी भी दोषी ने न बख्शे जाने की घोषणा की है। इसी तरह गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने हादसे में घायल लोगों को प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। इन सबके बावजूद भीड़ में एकाएक सौ किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक की गति की कार जिस तरह से घुसी और देखते ही देखते सड़क पर चल रहे लोगों को रौंद डाला, उससे नशा तस्करों के बेलगाम हो जाने के बारे में कोई संदेह नहीं बचता। दहला देने वाली घटना के बाद एक एएसआइ को सस्पेंड कर थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। हादसे के बाद दोनों अपराधियों को भीड़ ने काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया है, परंतु पूरा घटनाक्रम व्यवस्था को सवालों के घेरे में ले रहा है कि घटना के समय पुलिस क्यों नहीं सक्रिय थी? झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के तस्करों के लिए छत्तीसगढ़ की सड़कें सुरक्षित मार्ग के रूप में विकसित हो गई हैं। हाल के दिनों में नशा तस्करी के साथ अन्य आपराधिक मामलों में जिस तरह से तेजी आई है, उससे कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने वाली संस्थाओं की कार्यशैली, क्षमता और प्रतिबद्धता सवालों में है। स्थानीय पुलिस से साठगांठ कर प्रदेश के रास्ते दिल्ली तक गांजा तस्करी हो रही है। प्रशासनिक संरक्षण के कारण ही तस्करों के हौसले बुलंद हैं और उसी के परिणाम स्वरूप दशहरा के दिन पत्थलगांव जैसी घटना सामने आई है। इन सबके बीच पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने प्रदेश में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा है कि क्या प्रदेश में नशा माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि धार्मिक जुलूस निकालने वालों को इसी तरह कुचल दिया जाएगा? पूर्व मुख्यमंत्री ने मृतकों के स्वजन को 50-50 लाख रुपये मुआवजे की मांग उठाई है, जो पूरी भी हो गई। निश्चित तौर पर मांग के नैपथ्य में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में बघेल द्वारा की गई घोषणा का प्रभाव है।

# रायपुर में पालीथिन से मुक्ति के लिए निकली सदबुद्धि यात्रा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




पालीथिन रूपी रावण को समाप्त करने ग्रीन आर्मी आफ रायपुर ने सदबुद्धि यात्रा निकाली और आम जनता से पालीथिन का उपयोग नहीं करने की अपील की। प्रवक्ता शशिकांत यदु ने बताया कि ग्रीन आर्मी आर्मी आफ रायपुर द्वारा विजय दशमी के पर्व पर शहर में पालीथिन मुक्ति हेतु सद्बुद्धि यात्रा निकाली गई। यह रैली श्री बजरंग मंदिर सार्वजनिक न्यास ब्राम्हण पारा द्वारा स्थापित मां दुर्गा की महाआरती एवं मंत्रोपचार के पश्चात निकाली गई। रैली ब्राम्हण पारा से आजाद चौक, से अम्बा मंदिर सत्ती बाजार से बैस गली हनुमान मंदिर, कंकाली पारा मंदिर से सुहागा मंदिर होते हुए आजाद चौक में समाप्त हुई। रैली के मध्य आने वाले प्रत्येक दुर्गा पंडाल एवं मंदिरों में पालीथिन मुक्ति हेतु संस्था के सदस्यों द्वारा मंगल कामना की गई। ठेलों, गुमटीयों, एवं दुर्गा पंडालों में पालीथिन मुक्ति का पेपर स्टीकर लगाया गया। साथ ही राहगीरों एवं घर घर में पेपर बैग का वितरण किया गया। रैली में पूर्व महापौर वर्तमान सभापति प्रमोद दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों में जागरूकता लाना था। सभापति प्रमोद दुबे ने कहा पालीथिन मुक्ति हेतु शासन प्रशासन अपने स्तर पर कार्य कर रही है किन्तु ग्रीन आर्मी के इस मुहिम से लोगों मे जागरूकता देखने को मिल रही है। केवल कार्यवाही मात्र से काम नही चलेगा। इस मुहिम से लोग जागरूक होंगें और पालीथिन के उपयोग में कमीआएगी।, हम पर्यावरण हेतु आपके साथ है शहर प्रदुषण मुक्त हो इसके लिये हमने नो वेहीकल डे भी चालू किया है, जिसमें ग्रीन आर्मीवसंस्था का सहयोग मिलता है। संस्था के संस्थापक अमिताभ दुबे ने कहा कि ग्रीन आर्मी आफ रायपुर द्वारा लगातार विभिन्न माध्यमों से पालीथिन पाबंदी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।शहरवासी हमारा साथ दे ताकि हम रायपुर शहर को पालीथिन मुक्त कर सके और पर्यावरण का संरक्षण कर सके। कार्यक्रम के दौरान आजाद चौक में पालीथिन से बने रावण का दहन किया गया।

## कूटरचित दस्तावेज तैयार धोखाधड़ी का मामला सामने आया

**फर्जी हस्ताक्षर कर कंपनी के डायरेक्टर पद से हटाया, बैंकों में रखी जमीन गिरवी**

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र में कूटरचित दस्तावेज तैयार धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ 420, 467, 468, 471 और 34 के तहत अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है। टिकेश चंद्राकर, आनंद अग्रवाल, गिरीश और परेश अग्रवाल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। खम्हारडीह थाने में प्रार्थी अंकित जिंदल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। अंकित ने बताया कि टिकेश चंद्राकर, आनंद अग्रवाल, गिरीश और परेश अग्रवाल संयुक्त रूप से सागर एग्रीकल्चर एंड प्रा.लि. के नाम से देवेंद्र नगर, अनुपम नगर में 1986 से कंपनी संचालित कर रहे थे। प्रार्थी और आरोपित सभी कंपनी के डायरेक्टर थे। आरोपितों द्वारा प्रार्थी का त्याग पत्र तैयार कर फर्जी हस्ताक्षर कर 2012 में डायरेक्टर पद से हटा दिया गया। इसके बाद कंपनी की जमीन को अलग-अलग बैंकों में गिरवी रख दिया गया। इसके अलावा कंपनी के नाम पर स्थित जमीनों को बेचने की कोशिश की जा रही।

# महीने के अंत में निगम की सामान्य सभा बुलाने की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक अक्टूबर महीने के अंत में कराने की तैयारी चल रही है। दरअसल पिछले दिनों भाजपा पार्षद दल ने वार्डों में व्याप्त समस्याओं पर चर्चा को लेकर सभापति प्रमोद दुबे से सामान्य सभा की बैठक आयोजित करने की मांग की थी। विपक्ष का आरोप था कि पूर्व की सामान्य सभा में भी सभी वार्डों की समस्याओं को लेकर अलग से चर्चा कराने समय मांगा गया था लेकिन आज तक वह समय नहीं मिल पाया। सामान्य सभा की बैठक बुलाने से महापौर बच रहे है। विपक्ष की मांग को ध्यान में रखकर सत्तापक्ष ने सामान्य सभा आयोजित करने के संकेत दिए है। इसे लेकर निगम के अधिकारियों को महीने के अंत में सामान्य सभा की बैठक करने तैयारी के निर्देश दिए है।नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे रायपुर के 70 वार्डों में विकास की हालत काफी दयनीय बताते हुए पूर्व की सामान्य सभा में भी भाजपा पार्षद दल की ओर से सभी वार्डों की समस्याओं को लेकर अलग से चर्चा करने का समय महापौर और सभापति से मांगा था,परंतु यह समय आज तक वह नहीं मिल पाया। इस पर पिछले दिनों मीनल चौबे ने महापौर एजाज ढेबर पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया था कि एक तरफ महापौर शहर में विकास की गंगा बहाने के दावे करते हैं, परंतु पार्षद दल जब उनसे समस्याओं पर चर्चा करना चाहते है तो सामान्य सभा के आयोजन में रुचि नहीं दिखाते है। चंद घंटे की बारिश में पूरे शहर ने देखा है कि किस तरह से शहर जलमग्न होकर तालाब बन जाते थे, जबकि इससे पहले महापौर नाली और नाले चौड़ीकरण के बड़े-बड़े दावे करते रहे। भाजपा पार्षद दल का आरोप है कि शहर के चौक-चौराहों का सुंदरीकरण को ही महापौर शायद शहर का विकास समझते हैं। यह साफ बताता है कि वे जिम्मेदारी से मुंह चुराना चाहते हैं। इसीलिए भाजपा पार्षद दल ने अपने संवैधानिक अधिकार के तहत सामान्य सभा बुलाकर वहां अपनी बात रखने सभापति प्रमोद दुबे से अनुरोध किया था।

**सभापति से बैठक बुलाने की मांग**

शहर की समस्याओं को लेकर चर्चा करने के लिए निगम की सामान्य सभा की बैठक बुलाने की मांग भाजपा पार्षद दल ने सभापति से मिलकर की है। फिलहाल अभी तक इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। **-मिनल चौबे,** नेता प्रतिपक्ष-रायपुर नगर निगम

## फ़ाफडीह की महिलाओं ने आंगन में ही गरबा का आयोजन किया



**रायपुर।** करोना के चलते पिछले साल गरबा का आयोजन नहीं हो पाया था इस बार भी सरकार के सख्त नियमों के चलते गरबा आयोजन में बहुत सी पाबंदियां रही है इसलिए फ़ाफडीह की महिलाओं ने अनूठा रास्ता निकाला और घर के सामने आँगन में ही गरबा का आयोजन किया । नेहा व्यास व नेतल जैन ने बताया कि हम आसपास की महिलाएँ व बच्चे घर के सामने ही सीमित संसाधन में गरबा खेल रही है । यहाँ बाहरी लोगों का आना सख्त मना है इस तरह हम अपनी परम्परा भी निभा रही और करोना से अपना व परिवार का बचाव भी कर रहे।

# मैट्स के फैशन डिजाइनिंग विभाग में ओरिएंटेशन द वेलकम आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मैट्स यूनिवर्सिटी के फैशन डिजाइनिंग विभागम में ओरिएंटेशन द वेलकम का आयोजन किया गया। कार्य म का शुभारम्भ मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति गजराज पगारियाजी, उपकुलपति प्रोफेसर के पी यादव, प्रति उपकुलपति दीपिका ढांड , महानिदेशक प्रियेश पगारियाजी, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडाजी, फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष परविंदर कौर द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती माता की पूजा-आराधना करते हुए किया गया हर साल के जैसे ही इस साल भी नये बच्चों के लिए स्वागत कार्य म का आयोजन किया गया लेकिन इस साल कुछ खास और नया करना था क्योंकि बच्चो में कोरोना का सबसे बुरा असर पड़ा है और इसे भुलाने और नये जोश नयी उमंग के साथ आगे बढ्ने के लिए मैट्स यूनिवर्सिटी के फैशन डिजाइनिंग विभाग ने पंद्रह दिवसीय ओरिएंटेशन द वेलकम 2021 आनंदमय कार्य म का आयोजन किया आयोजन का उद्देश्य बच्चो के अंदर से कोरोना का डर निकालना, हर्ष, उल्लास, नयी जोश, नया लक्ष्य और खुशी की मुशकान बनाए रखना तथा आगे उनकी पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं के बारे मे चर्चा करने के लिए किया गया इस प्रोग्राम मे 15 दिन अलग अलग कार्य म किए गए जिसमे विभाग का प्रस्तुतीकरण,फैशन और इंटीरियर का परिचय एवं स्कोप के बारे में विभाध्यक्ष श्रीमती परविंदर कौर जी ने बताया,विषय और परीक्षा के बारे मे प्रीति भट्ट एवं सत्यम विश्वकर्मा, स्केचिग के बारे मे बताया गया, फोटोग्राफी विषय में कैरियर संभावनाओं के बारे में आशुतोष मिश्रा ने जानकारी दी, कार्य म को रुचिपूर्ण और आकर्षक बनाने के लिए प्रॉडक्ट डिजाइनिंग वेस्ट मटेरियल द्वारा म्यूराल मेकिंग, ड्रेपिंग सिखाया गया इसी कड़ी में डॉ गगनदीप सिंग सलूजा ने पेर्सनलिटी व्यक्ति त्व विकास और रिसर्च प्रोग्राम के लिए प्रोत्साहित किया कुलपति गजराज पगारिया ने भारत के आने वाले भविष्य युवा पीढ़ी का अपने मीठे और मधुर प्रेरणात्मक शब्दों से समस्त विद्यार्थियों का मैट्स यूनिवर्सिटी मे स्वागत किया और कहा की कोरोना के प्रभाव से उबरना है और आगे बढ़ना है और प्रेरित किया कि शिक्षा की गतिविधि डगमगाई जरूर है लेकिन हमे उसे वापस उसी दिशा मे लेके आना है उपकुलपति प्रोफेसर के पी यादव ने नयी शिक्षा नीति के बारे मे बच्चों को अवगत कराया और कहा कि अपने रुचि के अनुसार पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया प्रति उपकुलपति दीपिका ढांड ने सोश्ल मीडिया का सदुपयोग समय का सदुपयोग और अपने पास उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग करने को कहा महानिदेशक प्रियेश पगारिया ने युवा पीढ़ी को अपने जोशपूर्ण शब्दों से संबोधित किया और कहा जीवन में समय, अनुशासन और व्यवसाय से जुड़ी बातें साझा की कुलसचिव गोकुलानंदा पंडाजी ने यूनिवर्सिटी के मिशन, विजन और मैट्स यूनिवर्सिटी के इतिहास से संक्षिप्त में अवगत कराया विभागाध्यक्ष परविंदर कौर ने बच्चों से कहा कि एक सही फैसला हजारों गलत रास्ते बंद कर देता है और फैशन और इंटीरियर आज के दिन मे और आने वाले दिनों में अपना काम और नाम कभी बंद नहीं होगा अंत में समस्त अतिथियों ने विद्यार्थियों की उज्ज्वल और मंगलमय जीवन की कामना करते हुये शुभाशीष दिया और कार्यक्रम का सफलता पूर्वक सम्पन्न किया।

## शराब दुकान पास मामूली विवाद पर एक युवक की चाकू मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत भनपुरी स्थित शराब दुकान पास मामूली विवाद पर एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में आरोपित ओ. रविंद्र को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की। खमतराई थाने में मृतक विशाल ध्रुव उर्फ झड़ी के चचेरे भाई नरेश ध्रुव ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। 15 अक्टूबर शुक्रवार शाम को प्रार्थी व उसका चचेरा भाई विशाल ध्रुव उर्फ झड़ी एक साथ देसी शराब भट्ठी भनपुरी शराब लेने गए थे। जहां पर लाइन में लगे थे। इसी दौरान ओ रविंद्र वहां पहुंचा और लाइन लगने की बात पर विशाल से विवाद करने लगा। विवाद होने पर रविंद्र वहां से विशाल को खींचकर बगल दीवाल के पास ले गया और अपने पास रखें धारदार हथियार से जान से मारने की नियत से विशाल पर वार करने लगा। विवाद देख नरेश बीच-बचाव करने पहुंचा तो रविंद्र वहां से भाग गया। घटना से विशाल के बाएं जांघ के पास व दाहिना हाथ के पास चोट आई। वह लहू-लूहान होकर वहीं बेहोश होकर गिर गया। जिसे तुरंत इलाज के लिए वहीं पास के एक निजी अस्पताल ले गया, जहां पर इलाज के बाद डाक्टरों ने आंबेडकर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां पर डाक्टर द्वारा चेक करने पर विशाल ध्रुव ऊर्फ झड़ी की मृत्यु होना बताया गया। जिस पर आरोपित के विरूद्ध थाना खमतराई में अपराध हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। थाना खमतराई पुलिस की टीम द्वारा आरोपी के छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार दबिश दी। अंततः आरोपी रविंद्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हत्या की घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार जब्त किया।

छछान पैरी के 18 एकड़ में औषधीय पौधे की जगह एलोवेरा, मुनगा, लेमनग्रास आदि का बीज लगाया जाएगा

# खाली पड़ी 60 एकड़ शासकीय जमीन पर रोपे जा रहे औषधीय पौधे

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायतों में खाली पड़ी शासकीय जमीन पर महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत 60 एकड़ में औषधीय पौधे लगाने का काम शुरू हो गया है। रायपुर जिले के 12 पंचायत अब औषधीय पौधों से गुलजार होंगे। लेमन ग्रास, अश्वगंधा, मिंट, एलोवेरा आदि पौधों को ज्यादा से ज्यादा मात्रा में लगाए जाएंगे। क्योंकि ये पौधे स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम होते हुए भरपूर मात्रा में आक्सीजन प्रदान करते हैं। औषधीय पौधे लगाने एवं देखरेख का काम स्व. सहायता समूह की महिलाओं को सौंपा गया है। जिला पंचायत के अधिकारी ने बताया कि अभनपुर ब्लाक के टेकारी में पौधरोपण का काम शुरू कर दिया गया है। ज्ञात हो कि कोरोना संक्रमण की वजह से औषधीय पौधों की मांग बढ़ी है। औषधीय पौधे से लोग अपनी बालकनी से लेकर घर की खाली पड़ी जमीन में लगा रहे हैं। इसलिए शासन ने निर्णय लिया है कि जिले में खाली पड़ी जमीन पर औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए जिला पंचायत ने अभनपुर ब्लाक स्थित टेकारी में 10 एकड़ भूमि में लेमनग्रास, ग्राम पंचायत आमदी में 05 एकड़ भूमि पर मुनगा के साथ अश्वगंधा रोपण कार्य किया जा रहा है। तिल्दा ब्लाक के ओटगन में 15 एकड़ में वृक्षारोपण के साथ इंटर क्रापिंग कर औषधीय पौधों का रोपण किया जा रहा है। विकास खंड आरंग स्थित सोनपैरी में 05 एकड़, पचेड़ा में 05 एकड़, छटेरा में 05 एकड़, धरसींवा ब्लाक के तरेंगा में 05 एकड़ में जमीन तैयार कर औषधीय पौधे लगाने की तैयारी की जा रही है। जिला पंचायत के अधिकारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त छछान पैरी के 18 एकड़ में औषधीय पौधे की जगह एलोवेरा, मुनगा, लेमनग्रास आदि का बीज लगाया जाएगा। इसमें एक दो-दो एकड़ में एक प्रजाति के बीज लगाए जाएंगे। पौधे की देखभाल का जिम्मा महिला स्व. सहायता समूह की महिलाओं को दिया गया है।

स्व. सहायता समूह की महिलाएं पौधे तैयार कर उसके प्रोडक्ट को बाहर बेंच सकेंगी। इसके एक तरफ महिला समूहों को रोजगार मिलेगा तो वहीं दूसरी तरफ उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा।

**औषधीय पौधे की महत्ता**

गिलोय -यह पौधा एक शामक औषधि है जिसका ठीक तरह से प्रयोग करने पर कफ, खांसी, पित्त,से होने वाली बीमारियों से छुटकारा मिलता है। गिलोय के इस्तेमाल करने से इम्युनिटी पावर ठीक होता है।

एलोवेरा -यह एक आयुर्वेदिक जड़ी बूटी है। जो इयुनिटी पावर को ठीक करने के साथ -साथ लड शुगर, एसिडिटी को कम करने में मदद करता है। एलोवेरा में विटामिन ए व सी और ई काफी मात्रा में पाए जाते हैं। एलोवेरा रक्त का संचार बढ़ाने में भी सहायक होता है।

# एलन के ऋषभ गहरवार बने जेईई-एडवांस्ड 2021 के टॉपर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



आईआईटी खडगपुर द्वारा आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर इतिहास रचा है। कोविड की विषम परिस्थितियों के बावजूद एलन स्टूडेंट्स ने बेहतर ही नहीं बल्कि रिकॉर्ड परिणाम दिए हैं। एलन नागपुर के सेंटर हेड आशुतोष हिसारिया के अनुसार-भिलाईवासी, नागपुर सेंटर के छात्र ऋषभ गहरवार ने ऑल इंडिया 110 रैंक लेकर छत्तीसगढ़ राज्य मे टॉप किया है। ऋषभ ने जेईई मेन परीक्षा में भी छत्तीसगढ़ में पहली रैंक हांसिल की थी। ऋषभ भिलाई का रहने वाला हैं, उनके पिताजी भिलाई स्टील प्लांट में जनरल मैनेजर हैं और माताजी गृहणी हैं। छात्र ऋषभ के अनुसार - जेईई-एडवांस्ड की तैयारी के लिए मेरे घर के सपोर्ट के अलावा एलन नागपुर के टीचर्स के साथ साथ एलन के सिस्टम ने काफी सपोर्ट किया जिससे मैं परीक्षा में अच्छे परिणाम ला पाया। एलन जॉइन करने के बाद मेरी 5 घंटे की क्लास और 7 घंटे का सेल्फ स्टडीज रहता था। यहां पर पढने् के बाद मेरे कॉन्सेप्ट्स काफी स्ट्रॉन्ग हुए और रेगुलर ऑल इंडिया टेस्ट से मुझे पता चलता रहता था कि मुझे अभी और मेहनत की जरूरत है। टीचर्स ने कोविड-19 के समय भी मेरी तैयारियों में हर मुमकिन मदद की। एलन जॉइन करने के बाद मुझे पढ़ाई करने का सही तरीका पता चला और मैं पहले से बेहतर होता गया। टीचर्स के सही मार्गदर्शन के कारण मैं इस परीक्षा में सफल हो पाया। ऋ षभ आईआईटी में कंप्यूटर साइंस ब्रांच से इंजीनियरिंग करना चाहते हैं। एलन रायपुर सेंटर हेड कुनाल सिंह के अनुसार - विद्यार्थियों की मेहनत और एलन सिस्टम से ये संभव हो सका है। छत्तीसगढ के विद्यार्थी अयोन घोष ने एआईआर 135 और अंशुल वर्मा ने एआईआर 147 प्राप्त की है। एलन के क्लासरूम स्टूडेंट आदित्य अर्णव सिंह ने 9वीं, मनप्रीत सिंह ने 12वीं, अनंत किदांबी ने एआईआर 13, अभय ने 14 एवं तनय विनीत तायल ने 15वीं एआईआर रैंक हासिल की।

विभागीय जांच में प्राथमिक तौर पर शिकायतें सही पाए जाने पर बीईओ एवं बीआरसी पर हुई कार्यवाही

# कलेक्टर ने सूखा राशन एवं छायाचित्रों के वितरण में अनियमितता के लिए बीईओ एवं बीआरसी को हटाया

**पायनियर राष्ट्रीय अखबार में सबसे पहले में 01 व 02 अप्रैल को प्रमुखता से किया गया था प्रकाशित**

- **कमिश्नर के समक्ष निलंबन हेतु भेजा गया प्रस्ताव**

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com


स्कूलों में राजनेताओं के छाया चित्र सप्लाई के बहाने किया जा रहा शासकीय राशि का बंदरबांट

4 फोटो के बदले दिया जा रहा 4900 का बिल

- जिले में 1227 प्राथमिक व 605 मिडिल स्कूलों से 91 लाख रुपये से ज्यादा के शासकीय राशि के दुरुपयोग का मामला

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलो से राजनेताओं के छाया चित्र सप्लाई के नाम लाखों रुपये की उगाही की बात सामने आ रही है। जिले में 1227 प्राथमिक व 605 मिडिल स्कूलो से 91 लाख रुपये से ज्यादा के शासकीय राशि के दुरुपयोग का मामला सामने आया है, इन चार छाया चित्रों में राज्यपाल छत्तीसगढ़ शासन अनुसुईया उइके, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, शिक्षा मंत्री एवं आदिमजाति विकास मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम, एवं पंडित रविशंकर शुक्ल, सौजन्य छतीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम लिखा हुआ है। मिली जानकारी अनुसार जिले में राजधानी रायपुर की फर्म आदित्य इंटरप्राइसेस के द्वारा प्रत्येक माध्यमिक व प्राथमिक स्कूलों में 4 फोटो की सप्लाई की गई है, उक्त सौ- सौ रुपए के 4 छाया चित्र के बदले 4900 रुपये का बिल प्रत्येक स्कूल में दिया गया है, उक्त बिल के एवज में नगद भुगतान के लिए दबाव बनाया जा रहा है। वहीं संकुल समन्वयकों का कहना है कि उनके पास बिल बीआरसी के माध्यम से प्राप्त हुआ है, जिसे वे स्कूल प्रबंधन को दे रहे है, एवं बीआरसी कोण्डागाँव अवधेश पाण्डे ने जानकारी पूछने पर कहा कि उक्त सप्लाई बड़े नेताओं द्वारा किया जा रहा है मैं किसी का नाम नहीं बता सकता। बहरहाल ये बात तो तय है कि चिटफण्ड का साया शासकीय कार्यालयों में भी अपनी जड़ें जमा चुका है।जो कभी सूखा राशन तो कभी छाया चित्र के नाम योजनाओं को क्रियान्वित कर शासकीय राशि का बंदरबांट की बाते सामने आती रहीं हैं।अब देखने वाली बात है कि इन मामलों पर कब तक कार्यवाही हो पाती है ताकि योजनाओं के राशि का दुरुपयोग व बंदरबांट न हो सके।

ADITYA ENTERPRISES

मीडिया के माध्यम से छायाचित्र स्कूलों में वितरण व उसके बदले कही बिलिंग की बात सामने आई है,मामले पर डिप्टी कलेक्टर बीआर ध्रुव को जांच कर तत्काल मामले पर जानकारी उपलब्ध कराने कहा गया है.....

-पुष्पेन्द्र मीणा
कलेक्टर कोण्डागांव।

जिले में लगातार सूखे राशन के वितरण एवं महापुरुषों के छायाचित्र के बाजार मूल्य से अधिक दर पर स्कूलों को वितरण किए जाने की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दोनों ही मामलों हेतु एसडीएम के द्वारा जांच के निर्देश दिए थे। जिसकी जांच रिपोर्ट आने पर कलेक्टर ने जांच प्रतिवेदन के अनुसार प्राथमिक तौर पर कोण्डागांव के बीईओ एवं बीआरसी को उचित कार्यवाही ना करते हुए योजनाबद्ध रूप से वित्तीय अनियमितता हेतु पद से पृथक्करण के निर्देश दिए हैं।

जिसके तहत कोण्डागांव में प्रभारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ व्याख्याता संदीप श्रीवास्तव एवं बीआरसी कोण्डागांव के रूप में पदस्थ प्रधान पाठक अवधेश पांडे को तत्काल प्रभाव से अपने पदों से पृथक करते हुए उनकी मूल स्थापना में पदस्थ कर दिया गया है। जिसके पश्चात संदीप श्रीवास्तव को उनकी मूल स्थापना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनाबाल एवं अवधेश पांडे को शासकीय उच्च माध्यमिक शाला बोलबोला में पदस्थ किया गया है।

उल्लेखनीय है कि लिखित शिकायतों के माध्यम से कोण्डागांव के विभिन्न स्कूलों में महापुरुषों के छायाचित्र बाजार मूल्य से अधिक दर पर बिना किसी शासकीय आदेश के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में भेज कर बिलों के भुगतान हेतु दबाव डाले जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई थी। उसकी जांच में पाया गया कि योजनाबद्ध तरीके से इस वित्तीय अनियमितता हेतु कार्य किया गया था। वहीं सूखे राशन के वितरण हेतु भी लिखित शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर ने जांच हेतु निर्देशित किया था। जिसकी जांच में सुखा राशन वितरण में भी गंभीर अनियमितताओं की शिकायत को सही पाया गया।

जिस पर कलेक्टर ने पद पृथक्करण के पश्चात बस्तर संभाग के आयुक्त को पत्र द्वारा बीईओ एवं बीआरसी को जांच प्रतिवेदन के आधार पर गंभीर आरोपों का दोषी मानते हुए निलंबित करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया है। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने सभी विकास खंडों में हो रहे खाद्यान्न वितरण की जांच हेतु एसडीएम स्तर पर जांच के निर्देश दिए हैं।

# माता की डोली व छत्र का स्वागत करने उमड़ा भक्तों का सैलाब



पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा से आई मावली माता के छत्र व डोली के स्वागत के लिए मंगलवार शाम सड़कों पर भक्तों सैलाब उमड़ पड़ा। गीदम रोड स्थित जिया डेरा तक मांझी, मुखिया देवी के स्वागत के लिए गए और उन्हें लेकर राजमहल की ओर लौटे।

रास्ते भर माता के जयकारे लगते रहे। गीदम रोड से संजय बाजार तक छत्र को नमन करने होड़ लगी रही। कुटरू बाड़ा के पास बने स्वागत स्थल पर राज परिवार के लोगों व माता के पुजारियों ने माता की डोली कंधे पर उठाया। दंतेश्वरी मंदिर के लिए निकली इस शोभायात्रा के दौरान आगे आगे आंगा देव झूमते रहे। यात्रा के आगे लगातार आतिशबाजी होती रही। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए काफी संख्या में सुरक्षाकर्मी मौजूद थे। परंपरागत पहनावे के साथ मुंडाबाजा वादक शहनाई की धुन के साथ डोली लेकर राजमहल परिसर पहुंचे। यहां सिंहड्योढ़ी तक लोगों ने फूलों की वर्षा कर मावली माता स्वागत किया। माता के छत्र को देखने व प्रणाम करने के लिए लोग उमड़ पड़े। इस दौरान दंतेश्वरी माता के छत्र को चंदन का लेप लगाकर व नए वस्त्र से ओढकर फूलों से ढक दिया गया। छत्र के स्वागत के लिए युवा आयोग अध्यक्ष व माटी पुजारी कमलचंद्र भंजदेव, सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष दीपक बैज, संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, नारायणपुर विधायक चन्दन कश्यप, कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र, कलेक्टर रजत बंसल सहित जनप्रतिनिधिगण व हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## जमकर आतिशबाजी

दंतेश्वरी मंदिर के पास मावली माता के स्वागत के लिए जमकर आतिशबाजी की गई। पूरा आसमान रोशनी से जगमगा उठा।

# दलपत सागर में पहुंचने लगा इंद्रावती नदी का पानी, किया गया परीक्षण

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



दलपत सागर में अब इंद्रावती नदी का पानी पहुंचने लगा है। गुरुवार को इसका परीक्षण किया गया। बस्तर दशहरा के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने बस्तर प्रवास के दौरान इसका शुभारंभ करेंगे। कलेक्टर रजत बंसल ने दलपत सागर को साफपानी से भरने हेतु किये गए इस कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी, सहायक कलेक्टर सुरुचि सिंह , अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, नगर निगम आयुक्त प्रेम पटेल, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता राजीव बतरा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता देवांगन सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

दलपत सागर को संरक्षित करने की दिशा में उठाए गए कदम के तहत इन्द्रावती नदी के बहते साफ पानी को दलपत सागर में भरने की यह कवायद की गई है। इसके तहत पावर हाऊस चौक में जल आवर्धन योजना के तहत स्थापित इंटेकवेल में 75-75 एचपी के दो पम्प स्थापित किए गए हैं और 400 मिलीमीटर व्यास की 700 मीटर पाइप लाईन के माध्यम से इन्द्रावती नदी का पानी दलपत सागर में पहुंचाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि ऐतिहासिक दलपत सागर जलकुंभी के कारण न केवल अपनी सुंदरता खो रहा था, बल्कि यह अपना अस्तित्व भी खो रहा था। दलपत सागर के अस्तित्व को बचाने के साथ ही इसकी सुंदरता को निखारने के लिए बस्तर जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। घरेलू उपयोग में आने वाली जल के बड़ी मात्रा में पहुंचने के कारण दलपत सागर में जलकुंभी बड़े पैमाने पर पनपी थी। इस जलकुंभी को निकालने के लिए प्रशासन और सामुदायिक प्रयास किए गए जलकुंभी को निकालने के लिए जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम को 75 लाख रूपए की लागत से एक मशीन भी उपलब्ध कराई गई है, जिसके उपयोग के कारण दलपत सागर अब काफी साफदिखाई दे रहा है। वहीं दलपत सागर में जलकुंभी फिर से न पनपे, इसके लिए दलपत सागर में आने वाली दूषित जल को रोकने की कार्यवाही भी की जा रही है। दूषित जल को यहां आने से रोकने पर दलपत सागर में होने वाली जल स्तर की कमी को देखते हुए इन्द्रावती नदी के साफ पानी से भरने की कवायद की गई है।

## एसटीपी का परीक्षण शुरू

उल्लेखनीय है कि जगदलपुर में रोजाना उपयोग में आने वाले घरेलू पानी के निस्तारण की दिशा में भी कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जगदलपुर में दस आउटलेटों के माध्यम से पानी दलपत सागर और इन्द्रावती नदी में सीधे पहुंचता है और उसे दूषित कर देता है। इन्द्रावती और दलपत सागर को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए बालीकोंटा में लगभग 54 करोड़ रूपए की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की गई है, जिसका परीक्षण शुक्रवार 15 अक्टूबर से प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह भी उल्लेखनीय है कि जगदलपुर से प्रतिदिन लगभग 8 एमएलडी प्रदूषित जल की निकासी होती है तथा इस दूषित जल के ट्रीटमेंट के लिए बालीकोंटा में 25 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है। बालीकोंटा तक यहां के दूषित जल को पहुंचाने के लिए लगभग 10 किलोमीटर लम्बी पाइप लाईन बिछाई गई है।

# संसदीय सचिव शोरी, सीएम के सलाहकार तिवारी और कलेक्टर ने किया गांधी ग्राम कुलगांव का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



कांकेर विकासखण्ड के ग्राम कुलगांव को गांधी ग्राम के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसके निर्माण कार्यो को संसदीय सचिव एवं कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिशुपाल शोरी, मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी और जिले के कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। गांधी ग्राम कुलगांव में कृषि विभाग द्वारा भूमि समतलीकरण कार्य, उद्यानिकी विभाग द्वारा मशरूम उत्पादन, बीज इकाई, सामुदायिक बाड़ी में केला, पपीता एवं सब्जियां उत्पादन करने, कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा मछली आहार संयंत्र स्थापित करने, मुर्गी पालन शेड निर्माण, ग्राम पंचायत कुलगांव द्वारा कार्यालय कक्ष, गांधी ग्राम का गेट निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण, दस कॉम्पलेक्स निर्माण, गौठान में बोर खनन, लाईट की व्यवस्था, गार्डन निर्माण और नया पंचायत भवन निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिसका निरीक्षण किया गया और शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। संसदीय सचिव शोरी द्वारा गांधी ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए बस्तर के संस्कृति को कलाकृति कर सौन्दर्यीकरण करने, गार्डन निर्माण तथा महिला समूहों को रोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा रोजगार मूलक योजना चलाये जाने के लिए निर्देशित भी किया गया। गांधी ग्राम में 07 हाथकरघा मशीन स्थापित किया गया है, जिसमें प्रतिदिन 15-20 स्व- सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार मिल रहा है। इसी प्रकार अन्य विभागों के द्वारा स्थापित किये जाने वाले रोजगार मूलक केन्द्रों को भी शीघ्र संचालित करने के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार श्री राजेश तिवारी ने हाथकरघा में कार्य करने वाले महिला समूह के सदस्यों से चर्चा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिये। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र ठाकुर, पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, वनमण्डाधिकारी अरविन्द पीएम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, जनपद सीईओ अश्वनी कुमार यादव, उप संचालक कृषि एन.के नागेश, कृषि विज्ञान केन्द्र वरिष्ठ वैज्ञानिक बिरबल साहू, उप संचालक उद्यानिकी व्ही.के. गौतम, वन परिक्षेत्र अधिकारी संदीपसिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# 'ताइवान' देश के विश्व व्यापार केंद्र के उच्चाधिकारी पहुंचे 'मां दंतेश्वरी हर्बल' धाम

पायनियर संवाददाता < कोण्ड़ागांव
www.dailypioneer.com



'ताइवान' के 'विश्व व्यापार केंद्र' प्रमुख श्री वेल्बर वांग तथा भारत में उनके सहयोगी ऋषभजी कल बुधवार को कोंडागांव के मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म तथा रिसर्च सेंटर पहुंचे। उन्होंने वहां पर स्थानीय जनजातीय समुदायों के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय जैविक पद्धति से उगाई जा रही औषधीय पौधों की खेती को स्वयं खेतों पर जाकर देखा समझा। ताइवान तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश के बीच परस्पर आयात निर्यात, व्यापार को बढ़ाने की संभावनाओं पर ठोस पहल करने के उद्देश्य ताइवान के अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रोत्साहन विभाग के अधिकारी अपने दल के साथ छत्तीसगढ़ आए हुए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में छत्तीसगढ़ के बस्तर में मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के द्वारा उगाई जा रही सफेद मूसली, स्टीविया, काली मिर्च, हल्दी तथा अन्य दुर्लभ जड़ी बूटियों तथा मसालों की सर्टिफाइड ऑर्गेनिक खेती तथा इनके उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में श्री वेल्बर ने काफी कुछ पढ़ सुन रखा था। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर बड़ी हैरानी हुई थी कि पूरे भारत में सबसे पहले, यानी कि आज से 20 साल पहले, औषधीय पौधों की खेती का प्रमाणित जैविक फार्म बस्तर जैसे पिछड़े क्षेत्र में स्थापित हुआ था, इतना ही नहीं उन्होंने यहां के स्थानीय आदिवासी समुदायों के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जड़ी बूटियों की प्रजातियों को बचाने हेतु, हर्बल की खेती तथा जैविक खेती में जो ठोस कार्य किया है,इसके लिए डॉ राजाराम त्रिपाठी की जितनी सराहना की जाए कम है। यहां की काली मिर्च ,स्टीविया एवं सफेद मूसली आदि जड़ी बूटियों की गुणवत्ता के बारे में जानकर वह पहले से ही काफी प्रभावित थे, इन सब कारणों से उन्होंने स्वयं कोंडागांव जाकर इस खेती को सीधे खेतों पर ही देखना समझना उचित समझा। उन्होंने कहा कि उनका संस्थान मां दंतेश्वरी हर्बल समूह द्वारा उगाए गए जैविक औषधियों मसालों तथा खाद्य संपूरकों के व्यापार को अपने देश को बढ़ावा देने हेतु पूरी मदद करेगा तथा इन जड़ी बूटियों एवं खाद्य पदार्थों के प्रसंस्करण हेतु अपने देश की उन्नत तकनीक भी उपलब्ध कराएगा तथा बस्तर के उत्पादों के ताइवान सहित अन्य देशों के साथ व्यापार में भी मदद करेगा। इसी तारतम्य में ताइवान के ताइपे में आने वाले दिनों में आयोजित होने वाले विश्व के सबसे बड़े खाद्य व प्रसंस्करण तकनीक एक्सपो 2021-22 में भी बस्तर के मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के सदस्यों के दल को सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया जाएगा। मां दंतेश्वरी हर्बल समूह की ओर से डॉ राजाराम त्रिपाठी तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रोत्साहन विभाग ताइवान की ओर से वेल्बर वांग ने परस्पर सहयोग के बिंदुओं पर एक साझा सहमत कार्यक्रम के अमल हेतु परस्पर एमओयू' पर भी सहमति प्रदान की है। अतिथि दल का मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के रायपुर कार्यालय में संस्था की विपणन तथा विधिक प्रमुख अपूर्वा त्रिपाठी के द्वारा स्वागत किया गया। कोंडागांव पधारने पर अतिथि दल को फार्म भ्रमण करवाने का कार्य संस्था के उत्पादन प्रमुख अनुराग त्रिपाठी तथा फार्म प्रभारी जसमती नेताम के द्वारा किया गया। अतिथियों ने विशेष रूप यहां के प्रसिद्ध इथनो मेडिको हर्बल पार्क भी देखा। जिसमें की खतरे में तथा दुर्लभ प्रजातियों के रूप में चिन्हित 32 औषधिय पौधों में से 25 औषधिय पौधों को उनके नैसर्गिक वातावरण में संरक्षित तथा प्रवर्धित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का दल मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के कार्यालय हर्बल इस्टेट परिसर में आयोजित एक सादे सम्मान समारोह में शामिल हुआ, जहां पर उनका सम्मान बस्तर के डोगरा आर्ट के स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। अतिथियों को कोंडागांव की विश्व प्रसिद्ध जीरो कैलोरी वाली हर्बल चाय भेंट की गई तथा अतिथियों को यह बताया गया कि कैसे यह अनूठी हर्बल चाय बिना शक्कर के मीठी भी रहती है।

# राज्य हस्तशिल्प बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप ने कोंडानार हस्तशिल्प महोत्सव का किया शुभारंभ

- **जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर भी हुए शामिल**
- **हस्तशिल्प महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों ने लगाई प्रदर्शनी**

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




जिला मुख्यालय में नवनिर्मित शिल्पनगरी में कोंडानार हस्तशिल्प महोत्सव का शुभारंभ राज्य हस्तशिल्प बोर्ड के अध्यक्ष एवं विधायक नारायणपुर चंदन कश्यप द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातरम एवं कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा भी उपस्थित रहे। इस आयोजन में पारंपरिक लोक नृतकों द्वारा अध्यक्ष का स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल से भी पहुंचे हैं शिल्पकार इसके पश्चात पारंपरिक रूप से जनजाति नृत्यों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया था। इस दौरान आये अतिथियों द्वारा शिल्पकारों द्वारा अपनी कलाओं के प्रदर्शन हेतु लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जहां कोण्डागांव के साथ राज्य के विभिन्न कोनों एवं अन्य राज्यों से आए शिल्पकारों की कलाओं को देखकर सभी ने शिल्पकारों की सराहना की। ज्ञात हो कि इस महोत्सव में भाग लेने के लिए वाराणसी से बनारसी हैंडलूम, भागलपुर बिहार से भागलपुरी सिल्क एवं पश्चिम बंगाल से बंगाली सिल्क के प्रदर्शन हेतु शिल्पकार आए हैं। इसके अतिरिक्त नारायणपुर, रायपुर जांजगीर चांपा आदि जिलों से भी शिल्पकार प्रदर्शन हेतु अपनी कलाकृतियां लेकर आए हुए हैं। इस दौरान सभी शिल्पकारों को अध्यक्ष द्वारा सम्मनित भी किया गया।

इस अवसर पर हस्तशिल्प बोर्ड के अध्यक्ष श्री कश्यप ने कहा कि यह पहली बार है कि जिला प्रशासन के प्रयासों से जिले के स्थानीय शिल्पकारों को एक नया मंच दिलाने के लिए वृहद स्तर पर प्रदर्शनी एवं महोत्सव का आयोजन किया गया है। ऐसे आयोजनों से शिल्पकारो को ना सिर्फ प्रोत्साहन मिलता है बल्कि उनकी कलाकृतियों के विक्रय होने से उन्हें आमदनी भी प्राप्त होती है। कोरोना काल में छोटे-छोटे शिल्पकारों के समक्ष रोजी रोटी का संकट खड़ा कर दिया है ऐसे में इस प्रकार के आयोजनों से उन्हें मदद मिलेगी। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि वह जितना अधिक से अधिक हो सके हस्तशिल्प से बनी सामग्रियों को खरीदें ताकि हमारी प्राचीन कलाओं की विरासत को हम संरक्षित कर सकें।

इस अवसर पर कलेक्टर ने बताया कि शिल्पनगरी का निर्माण जिले की विभिन्न पारम्परिक शिल्प विधाओं को जीवित रखते हुए उन्हें समयानुसार विकसित कर गुणवत्ता उन्नयन के उद्देश्य से किया गया है। यह आयोजन भी इस विकास की एक कड़ी है। जल्द ही शिल्प नगरी में टेराकोटा (माटी कला) शिल्प बांस शिल्प हेतु व्यवस्थाएं की जाएंगी। यहां पर शिल्पकारों के लिए निर्माण एवं फिनिशिंग उपकरणों की स्थापना के साथ लाइव शो एवं प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाएगा साथ ही जिला प्रशासन द्वारा शिल्प कृतियों के विक्रय के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मार्केट में विभिन्न फर्मों को इससे जोड़कर शिल्पकारों को उनकी कलाओं का उचित प्रतिफल दिलाकर इनकी पहुंच विदेशों तक करने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# चित्रकोट में पारम्परिक लोक नृत्यों के साथ राज्यपाल उइके का किया गया स्वागत



पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

तीन दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान आज चित्रकोट पहुंची राज्यपाल अनुसुइया उइके का स्वागत पारम्परिक लोक नृत्यों के साथ किया गया। तोकापाल के माड़िया नर्तकों द्वारा विश्व प्रसिद्ध गौर नृत्य, दरभा विकास खण्ड के मुरिया नर्तकों ने लेजा परब तथा चित्रकोट के लोक नर्तकों द्वारा परब नृत्य का प्रदर्शन पारम्परिक वेश भूषा से सुसज्जित होकर लोक वाद्ययंत्रों की स्वर लहरियों के बीच किया गया। राज्यपाल ने भी लोक नर्तक के साथ ताल से ताल मिलाकर नृत्य का आनंद लिया।साथ ही सभी नर्तक दलों को नगद राशि देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर कमिश्नर जीआर चुरेंद्र, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कोंडागांव कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# असत्य अधर्म पर सत्य की जीत की प्रेरणा हमें मिलती है विजयदशमी से

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



बुराई पर अच्छाई की जीत, असत्य अधर्म पर सत्य एवं धर्म की जीत की प्रेरणा हमें विजयदशमी दशहरे पर्व पर प्राप्त होता है उक्त कथन थाना प्रभारी शरद चंद्रा ने थाने में विधि विधान के साथ शस्त्र पूजा के बाद कही। उन्होंने आगे कहा कि थाने में शस्त्र पूजा की परंपरा वर्षो पुरानी है दशहरा पर्व पर शस्त्रों की पूजा की जाती है एवं मां दुर्गा शक्ति की पूजा की जाती है उन्होंने अपने संदेश में आगे कहा कि मां दुर्गा हमें दुष्टों का संहार करने एवं अच्छे लोगों की रक्षा करने की शक्ति प्रदान करें थाना प्रभारी शरद चंद्रा ने आगे कहा कि तिल्दा नेवरा के नागरिक हमें हमेशा सहयोग प्रदान करते हैं।

यही कारण है कि हम शांति व्यवस्था बनाने में कामयाब हो पाते हैं वहीं उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे द्वारा यह हमेशा प्रयास किया जाता है हम अपनी ड्यूटी इमानदारी पूर्वक निभा सकें इसके लिए हमें कभी-कभी शख्त भी होना पड़ता है उन्होंने दशहरा पर्व पर समस्त तिल्दा नेवरा एवं अंचल वासियों को बधाई देते हुए कहा कि दशहरे का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाएं उन्होंने यह भी कहा कि आज शहर एवं ग्रामीण अंचल में नवरात्रि पर्व में विराजी मां दुर्गा की प्रतिमा का विधि विधान के साथ विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हो रहा है ज्ञात हो कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी थाना प्रभारी शरद चंद्रा उप निरीक्षक विक्रांत दीवान शंकर लाल वर्मा एवं थाने के समस्त स्टॉप के लोगों की उपस्थिति में सर्वप्रथम गणेश जी की पूजा अर्चना इसके पश्चात शस्त्रों की पूजा विधि विधान से पंडित के द्वारा कराया गया उप निरीक्षक विक्रांत दीवान ने बताया कि दशहरा हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है. इस दिन मां दुर्गा ने महिषासुर नाम के असुर का वध कर देवताओं को उसके आतंक से मुक्ति दिलाई थी..इस दिन भगवान श्री राम ने रावण का वध कर माता सीता को उसकी कैद से मुक्त कराया था. इस पर्व को बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाता है। प्राचीन समय...से इस दिन सनातन धर्म में शस्त्र पूजन की परंपरा चली आ रही है. इस दिन लोग शस्त्र पूजन के साथ ही वाहन पूजन भी करतें हैं. वहीं आज के दिन से किसी भी नए कार्य की शुरुआत करना भी शुभ माना जाता है।

शंकर लाल वर्मा ने बताया कि दशहरा किस भी कार्य के लिए शुभ है. प्राचीन समय में क्षत्रिय दशहरे का इंतजार युद्ध पर जाने के लिए किया करते थे. मान्यता थी कि इस दिन जिस तरह...जिस तरह भगवान श्रीराम ने असत्य को परास्त कर विजय हासिल की थी और मां दुर्गा ने महिषासुर नाम की बुराई का अंत किया था, यह भी कहा जाता है कि शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने के लिए इस दिन शस्त्र पूजा करनी चाहिए. तभी से ये परंपरा शुरू हुई. वहीं इस दिन को ब्राह्मण विद्या ग्रहण करने के लिए भी चुनते थे।

## ग्राम उड़ेला में कवि सम्मेलन आयोजित




पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

ब्लॉक सिमगा के ग्राम उड़ेला में जागृति एकता दुर्गा उत्सव समिति द्वारा भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसमें अतिथि गण के रूप में सुनील सोनी लोकसभा सांसद रायपुर, प्रमोद शर्मा विधायक बलौदा बाजार, शिवरतन शर्मा विधायक भाटापारा, राकेश वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष, तंग्राम वर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, वीना आडिल जनपद अध्यक्ष सिमगा, रेणुका अभिनव यदु जिला पंचायत सदस्य, आदिती बाघमार जिला पंचायत सदस्य, संतोष साहू जनपद सदस्य, आनंद यादव सांसद प्रतिनिधि, गोपी साहू विधायक प्रतिनिधि, धनेश्वरी ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत उड़ेला, लता निर्मलकर सरपंच ग्राम पंचायत उड़ेला अतिथि के रुप में बुलाया गया था जिसमें आमंत्रित कवि मीर अली मीर सारागांव रायपुर गीतकार, देवेंद्र परिहार मुंगेली वीर रस के कवि, संजय शर्मा रायपुर वीर रस देश भक्ति के कवि, बंसीलाल मिश्रा बिलाईगढ़ हास्य कवि मंच संचालन, कृष्णा भारती नानघाट हास्य कवि, ऋषि कुमार बइगा नीनवा धरसीवा हास्य कवि, चोवाराम वर्मा बादल उड़ेला हास्य कवि आदि को कवि सम्मेलन में शामिल थे ।

यह कवि सम्मेलन एकता के प्रतीक के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया। कवि के सम्मान में और कवि के पहचान में यह कार्यक्रम रखा गया था जो ग्राम उड़ेला में अष्टमी के पावन अवसर पर आयोजन किया गया जिसमें समिति के सदस्य उदय राम निर्मलकर अश्वनी कुमार वर्मा कुलेश्वर ध्रुव हीरालाल यादव यशवंत निर्मल कुमार धुरु मनहरण कुर्रे प्रकाश वर्मा धनेश वर्मा, विद्या संजय वर्मा सरपंच हथबंद, उपसरपंच अशोक दुबे, शिवकुमार सरपंच धोधा, पुने रामदेव दास सरपंच पौसरी, छत्रपाल बघेल उपसरपंच सकरी, मनोज तिवारी मुड़पार पूर्व सरपंच, भानु वर्मा सुहेला उपसरपंच, लोकेश्वर वर्मा विश्व हराम साहू आदि आसपास के प्रतिनिधियों से लेकर ग्रामीणों की भारी भीड़ लगी थी इस कवि सम्मेलन में हजारों की संख्या से आसपास के गांव से लोगों की भीड़ इस भव्य कवि सम्मेलन का आनंद लेने के लिए आए हुए थे।

## कलिंगा विवि से अनिल कुमार प्रधान को मिली पीएचडी

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



शा.उ.मा. विद्यालय तोरेसिंहा में पदस्थ व्याख्याता अनिल कुमार प्रधान को गणित विषय में कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर के शोध विभाग के एचओडी डॉ.ए. राजशेखर के मार्गदर्शन एवं गाइड डॉ. पुनीत के निर्देशन में ग्रोथ ऑफ सोसायटी विथ द इम्पेक्ट ऑफ गवर्नमेंट पॉलिसिस इम्प्लीमेंट इन एजुकेशनल सेक्टर विथ द हेल्प ऑफ मैथेमैटिकल टूल्स इन स्पेशल रिफरेन्स टू डिस्ट्रिक्ट महासमुन्द छत्तीसगढ़ विषय पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गाँधी द्वारा पीएचडी नोटिफिकेशन प्रदान किया गया। समीपस्थ ग्राम गिधली में स्व.मकरध्वज प्रधान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं फूलमती प्रधान के द्वितीय पुत्र अनिल कुमार प्रधान ने शोध के दौरान 2 इंटरनेशनल एवं 15 नेशनल सेमीनार में अपना शोधपत्र वाचन किया है, जिसमें राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बरेली उत्तरप्रदेश, भारती विद्यापीठ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग नवी मुम्बई महाराष्ट्र,गाँधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अम्बालाकांट हरियाणा,डॉ.अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बैंगलोर कर्नाटक,आई एस बी एम यूनिवर्सिटी गरियाबंद छत्तीसगढ़ उल्लेखनीय है। शोध के लिये आवश्यक वर्कशाप विकास विद्यानिकेतन विशाखापट्टनम आंध्रप्रदेश एवं होलीक्रास कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग नागचिरौली तमिलनाडु में पूर्ण किया है। अनिवार्य शोध प्रकाशन के अंतर्गत 5 राष्ट्रीय जनरल्स में शोध आलेख प्रकाशित किया गया है। रेफर्ड जनरल्स अक्षरवार्ता फरवरी 2018 अंक में प्रकाशित गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल्स इन नार्थ इंडियन स्टेट्स एन इनोवेटिव कांसेप्ट से वर्तमान में संचालित स्वामी आत्मानन्द अँग्रेजी विद्यालय की अवधारण अभिप्रेरित है। 2018 में प्रकाशित इस शोध आलेख के कई बिंदुओं को अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में लागू किया गया है। शोध कार्य मे सफलता का श्रेय अनिल कुमार प्रधान अपने शोध कार्य के प्रेरक पूज्य गुरुदेव संतश्री डॉ. सुमनभाई उज्जैन मध्यप्रदेश , डेटा संकलन और विश्लेषण के सहयोगी व सतत मार्गदर्शक डॉ. पी आर वासुदेवन चेन्नई तमिलनाडु, डॉ. सुनील परीट बेलगांव कर्नाटक, डॉ वी के शर्मा शिमला हिमाचल प्रदेश, डॉ अर्जुन के तडवी पाटन गुजरात ,विवेक श्रीवास्तव शहडोल मध्यप्रदेश एवं अपने परिवार के सदस्य माता फूलमती प्रधान, धर्मपत्नी बासंती प्रधान, पुत्रद्वय अभिनंदन प्रधान, अभिवादन प्रधान,भैया- भाभी मनोज प्रधान, दीपांजली प्रधान, भतीजीद्वय डॉ. समीक्षा प्रधान, कु.आकांक्षा प्रधान के साथ मित्र व सहयोगी महेंद्र पसायत को देते हैं।

## रास गरबा डांडिया का प्रेमियों व दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया







पायनियर संवाददाता < बलोदा बाजार
www.dailypioneer.com

नगर भवन में अंबे ग्रुप द्वारा 11 12 13 अक्टूबर को आयोजित किया गया जिसका आनंद गरबा प्रेमियों व दर्शकों ने भरपूर उठाया। आयोजन प्रमुख सदर बाजार से पार्षद व जिला साहू महिला समिति की अध्यक्ष सविता प्रदीप साहू व मीना अजय गुप्ता ने बताया की 2 वर्षो से बंद पड़े गरबा प्रेमियों में काफी निराशा थी जिसको देखते हुए आयोजकों द्वारा काफी कम समय में कड़ी मेहनत के बाद आयोजन सफल हो पाया आयोजन के प्रथम दिन चितावर जयसवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिवार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा दूसरे दिन नगर के संगीत प्रेमियों कराके ग्रुप द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया व अंतिम तीसरे दिन नगर के पत्रकार बंधुओं एडिशनल एसपी पटेल द्वारा किया गया ग्रुप के सदस्य रोमी साहू सचिन जयसवाल अनुज केसरवानी जिगर साहू कुश केडिया प्रियंका अभिषेक साहू रुचि जैन गुड़िया हरीरामानी अंबिका साहू मुस्कान गुप्ता खुशी गुप्ता हर्षिता गुप्ता प्रीति साहू दीक्षा पंजवानी व नन्हा उसके अलावा सदस्य विनायक इन सभी का सहयोग अच्छा रहा अंतिम दिन समापन समारोह को संबोधित करते हुए सविता प्रदीप साहू ने कहां यह सब माता रानी की कृपा से संभव हो पाया है तथा अगली वर्ष और अच्छे से आयोजन करने की इच्छा जाहिर की।

## ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस,जलसा जैसे सामूहिक एवं सार्वजनिक गतिविधियों की अनुमति नहीं, कलेक्टर ने जारी की आदेश

**भाटापारा/बलौदाबाजार।** डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट सुनील कुमार जैन द्वारा कोरोना वायरस से सुरक्षा एवं रोकथाम को ध्यान में रखते हुए ईद मिलादुन्नबी पर्व पर जुलूस,जलसा जैसे सामूहिक सार्वजनिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार कोरोना वायरस (कोविड-19) का प्रकोप आज भी निरंतर जारी है। इसलिए आवश्यक है कि ऐसे सुरक्षात्मक उपाय किया जाए, जिससे स्वास्थ्य स्थितियां जिले में बेहतर बना रहे। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के पत्र द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार जिले में आगामी ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस निकालने, जलसा आयोजित करने, आदि जैसे सामूहिक एवं सार्वजनिक गतिविधियों की अनुमति नही होगी।

ईद मिलादुन्नबी पर्व के दौरान शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा कोरोना वायरस (कोविड -19) के संक्रमण से बचाव के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों एवं निर्देशों का पूर्णतःपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## हर हिंदू को शस्त्र और शास्त्रों का ज्ञान होना चाहिए : अभिषेक तिवारी

### विश्व हिंदू परिषद–बजरंगदल ने की शस्त्र पूजा

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




दशहरा बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है मान्यता है इस दिन भगवान श्री राम ने रावण का वध कर लंका पर विजय प्राप्त की थी। दशहरे के इस पर्व को विजय दशमी के नाम से भी जानते हैं। साथ ही मान्यता ये भी है कि मां दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस का इसी दिन वध किया था. दशहरा के दिन शस्त्र पूजन करने की परंपरा सदियों पुरानी है. आश्विन शुक्ल पक्ष दशमी को शस्त्र पूजन का किया जाता है नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा के पूजन के बाद दशहरे का त्योहार मनाया जाता है विजयदशमी पर मां दुर्गा का पूजन किया जाता है मां दुर्गा शक्ति की प्रतीक हैं. भारत की रियासतों में शस्त्र पूजन धूम-धाम से मनाया जाता था अब रियासतें तो नही रहीं लेकिन परंपराएं शाश्वत हैं यही कारण है कि इस दिन आत्मरक्षार्थ रखे जाने वाले शस्त्रों की भी पूजा की जाती है. हथियारों की साफ-सफाई की जाती है और उनका पूजन होता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए जाने वाले कामों का शुभ फल अवश्य प्राप्त होता है. यह भी कहा जाता है कि शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने के लिए इस दिन शस्त्र पूजा करनी चाहिए। विश्व हिंदू परिषद-बजरंगदल ने दशहरा के पावन पर्व पर पूरे जिले मे शस्त्र पूजा का आयोजन किया.

इसी कड़ी में बलौदाबाजार नगर के मां षष्ठी देवी मंदिर में शस्त्र पूजा की गई। जिसमें बड़ी संख्या मे बजरंगी एवं सनातन धर्म को मानने वालो की उपस्थिति रही। जिलाध्यक्ष अभिषेक (मिकी) तिवारी ने शास्त्रों की विधि विधान से पूजा कर इस पूजा के ऐतिहासिक महत्ता को बताते हुए वर्तमान परिदृश्य मे हर हिंदू को शस्त्र एवं शास्त्रों के ज्ञान की अनिवार्यता पर बल दिया. श्री तिवारी ने बताया की वर्तमान मे भारत भूमि शत्रुओं से घिरी हुई हैं पाकिस्तान के साथ साथ चीन भी हमारे देश के प्रति बुरी मंशा रखता हैं, देश के हर नागरिक को अनिवार्य रूप से शस्त्र एवं शास्त्रों की शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि हमारे युवा देश एवं धर्म की रक्षा के लिए सदैव तैयार रहे. देश के हर स्कूल मे हर बच्चें को सैनिक शिक्षा अनिवार्य दिया जाना चाहिए।

इस आयोजन में विश्व हिन्दू परिषद-बजरंगदल जिलाध्यक्ष अभिषेक (मिकी) तिवारी, प्रांत सोशल मीडिया प्रभारी हेमंत वर्मा, ज़िला सुरक्षा प्रमुख दलजीत सिंह चावला, कोषाध्यक्ष शिवप्रकाश तिवारी, जिला सह सेवा प्रमुख लक्ष्मेन्द्र अग्रवाल, विहिप नगर अध्यक्ष महेश ठाकुर ,भाजयुमो नगर अध्यक्ष वासुदेव ठाकुर लाला, भाजयुमो महामंत्री तरूण वर्मा, ज़िला अध्यक्ष पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास हेमंत टिकरिहा, सुशील सराफ, गजेंद्र देवांगन, अचिन्त्य तिवारी, धरूण तिवारी, मातृशक्ति उन्नति ठाकुर, छोटी यादव, काजल, राखी, मंजु यादव, आराध्या तिवारी, समीक्षा तिवारी, मनस्वी तिवारी, सागर निषाद, गुलशन वर्मा, महेश ध्रुव, तनुज वर्मा, सागर यादव, अश्वनी वर्मा सहित बड़ी संख्या में सनातनियों ने पूजा की।

## दीपदान महोत्सव आयोजित




**तिल्दा नेवरा।** नगर के समीप ग्राम पंचायत भुरूसुदा एवं उनके आश्रित ग्राम गुजरा में ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान एवं ग्राम पंचायत भुरसुदा के सयुक्त तत्वावधान में बिते दिन दीपदान महोत्सव का कार्यक्रम आयोजन किया गया था। जिसमें की मुख्य रूप से ग्राम पंचायत सरपंच सुशिला राजाराम साहू, सचिव शिव कुमार वर्मा, एवं पंच-गण-जनपद सदस्य बिहान की बहनों एवं समस्त ग्रामीण भाईयो एवं दीदीयों दीपदान की सैकड़ों की संख्या में बिहान की महिलाएं सेवा जसगीत मांदर की धुन के साथ पूरा गांव भ्रमण कर भुरसुदा के तलाब और गुजरा के नहर नाला में पूजा-अर्चना कर गोठान में बने गोबर के दिया में दीपप्रजवलित कर छोड़ा गया।

### कोरोना से राहत पाकर दो साल बाद उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

## छत्तौद में हर्षोल्लास से किया गया मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



समीपस्थ तिल्दा विकास खंड के अधीन बड़े व आदर्श ग्राम कहे जाने वाले ग्राम पंचायत छत्तौद में विजयादशमी के दिन अपरान्ह 12 बजे, अलग अलग मुहल्ले में विराजे 6 जगह मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े ही श्रद्धाभाव व मांदर, ढोल मंजीरा के साथ, नाचते गाते किया गया। ज्ञात हो कि पिछले दो साल से कोरोना के चलते कुछ भी धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम सही ढंग से नहीं किया जा सकता रहा। पर अभी कोरोना ने राहत भरी सांस लेने दे रहे हैं। जिससे निर्भिक हो अब जैसे बाकी गांव शहरो, ग्रामों में सभी धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उसी प्रकार ग्राम पंचायत छत्तौद मे बड़े हर्षोल्लास के साथ इस साल पूरे 6 जगहों पर माता रानी विराजी। जिसमें सबसे पुराना व मुख्य जगह ग्राम के ह्रदय स्थल गांधी चौक (लिला चौक ), दुसरा-बजरंग चौक, तीसरा-शास्त्री चौक, चौथा-आनंद चौक, पांचवा - भाठापारा, छठवां-पटेलपारा आदि जगहों पर नौ दिनों तक माता की सेवा की, गांव के मुख्य तालाब नवातलाब के नाम से जाना जाता है। सभी को एक साथ गांव भर भ्रमण कर विसर्जन किया गया।

### भगवा रंग की धूम रही

गौरतलब है कि नवरात्रि हिन्दुओं के आस्था व विश्वास का त्योहार है। जिसको लेकर वर्तमान में, जैसे हर जगह लोग जागरूक व समर्पित हो रहे हैं। वैसे ही यहां के युवाओं में, भगवा रंग की टी-शर्ट, धारण कर तथा मांदर, ढोल मंजीरा की ताल के साथ पारंपरिक वाद्ययंत्र व संगीत के साथ एक अलग छठा बिखरते हुये। मां दुर्गा की पूजा कर अंतिम विदाई दिये। यह छत्तौद की इस आयोजन में विशेष बात रही।

### प्रतिवर्षानुसार दशहरा भी मनाया गया

गौरतलब है कि यहां प्रतिवर्ष सात दिनों तक श्री रामलीला का आयोजन भी किया जाता है। जिसके तहत दशहरे के दिन रावण दहन किया जाता है। जिसे देखने के लिए आस पास के गांव वालों की भारी भीड़ रहती है।

## विजयदशमी पर हजारों की उपस्थिति में रावण का पुतला दहन किया गया

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



विजय दशमी का उत्सव रावण भाटा मैदान में हजारों के भीड़ की संख्या की उपस्थिति में रावण का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर आतिशबाजी के साथ मनाया गया। जो कि कोरोना काल को देखते हुए इस पर्व को नगपा के पीआईसी द्वारा कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए मनाने का निर्णय लिये गया परंतु वहां पर नगपा प्रशासन कोरोना गाइडलाइन का पालन कराने मे सफल नहीं रहा व भारी अव्यवस्था के बीच बिना मास्क, सोशल डिसटेंशन, आदि खमियों के बीच हजारों की भीड़ में कार्यक्रम सम्पन्न होने के पश्चात पेलम पेल भीड़ के बीच होकर निकले आम लोग भीड़ में फंस गये आलम यह था कि फंसे लोगों में एक इंच सोशल डिसटेंशन भी नहीं रहा व एक दूसरे के सांसों की गर्मी से लोग व्याकुल हो रहे थे। साथ ही बीच रोड मे अनियंत्रित रुप से दुकानदारों का ठेला लगाये जाने से हजारों की भीड आधे घंटे अधिक भीड़ में फंसा रहे, जो कि थोड़े से लापारवाही भारी भगदड़ का रुप ले सकता था इन्हीं सभी अव्यवस्था से क्षुब्ध होकर क्षेत्र के विधायक शिवरतन शर्मा ने दशहरा मैदान के मंच से अपने सम्बोधन मे कहा कि दशहरा मैदान में विगत कई सालों से दशहरा का आयोजन हो रहा है परंतु इस साल स्थानीय प्रशासन की लापरवाही व अव्यवस्था पहली बार इतने बड़े पैमाने पर देखने को मिला। वही विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधि आते व जाते रहते है परंतु अपने दायित्व का इस लापरवाही पूर्ण तरीके से निर्वहन किया जाना सरासर निंदनीय है। वही नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता ने दशहरा मैदान में उक्त आयोजन पर अव्यवस्था होने पर खेद जताया। वही आम लोगों ने उक्त आयोजन मे हुई असुविधा व परेशानियों के लिये भारी असंतोष व नराजगी जहिर भी किया।

# जिला मुख्यालय के दशहरा मैदान में उमड़ी भीड़, घर लौटकर बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ᐸ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



दशहरा का पर्व अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कोरोना काल के बाद ऐतिहासिक भीड़ देखने को मिली जिला मुख्यालय सहित जगह-जगह बुराई के प्रतीक रावण का पुतला दहन गया। जिला मुख्यालय में वर्षों से लगातार चली रही परम्परा को यथावत रखते हु दशहरा मैदान में कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए 10 फिट के रावण का पुतला दहन किया गया। शाम दशहरा मैदानों में लोगों की भीड़ उमड़ी और पुतला दहन के बाद लोग अपने घर लौटे और बड़े-बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया। दशहरा मैदानों में लगे होटल, ठेला व दुकानों में सामानों की खूब बिक्री हुई। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के मद्देनजर दशहरा पर्व एवं पुतला दहन के संबंध में निर्देश जारी किया है। कलेक्टर के जारी आदेश के अनुसार दशहरा पर्व पर बनाए गए पुतलों की ऊंचाई 10 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। दशहरा पर्व का आयोजन किसी बस्ती रहवासी इलाके में नहीं किया जाएगा। यह आयोजन खुले स्थान पर करने के निर्देश दिया गया था। हालांकि कोरोना गाइड लाइन की जटिलता के चलते सहित कुछ नगरीय निकायों व ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक रूप से दशहरा मेला का आयोजन नहीं किया गया। जिला मुख्यालय में हर वर्ष की तरह पुरानी परम्परा को कायम रखते हुए दशहरा मैदान में कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए रावण का पुतला दहन किया गया। नगर पालिका द्वारा कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए 10 फीट का पुतला बनाया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा को लेकर लोगों में सुबह से ही उल्लास था। शाम होते ही लोग अपने घरों से दशहरा देखने निकल पड़े। जिला मुख्यालय दशहरा मैदान में लोगों की भीड़ उमड़ी। यहां नगरपालिका द्वारा 10फिट का रावण का पुतला बनवाया गया था। पुरानी बस्ती से भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान की झांकी बाजे-गाजे के साथ शाम 6बजे निकली, जो मैदान पहुंची। यहां रात साढ़े 7 बजे रावण का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के साथ ही मैदान में आतिशबाजी हुई। विधायक प्रमोद शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जयसवाल एडिशनल एसपी पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष रमेश सोनी मनीष केसरवानी मुरारी मिश्रा मनोज सोनी एवं पत्रकार गण उपस्थित थे।

कोरोना काल के बाद पहली बार इतनी ऐतिहासिक भीड़ देखने को मिली रोड के दोनों तरफ चार्ट ठेले फल फरूट एवं मिठाई की दुकानों से सजा था सफल कार्यक्रम आयोजन के लिए बलौदा बाजार पुलिस प्रशासन नगर पालिका प्रशासन एवं पुरानी बस्ती दुर्गा उत्सव समिति को इसका श्रेय दिया जाता है।

## शराब भट्टी को निशाना बनाने वाला मोटर साइकिल चोर गिरफ्तार




पायनियर संवाददाता ᐸ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

थाना प्रभारी शरद चन्द्रा से प्राप्त जानकारी के अनुशार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की ग्राम तुलसी नेवरा निवासी दीपक वर्मा चोरी की मोटरसाइकिल बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है की सूचना तस्दीक हेतु पुलिस स्टाफ के द्वारा दीपक वर्मा का पता किया गया दीपक वर्मा एक मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स बिना नंबर प्लेट की अपने पास रखा मिला जिसे वाहन के कागजात पेश करने नोटिस देने पर मोटरसाइकिल को रावांभाटा रायपुर शराब भट्ठी के पास से चोरी कर लाना बताया जिस पर आरोपी के कब्जे से मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स बिना नंबर प्लेट कीमती 50000/? एक नग डुप्लीकेट चाबी जब तक किया आरोपी को पुनः पूछताछ करने पर इसके अतिरिक्त 4 नग मोटरसाइकिलो को बेमेतरा शराब भट्ठी,मांढर शराब भट्ठी,भाटापारा शराब भट्ठी के पास से अलग-अलग चार दिनों में जाकर विगत दो माह के भितर चोरी कर मोटर साइकिलो को अपने घर में छुपाकर रखना स्वीकार किया ।आरोपी के घर से 04 नग मो.सा.हुआ कीमती 155000/- रूपये कुल राशि कीमती 20000/ रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का उक्त कृत्य धारा- 41(1+4)/379 भादवि का जुर्म घटित करना पाये जाने से प्रकरण सदर पंजीबद्ध कर जप्त वाहनों के असलीमालिकों की पता तलाश किया जा रहा है आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतू न्यायालय पेश किया गया है।जहा से उसे जेल भेज दिया गया। नाम आरोपीः- दीपक कुमार वर्मा पिता दउवा राम वर्मा उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड क्र.06 तुलसी थाना तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर

अप.क्र. 03/21 धारा 41(1+4)/379 भादवि जप्तः- 04 नग मो.सा. हीरो HF डिलक्स तथा 01 नग मो.सा. हीरो स्पेण्डर प्रो पुरानी इस्तेमाली कुल 05 मोटरसाइकिल कीमती करीबन 2,00,000/- रूपये उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी शरद चन्द्रा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रनेश सेठिया, आर0 महेन्द्र वर्मा, संदीप सिंह, केशव राठौर, छबि पटेल, मधुसूदन वर्मा, आलोक शर्मा एवं लाहौर गौतम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## महाष्टमी पर महाआरती से गुंजा नवागढ़



■ **हजारो महिलाओ ने किया गंगाआरती एवं दीपदान**

पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शारदीय नवरात्रि के दुर्गाष्टमी पर शमी गणेश शारदा महामाया पर्यटन समिति नवागढ़ एवं नगरवासियों द्वारा नगर के प्राचीन मंदिर में माँ महामाया की आरती के साथ साथ मानाबन्द तालाब प्रांगण में ऐतिहासिक महाआरती,गंगा आरती एवं दीपदान का आयोजन किया गया। जिसमें नगरवासियों के साथ संसदीय सचिव एवं नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे, नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष, रिटायर्ड डीएसपी शमशेर खान, दयावंत बांधे, देवादास चतुर्वेदी, मधु रॉय, जगजीवन खरे, गिरेन्द्र महिलांग, बंशीधर दीवान, बिसौहा राम साहू भी आरती में शामिल हुए।

नगर में शारदीय नवरात्र में चौथी बार हुए इस ऐतिहासिक महाआरती में हजारों की संख्या में नगर के सुकुल पारा,बावा पारा, बीच पारा, देवांगन पारा, मिश्रा पारा, दर्री पारा, बावली पारा, शंकर नगर सहित सभी मुहल्लो की महिलाएं सम्मिलित होकर एक साथ एक स्वर में आरती गुंजायमान होती रही,जिसके साक्षी सभी नगरवासी बने। मानस मंडली बहरबोड ने जसगीत एवं भजन व माता के गीतों से जगराता में रंग जमाया, पश्च्यात 6.30 बजते ही महामाया मंदिर और तालाब प्रांगण में एक साथ आरती प्रारम्भ हुई। महाआरती होने के बाद सभी महिलाओं अपने घर से लाए हुए दीपो का मां महामाया और गंगा मैया के चरणों मे दीप दान किया।

संसदीय सचिव बंजारे ने कहा कि यह नगर का एक बड़ा धार्मिक आयोजन है जिसमें मुझे बुलाने के लिए मैं समिति का आभारी हूँ। उन्होंने कहा कि धार्मिक व राजनीतिक कार्यक्रम एकदूसरे से अलग है, इस धार्मिक आयोजन में सभी दलों को एकसाथ जोड़ने की पहल की मैं सराहना करता हूँ। उन्होंने कहा कि राजनीति केवल चुनावी दिनों तक सीमित होनी चाहिए बाकि समय भाइचारे से रहने का है।

## पुलिस थाना सक्ति में की गई शस्त्र पूजा



**सक्ति।** विजयादशमी दशहरे के मौके पर पुलिस थाना शक्ति में विभागीय परंपरा के अनुरूप शस्त्र पूजा की गई, इस अवसर पर थाना प्रभारी रूपक शर्मा सहित पुलिस थाना शक्ति के सभी स्टाफ मौजूद रहे, तथा विधिवत शस्त्रों को रखकर पूजा की गई, साथ ही थाना प्रभारी ने सभी को विजयदशमी दशहरे की शुभकामनाएं दी।

## दशहरा उत्सव एवं भूमिपूजन समारोह में विधायक आशीष छाबड़ा हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेरला के ग्राम पंचायत आदू में आयोजित दशहरा उत्सव एव भूमिपूजन समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल माता देवाला मां महामाया मंदिर पहुच दर्शन किए. तत्पश्चात विधायक आशीष छाबड़ा के कर कमलों से सुगम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृति मुख्य से सोसायटी/ प्राथमिक शाला भवन पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 20 लाख रुपए का पूरे विधिविधान से पूजा पाठ कर नारियल तोड़ भूमि पूजन किए इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि आज बड़ा हर्ष का विषय है ग्राम आंदू विकास की दिशा तेजी से आगे बड़ रहा है, भूमिपूजन के साथ ही साथ दशहरा उत्सव का भी आयोजन रखा गया है, विजयदशमी का त्योहार हम अभी मिलकर बड़ी धूमधाम से मनाते है।

विजयदशमी का त्योहार भारतीय संस्कृति के वीरता का पूजक, शौर्य का उपासक है। असत्य पर सत्य की विजय-भगवान राम ने इसी दिन रावण का वध किया था। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाते है। साथ ही बहुत पुरानी मांग धान खरीदी केन्द्र की थी यह बताते हुए खुशी हो रही है की ग्राम आंदू में धान खरीदी केन्द्र चालू हो गया है, साथ ही ग्रामवासियों के मांग अनुरूप विधायक आशीष छाबड़ा जी ने सामुदायिक भवन निर्माण कार्य एव नवीन सेवा सहकारी भवन के समीप बोर खनन की स्वीकृति प्रदान की।

इस अवसर पर हिरादेवलाल वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, नवाज खान उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, मौजीराम साहू विधायक प्रतिनिधि, रामखिलावन साहू, छोटू साहू, दशरूराम साहू, लीला दिवाकर साहू सरपंच, नरेश साहू, नारायण साहू, घनस्याम साहू, प्रमोद साहू, शैलेन्द्र साहू, जानकराम निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## गायत्री परिवार करेगा जाग नारी सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ᐸ सुकमा
www.dailypioneer.com



गायत्री परिवार द्वारा जिला स्तरीय नारी जाग नारी सशक्तिकरण कार्यशाला का होगा आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2021 को शांतिकुंज स्वर्ण जयंती के रूप में मनाया जा जा रहा है शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में दो दिवसीय जिला स्तरीय नारी सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन दो चरणों में किया जा रहा है इसी तारतम्य में दिन 17 एवं 18 अक्टूबर 2021 को गायत्री शक्तिपीठ सुकमा में दो दिवसीय शांतिकुंज स्वर्ण जयंती नारी सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है जिसमें कोंटा, सुकमा, छिंदगढ़,तोंगपाल ब्लॉकों के महिलाएं शामिल होंगे युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने बहुत पहले ही 21वी सदी नारी सदी की घोषणा कर नारी जागरण अभियान को सभी अभियानों से महत्वपूर्ण बताया है, ईश्वर ने नारी को अपना प्रतिनिधि बनाकर इस धरती पर भेजा है अपने समस्त गुणों से नारी को युक्त किया है।

## साहू समाज सामुदायिक भवन भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुई संसदीय सचिव शकुंतला साहू

पायनियर संवाददाता ᐸ लवन
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत डमरु में साहू समाज सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि सुश्री शकुंतला साहू संसदीय सचिव एवं विधायक कसडोल,अध्यक्षता परमेश्वर यदु जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि गुरुदयाल यादव अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन, देवीलाल बार्वे, प्रताप डहरिया, मृत्युंजय वर्मा, टेकराम साहू नरेंद्र वर्मा, देवचरण यादव, राधेश्याम साहू, जीवन लाल साहू थे। मुख्य अतिथि संसदीय सचिव शकुंतला साहू ने दस लाख रु की लागत से साहू समाज सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया पश्चात ग्राम डमरु में प्रसिद्ध मां महामाया मंदिर में मां के दर्शन कर आशीर्वाद लिए इस दौरान कीर्तन मंडली को को दस हजार रु देने की घोषणा भी कीए

इस अवसर पर संसदीय सचिव प्रतिनिधि सुनील साहू ,सतीश पांडे जिला सचिव जिला कांग्रेस , कलीराम पटेल, बनवारी बारवे, अजय बारवे, ओमप्रकाश प्रभुवा, डॉ सनत गंधर्व, श्यामू विश्वकर्मा,विनोद अनंत,सरपंच डमरू त्रिवेणी बंजारे, प्रतिनिधि मनोज बंजारे, उपसरपंच गजेंद्र पैकरा, सचिव राजेश साहू, पंचगण रामेश्वर साहू, नंदकुमार साहू ,मालती साहू, भारती साहू, चित्रलेखा साहू, दीपक बोस, निलेश कश्यप, दिनेश साहू, गायत्री साहू, परमेश्वरी साहू, राधाबाई साहू, भारत साहू, राजीम पटवा, गोविंद पैकरा, नोमिन साहू, सुमित्रा पैकरा, रूपा पैकरा, शारदा देवदास, राहुल यादव, टीकाराम साहू, कली मुल्ला अंसारी, त्रिभुवन वर्मा, रेवाराम मिरी वरिष्ठ कांग्रेस नेता, भरत लाल साहू,तामकर यादव, प्रतीप निषाद, महंगू, चिचिरदा सरपंच नंद कुमार पैकरा, अदालत दास मानिकपुरी, हरप्रसाद पटेल, पीताम्बर पटेल, पुन्नालाल साहू, रामेश्वर साहू, परमेश्वर साहू, गाँधीराम साहू, शिवकुमार साहू, साहबलाल देवदास, सरपंच भद्रा रोहित निषाद, सतरूपा, रूपा, शारदा, रामनारायण पैकरा, जलसिंह पैकरा, अरुण पैकरा, फिरन साहू, नंदू चंद्राकर, मनोहर याद एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## भिलाई निवासी गोपाल माहेश्वरी ने जी एडवांस की परीक्षा में ऑल इंडिया लेवल पर हासिल किया 1741वां रैंक

पायनियर संवाददाता ᐸ भिलाई
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश की औद्योगिक नगरी भिलाई के माहेश्वरी परिवार के प्रतिष्ठित नागरिक शेखर महेश्वरी एवं अर्चना माहेश्वरी के सुपुत्र गोपाल माहेश्वरी ने जी एडवांस की परीक्षा में ऑल इंडिया लेवल पर 1741वा रैंक हासिल किया है, तथा गोपाल की सफलता पर छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है,तो वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा की ओर से सदस्य सूरज प्रकाश राठी रायपुर ने कहा है कि माहेश्वरी परिवार के लिए यह गौरव का विषय है, तथा गोपाल की सफलता पर प्रदेश के सभी समाज बंधु प्रफुल्लित हैं, एवं राष्ट्रीय स्तर पर जी एडवांस की परीक्षा में 1741 वा रैक हासिल करना हम सभी के लिए गर्व का विषय है, उल्लेखित हो की गोपाल प्रारंभ से ही काफी मेधावी रहा है, तथा गोपाल ने अपने सभी परिवार जनों एवं सहपाठियों की प्रेरणा से इस परीक्षा में सफलता अर्जित की है, एवं उनकी सफलता से पूरा परिवार प्रफुल्लित एवं हर्षित है।

## शक्ति शहर के स्टेशन रोड में हुआ विजयादशमी पर्व पर अशोक सुपर बाजार का शुभारंभ



**शक्ति।** सक्ति को राजस्व जिले का दर्जा मिलने के बाद व्यापार के क्षेत्र में भी शक्ति दिन- प्रतिदिन प्रगति करते जा रहा है,इसी दिशा में 15 अक्टूबर को विजयादशमी दशहरे के पावन पर्व पर सक्ति शहर के स्टेशन रोड में शहर की प्रतिष्ठित फ़र्म रामकुमार गोपाल (गल्ला किराना व्यवसायी) द्वारा अशोक सुपर बाजार के रूप में तीन मंजिला माल का शुभारंभ किया गया

इस अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ अशोक सुपर बाजार का शुभारंभ हुआ,तो विजयादशमी के पावन पर्व पर हुए इस सुपर बाजार के शुभारंभ के प्रथम दिवस ही शहर सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर खरीददारी की तथा अशोक सुपर बाजार के संचालक गोपाल अग्रवाल उनके सुपुत्र मनोज अग्रवाल एवं आलोक अग्रवाल को भी इस पहल के लिए शुभकामनाएं दी तथा इस संबंध में अशोक सुपर बाजार के संचालक मनोज अग्रवाल ने बताया कि उनके इस सुपर बाजार में आने वाले लोगों को घरेलू सामान, गल्ला- किराना से संबंधित समस्त सामग्रियां, साथ ही गिफ्ट आइटम एवं बड़े महानगरों के मॉल की तरह घरेलू दैनिक उपभोग की समस्त सामग्रियां एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी, तथा ब्रांडेड कंपनियों के सारे सामान भी इस सुपर बाजार में वाजिब दाम पर उपलब्ध होंगे। अशोक सुपर बाजार तीन मंजिला के रूप में जांजगीर-चांपा जिले का पहला सुपर बाजार है, जहां भव्य एवं आकर्षक ढंग से इसे सुसज्जित कर ग्राहकों को प्रत्येक प्रकार की सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी साथ ही यह सुपर बाजार पूर्णता वातानुकूलित एवं इसमें लिफ्ट की भी सुविधा है, जहां ग्राउंड फ्लोर से प्रथम एवं द्वितीय मंजिल जाने के लिए बुजुर्ग जनों को भी किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**कांग्रेसियों सहित जिलेवासियों को डॉ महंत ने दशहरे की दी शुभकामनाएं**

## असत्य पर सत्य की जीत का महापर्व है दशहरा : डॉ चरणदास महंत

पायनियर संवाददाता ᐸ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत रायगढ़ से कोरबा के लिए 4 बजे निकले, वहीं सक्ती के कंचनपुर चौक में कांग्रेसियों ने डॉ महंत का स्वागत किया, कंचनपुर में उपस्थित सभी कांग्रेसियों को डॉ महंत ने दशहरे की शुभकामनाएं दी वहीं हमारे संवाददाता से बात करते हुए उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों, जिले, प्रदेश व देशवासियों को भी दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने इसी दिन रावण का वध किया था। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसीलिए इस दशमी को विजयादशमी के नाम से जाना जाता है।

दशहरा वर्ष की तीन अत्यन्त शुभ तिथियों में से एक है, अन्य दो हैं चैत्र शुक्ल की एवं कार्तिक शुक्ल की प्रतिपदा। इसी दिन लोग नया कार्य प्रारम्भ करते हैं, शस्त्र-पूजा भी की जाती है। आगे ग्राम पंचायत डड़ाई चौक पर वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर महंत से मुलाकात की आसपास के काम बड़ी संख्या में कांग्रेश जनों ने मुलाकात कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की एवं कहा कि शक्ति विधानसभा के अधिकांश वन क्षेत्रों के ग्रामों में विद्युतीकरण हो जाने से पूरे रात्रि जगमग रहती है डॉक्टर महंत ने कहा कि शेष बचे हुए ग्रामों में विद्युतीकरण किया जाएगा एवं वरिष्ठ कांग्रेसी शीतल सिंह राज ने ग्राम देवरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के उद्घाटन के बातपर डॉक्टर ने कहा कि दिवाली के समय उसका शुभारंभ किया जाएगा इस अवसर पर वरिष्ठ कॉग्रेस नेता प्रदीप राठौर हिराधर जायसवाल महेश जग्गी ग्राम पंचायत डड़ाई के सरपंच वंदना हेमंत राज जागेश्वर सिंह राज शीतल सिंह राज विधायक प्रतिनिधि अमित राठौर राजीव जायसवाल सहित अचानकपुर देवरमाल देवरी तुर्री भासीन पतरापाली एव आसपास के कांग्रेसी उपस्थित थे,डॉ महंत ने आगे कहा कि दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों- काम, क्रोध, लोभ, मोह मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी जैसे अवगुणों को छोड़ने की प्रेरणा हमें देता है। इस बात का हमें अनुशरण करते हुए अपने व्यक्तित्व को ऊंचा बनाए रखना है।

संपादकीय

# छठ पूजा

## गरमाई राजनीति

जैसी कि उम्मीद थी, दिल्ली में त्योहारी मौसम पर राजनीति हावी हो गई है। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी तथा भारतीय जनता पार्टी 10 नवंबर को होने वाली छठ पूजा में जनता की सहभागिता के मामले में आमने-सामने आ गए हैं। दोनों ने जानबूझ कर 'उत्तराचंलियों', यानी बिहार व पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को इस विवाद में समेट लिया है। 2020 में जब सारा देश कोविड-19 के घातक शिकंजे में जकड़ा हुआ था, पुलिस को कुछ नहीं करना पड़ा था क्योंकि केन्द्र व राज्य सरकारों ने सभी त्योहारों को सार्वजनिक रूप से मनाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। उस समय आप या भाजपा या कोई और छोटा-मोटा धार्मिक संगठन त्योहार मनाने की नहीं सोच सकता था। लेकिन इस बार वैश्विक महामारी की स्थिति में सुधार है और राजनीति ने एक बार फिर अपना सिर उठाया है। इसकी शुरुआत दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा 29 सितंबर को जारी आदेश से हुई है जिसमें राज्य में 1 जनवरी, 2022 तक पटाखे बेचने या दगाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उत्तर प्रदेश के बाद राजस्थान और हरियाणा इस साल इस मुद्दे पर अभी खामोश हैं। चूंकि पटाखों का मुद्दा सीधे प्रदूषण से जुड़ा है, इसलिए पार्टियां इससे राजनीतिक लाभ प्राप्त करने की ज्यादा उम्मीद नहीं करती हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा था कि वह रसायनों वाले पटाखों के प्रयोग की अनुमति देकर जीवन के अधिकार को खतरे में नहीं डालना चाहता है।

दिल्ली सरकार ने पटाखों पर प्रतिबंध के बाद एक आदेश द्वारा सार्वजनिक स्थलों, सार्वजनिक मैदानों, नदियों के किनारे और मंदिरों में छठ पूजा मनाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। दिल्ली आपदा प्रबंधन अधिकरण-डीडीएमए ने वैश्विक महामारी का हवाला देते हुए लोगों से इसे घरों में मनाने की सलाह दी है। दिल्ली के उप-राज्यपाल अनिल बैजल ने डीडीएमए की उस बैठक की अध्यक्षता की थी जिसमें दिल्ली के मंत्रियों के साथ ही एम्स दिल्ली, नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी, आईसीएमआर तथा एनडीएमए उपस्थित थे। आश्चर्यजनक है कि इसी डीडीएमए ने रामलीला व दुर्गा पूजा पर बड़े आयोजनों से नियंत्रण अटा लिया है, हालांकि सुरक्षा प्रोटोकाल अभी लागू हैं। सोशल डिस्टेंसिंग तथा अन्य कोविड उपयुक्त व्यवहारों का पालन करने की स्थिति में इन आयोजनों में भीड़ की अनुमति दी गई है। दिल्ली सरकार द्वारा रामलीला के आयोजनों में भीड़ की अनुमति के मामले में दिल्ली सरकार के साथ सहमति जताने वाली भाजपा ने छठ पूजा पर प्रतिबंध लगाने का विरोध किया है। इसके साथ ही उसने दिल्ली में रहने वाले 'उत्तरांचलियों' का मुद्दा उठा कर कई प्रदर्शन किए। राष्ट्रीय राजधानी में राजनीति गरमाने के साथ ही दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केन्द्र को छठ संबंधी दिशानिर्देश जारी करने के लिए लिखा। शायद वे दिल्ली में 'उत्तरांचलियों' की बड़ी संख्या होने के कारण उनको नाराज करने के राजनीतिक प्रभावों से परिचित हैं। सिसोदिया ने याद दिलाया कि छठ पूजा एक ऐतिहासिक त्योहार है और उन्होंने इस मनाने के तरीके तथा लोगों की इसमें सहभागिता पर केन्द्र से दिशानिर्देश मांगे हैं। क्या उन्होंने सुविधाजनक रूप से यह तथ्य भुला दिया कि उनकी सरकार ने आयोजनों पर प्रतिबंध लगा दिया है और इस बैठक में उप-राज्यपाल तथा केन्द्रीय कोविड टास्क फोर्स के लोग उपस्थित थे? अथवा वे परोक्ष रूप से इसकी जिम्मेदारी केन्द्र सरकार पर डालना चाहते हैं? किसी भी स्थिति में त्योहारों के दौरान सुरक्षा दिशानिर्देश लंबे समय से अतार्किक होने के कारण निष्प्रभावी सिद्ध होते रहे हैं। इनमें उदाहरणार्थ भीड़ द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने का कोई रास्ता नहीं है।

# लखीमपुर कांड पर जारी राजनीति

## विरोध प्रदर्शन का विशेष उद्देश्य तथा इसमें समस्या समाधान का तरीका होना चाहिए। इसका अर्थ नियम से स्वतंत्र बेलगाम कार्रवाई नहीं हो सकता है।



**विवेक गुमास्ते**
(लेखक राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)




**लखीमपुर** खीरी की घटना में किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान आठ लोगों ने अपनी जान गंवा दी। यह भयानक त्रासदी है और इससे बचा जा सकता था। विडंबना है कि यह एक आसन्न विभीषिका का संकेत भी है। काफी समय से दुष्ट तत्वों की राजनीतिक सक्रियता बढ़ रही थी। जानबूझ कर दिखाई जाने वाली जिद तथा विचारहीन उकसावों के कारण तनाव बहुत बढ़ गया था। प्रदर्शनकारियों में बढ़ती निराशा और गुस्सा लंबे समय से जारी आंदोलन के कारण है और इसक फट पड़ने की आशंका थी। इस स्थिति में सीधे टकराव भी अपरिहार्य हो गया था। यह विस्फोट 3 अक्टूबर को हुआ जब कथित रूप से केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के काफिले से प्रदर्शनकारी किसानों का एक समूह कुचल गया जिसमें चार किसान मारे गए। इन मौतों से आक्रोशित हुए प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ की, भाजपा सदस्यों को कारों से बाहर घसीट लिया और उनमें से चार लोगों को निर्दयता से पीट-पीट कर मार डाला।

इस भयानक घटना के विस्तृत विवरण अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। किसान प्रदर्शनकारी जगजीत सिंह द्वारा दायर की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट में कहा गया है, 'हम महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज मैदान में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे, जब केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा अपनी एसयूवी में दो अन्य चारपहिया वाहनों के साथ तेजी से आए जिनमें हथियार तथा गोला बारूद भरा था। महिंद्रा थार कार में बांई ओर बैठे आशीष मिश्रा ने गोलियां चलाईं तथा आगे बढ़ते वाहन से लोगों को कुचल दिया।' लेकिन अजय मिश्रा ने इसका खंडन करते हुए दावा किया है कि 'वाहन पर उस समय पत्थर चलाए गए जब वे मुख्य अतिथि को बुलाने के लिए जा रहे थे। इससे ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया और हो सकता है कि कुछ लोग इस दुर्घटना में मर गए हों। वाहन में बैठे मेरे ड्राइवर तथा तीन भाजपा कार्यकर्ताओं का पीछा किया गया, उन पर पत्थर बरसाए गए तथा उन पर लाठियों व तलवारों से हमला कर भीड़ ने उनको मार डाला।'

अजय मिश्रा ने पहले इस बात से इनकार किया था कि उनका बेटा घटनास्थल पर था। इस चरण पर यह तय करना कठिन है कि इन दो परस्पर विरोधी वर्णनों में से कौन सही है। लेकिन घटना के अनेक आनलाइन वीडियो सामने आए हैं जिनसे संकेत मिलता है कि शुरुआती चरण में पत्थरबाजी इस भयानक घटना का कारण बनी। लेकिन इसके बावजूद एक समुचित जांच की आवश्यकता है ताकि दोषी का पता लगा कर उसे कानून के अनुसार दंड दिया जा सके। स्थिति को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना की उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। लेकिन विडंबना है कि जांच की मांग करने के साथ ही एक खतरनाक व दुष्टतापूर्ण विमर्श मीडिया के कुछ हिस्सों द्वारा तैयार किया जा रहा है।

यह स्थिति परेशान करने वाली व चिन्ताजनक है। इस मामले में पक्षपाती दृष्टिकोण अपनाते हुए एक पक्ष का समर्थन किया जा रहा है तथा कुछ मृतकों को दूसरों की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। इन सबका उद्देश्य सरकार को कटघरे में खड़ा करना है, जबकि अभी प्रकरण में दोषियों का पता लगाया जाना बाकी है। एक प्रमुख समाचारपत्र के अनुसार यह व्यापक विरोध प्रदर्शन से निपटने की भाजपा की रणनीति का हिस्सा है। वह मुद्दे को लंबा खींच कर प्रदर्शनकारियों को थकाना चाहती है तथा उनको 'देश-विरोधी' व अन्य विशेषण देकर उनकी वैधता समाप्त करने के सक्रिय प्रयास कर रही है। ऐसे में मामला भड़कने पर वह बैरीकैडों और बल का प्रयोग करती है। वह इसे पुलिस राज्य की तरह कानून-व्यवस्था के मुद्दे की तरह व्यवहार करती है तथा प्रदर्शन या हिंसा के स्थल पर विपक्षी नेताओं को नहीं जाने दे रही है, जबकि वहां जाना निश्चित रूप से राजनेताओं तथा जन-प्रतिनिधियों का काम है। पहले तो ऐसे संवेदनशील मामले में काल्पनिक सिद्धान्तों के आधार पर पहले से ही किसी को दोषी ठहराना उचित नहीं है।

दूसरा, भाजपा की कार्यशैली को परिभाषित करने के लिए 'बैरीकैड और बल प्रयोग' शब्दों का प्रयोग उचित नहीं है। इस प्रकार के संपादकीय द्वारा सुनवाई के पहले ही भाजपा को दोषी ठहरा दिया गया है। बिना प्रमाणों के ऐसे कथन अनुचित व भ्रामक हैं। इसके साथ ही विपक्षी नेताओं को बाहर रखने के लिए सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। सरकार का इरादा स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखना तथा शांति स्थापना है। वास्तव में यह कदम किसान नेता राकेश टिकैत की सलाह पर उठाया गया था। कुछ खबरों के आधार पर उनको डर था कि राजनेता इस स्थिति का लाभ उठाने का प्रयास कर सकते हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस घटना से बचा जा सकता था? विरोध और विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र का अविभाज्य अंग हैं। लेकिन हमें यह भी अवश्य स्वीकार करना चाहिए कि विरोध प्रदर्शन कोई अंतिम लक्ष्य न होकर एक रास्ता है और यह रास्ता भी अपने आप में संपूर्ण नहीं है। किसी भी विरोध प्रदर्शन को वैध होने के लिए इस विरोध प्रदर्शन का विशेष उद्देश्य तथा इसमें समस्या समाधान का तरीका होना चाहिए। यह किसी भी नियम से स्वतंत्र बेलगाम कार्रवाई नहीं हो सकता है। एक लंबा और दिशाहीन विरोध प्रदर्शन निराशा, हिंसा और हत्याओं के लिए उपजाऊ जमीन तैयार करता है। जैसा कि इस घटना से स्पष्ट है, समाज-विरोधी तत्व भी ऐसी स्थितियों का लाभ उठाने के लिए तैयार रहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस खानविलकर ने 1 अक्टूबर को एक किसान संगठन द्वारा जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति मांगने का जवाब देते हुए किसानों के इस सवाल पर उचित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था, 'आप कह रहे हैं कि आप प्रदर्शन का अधिकार चाहते हैं। यह प्रदर्शन किस बात पर है? कानून को अदालत ने स्थगित कर दिया है। केन्द्र ने कहा है कि वह इसका क्रियान्वयन नहीं करेगा।' लखीमपुर में हुई मौतों के संदर्भ में भी सम्मानित जज ने जवाबदेही की कमी पर जोर देते हुए कहा, 'जब ऐसी घटनायें होती हैं, तो कोई उनकी जिम्मेदारी नहीं लेता है।' किसानों के विरोध प्रदर्शन में हिंसा की घटना पहली बार नहीं हुई है। 26 जनवरी अभी हमारे दिमागों में ताजा है। किसानों का विरोध आंदोलन अपनी सार्थकता खो चुका है।

लंबे समय से खींचे जा रहे आंदोलन ने इस गंदे टकराव के लिए उपजाऊ जमीन तैयार कर दी है। थोड़ी समझदारी से इस स्थिति से बचा जा सकता था। समय आ गया है कि लखीमपुर जैसी अन्य घटनायें रोकने के लिए किसानों का विरोध आंदोलन वापस लिया जाए। इसके साथ ही आठ लोगों में से प्रत्येक की मौत के दोषियों को दंड दिया जाए। वे चाहे जो हों, उनको फौरन गिरफ्तार कर अभियोजन चलाया जाए तथा कानून के अनुसार कठोरतम दंड दिया जाए।

# स्वास्थ्यरक्षा ढांचे का परीक्षण आवश्यक

> अस्पताल के सिस्टम और डेटाबेस से गुजरने वाले डेटा को डिजीटल, सामंजस्यपूर्ण और साझा किया जाना चाहिए, रोगी के रिकॉर्ड, एक्स-रे और सीटी स्कैन से लेकर बुनियादी ढांचे के भीतर उपकरण और मशीनरी के प्रत्येक टुकड़े के कामकाज पर डेटा तक।



**हर्षवर्धन**
(लेखक ईआरपी साल्यूशंस के अध्यक्ष हैं)

**देश** में पिछले लगभग डेढ़ साल से अधिक समय से चले आ रहे कोविड -19 संक्रमण के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए अस्पताल के बेड, वेंटिलेटर, चिकित्सा उपकरण और डॉक्टरों और नर्सों की कमी की रिपोर्ट ने दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे के डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। आधुनिक चिकित्सा को जीनोमिक्स, टेलीमेडिसिन, सर्जरी के लिए आभासी वास्तविकता और कई जैव-फार्मास्युटिकल अग्रिमों से समृद्ध किया गया है। लेकिन कई चिकित्सा प्रगति के पीछे, स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का सही डिजिटल परिवर्तन - अस्पताल, रक्त और वैक्सीन बैंक, डायलिसिस के लिए केंद्र, एम्बुलेटरी सर्जरी, इमेजिंग और रेडियोलॉजी - धीमा है।

अन्य क्षेत्रों के विपरीत, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), 5जी कनेक्टिविटी, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धि) और मशीन लर्निंग (एएल/एमएल) को सक्षम करने के लिए डिजिटल परिवर्तन स्वास्थ्य सेवा के लिए बहुत अधिक जटिल है। स्वास्थ्यरक्षा अवसंरचनना संबंधी नवीन पहलकदमियां तीन मुख्य मुद्दों से कम हो गई हैं और बना हुआ ह : पहला, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नियामक मानकों का अनुपालन; दूसरे, रोगी के रिकॉर्ड से लेकर एक्स-रे, सीटी स्कैन और अन्य एनालॉग या डिजिटल डेटा तक चिकित्सा डेटा के कई रूप; और तीसरा, परिवर्तन के प्रति अनिच्छा जो प्रशासकों को वास्तविक समय में प्रतिक्रिया, योजना और भविष्यवाणी करने की अनुमति देने के लिए एक स्पष्ट डिजिटल डैशबोर्ड को रोकता है।

परिष्कृत उपकरणों वाले कई अस्पतालों ने अभी तक चिकित्सीय निर्णय समर्थन और रीयल-टाइम अस्पताल कार्यप्रवाह को सक्षम करने के लिए मेडिकल रिकॉर्ड को पूरी तरह से कैप्चर और अद्यतित नहीं किया है, अकेले उन्हें दीर्घकालिक देखभाल और रोग प्रबंधन के साथ जोड़ देना चाहिए।



स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए एक सच्चे डिजिटल परिवर्तन की तैयारी के लिए योजनाकार और प्रशासक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) बुनियादी ढांचे में कैसे सुधार कर सकते हैं? कई महत्वपूर्ण कदम प्रक्रिया को किक-स्टार्ट या तेज कर सकते हैं। पहला है हेल्थकेयर हार्डवेयर के हर टचपॉइंट पर रीयल-टाइम डेटा कैप्चर बनाना या सक्षम करना। इसका अर्थ है सेंसर स्थापित करना, और उपकरण के अंतिम टुकड़े तक प्रत्येक सुविधा में और उच्च गति संचार को एम्बेड करना। दूसरा एक बार और सभी के लिए सूचना साइलो को तोड़ना है। अस्पताल के सिस्टम और डेटाबेस से गुजरने वाले डेटा को डिजीटल, सामंजस्यपूर्ण और साझा किया जाना चाहिए, रोगी के रिकॉर्ड, एक्स-रे और सीटी स्कैन से लेकर बुनियादी ढांचे के भीतर उपकरण और मशीनरी के प्रत्येक टुकड़े के कामकाज पर डेटा तक। इस अवरोध ने आईटी सलाहकारों और सिस्टम इंटीग्रेटर्स के दशकों के प्रयास को विफल कर दिया है। एक सामान्य प्रारूप में गोल्डन डेटा का एक प्रोटोकॉल संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा उद्यम की दृश्यता को सक्षम करेगा। तीसरा, एक ही दृश्यता विभिन्न स्वास्थ्य प्रणालियों की अंतःक्रियाशीलता की सुविधा प्रदान कर सकती है - इलेक्ट्रॉनिक रोगी स्वास्थ्य रिकॉर्ड का विश्लेषण कोविद -19 संक्रमण प्रवृत्तियों और टीकों की मांग और उन्हें स्टोर करने या वितरित करने के लिए आवश्यक कोल्ड-चेन बुनियादी ढांचे के साथ किया जा सकता है। चौथा, स्वास्थ्य देखभाल की संपत्ति, चाहे वह सीटी स्कैनर हो, ऑपरेटिंग रूम या वेंटिलेटर हो, उपयोग और स्थान के स्तर पर नज़र रखी जानी चाहिए। यह टूटने की भविष्यवाणी करने, रखरखाव की योजना बनाने और चिकित्सा कर्मचारियों की अगली पारी को उनका पता लगाने में मदद कर सकता है।पांचवां, इस तरह की ट्रैकिंग अधिक महत्वपूर्ण सी-सूट निर्णयों का समर्थन करेगी जैसे कि परिदृश्य योजना जो संभावित उपकरण की कमी, पुर्जों की उपलब्धता, और अस्पताल की जनशक्ति योजना के साथ आपूर्तिकर्ताओं के साथ सेवा-स्तर के समझौतों को जांच सकती है। रखरखाव के लिए प्रोटोकॉल का मानकीकरण करके - क्लाउड-सक्षम रीयल-टाइम डेटा द्वारा सहायता - उत्पादकता में सुधार होगा।

छठा, एमआरओ सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रचलित इन्वेंट्री तकनीकी प्रबंधन के रूप में जानी जाने वाली अवधारणा से सबक लिया जाना चाहिए। जो अधिक डिजिटल रूप से सक्षम हैं, वे अगले स्तर तक बढ़ गए हैं - दोहराव को रोकने और हार्डवेयर को अधिक समझदारी से साझा करने के लिए इन्वेंट्री की लचीली पूलिंग। अंत में, हेल्थकेयर हार्डवेयर के संरक्षक चिकित्सा परिणामों का त्याग किए बिना एआई/एमएल में संभावित कदम उठा सकते हैं। इनमें सेंसर शामिल हैं जो नर्सों द्वारा जांच की तुलना में प्रत्येक रोगी के स्वास्थ्य डेटा की अधिक बार निगरानी कर सकते हैं, और चैटबॉट्स का उपयोग नर्सों या जूनियर डॉक्टरों को कुछ रोगी लक्षण होने पर प्रश्न पूछने की अनुमति देने के लिए या यह जांचने के लिए कि उपकरण का एक टुकड़ा कब सर्विसिंग के लिए भेजा जाना चाहिए।

एआई/एमएल के माध्यम से, स्वास्थ्यरक्षा हार्डवेयर को स्वयं को दुरुस्त करने के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है। यह प्रोटोकॉल के माध्यम से निर्देशात्मक रखरखाव सीख सकता है जो विफलताओं की भविष्यवाणी भी कर सकता है और साथ ही कार्रवाई करने की सिफारिश कर सकता है। समय के साथ, उपकरण का प्रत्येक प्रमुख टुकड़ा खुद को निर्देश दे सकता है कि रखरखाव के लिए कब तैयार किया जाए, संभावित जोखिम, और पूर्व-खाली उपाय जो इसे करने चाहिए। कोविड -19 ने स्वास्थ्य प्रशासन के पीछे की सोच में दशकों में एक बार बदलाव की शुरुआत की है। अस्पताल के बीमार बिस्तर से बाहर निकलने और डिजिटल परिवर्तन को अपनाने का समय आ गया है।

## फरमाया



**फिर भी,** मैं फड़नवीस को बधाई देता हूं। उनकी वजह से मुझे याद आया कि मैं चार बार सीएम रह चुका हूं।

**- शरद पवार**
राकांपा प्रमुख



**वीटी-4** टैंक पाकिस्तान-चीन रणनीतिक सहयोग और रक्षा सहयोग का एक और प्रतीक है। इसके शामिल होने से हमारी क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा।

**- पाकिस्तानी सेना प्रमुख**
कमर जावेद बाजवा



**पंजाब** में केवल दो या तीन प्रतिशत किसान ही आंदोलन का हिस्सा हैं। पंजाब में ज्यादातर लोग शांतिप्रिय हैं।

**- दुष्यंत गौतम**
राष्ट्रीय महासचिव भाजपा

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### अब सस्ता होगा खाद्य तेल

**भारत** सरकार ने पाम सोयाबीन एवं सूरजमुखी के तेल की कच्ची किस्मों पर मार्च 22 तक के लिए बेसिक कस्टम ड्यूटी घटा दी है इन पर लगने वाला कृषि उपकर कम किया गया है पाम सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल की क्रूड वैरायटी पर कस्टम ड्यूटी अब क्रमशः 8.25 प्रतिशत, 5.5 प्रतिशत, 5.5 प्रतिशत होगी जो पहले 24.75 प्रतिशत थी। अगर भारत सरकार के इस निर्णय से आम जनता का भला होता है तो गरीब मध्यम वर्ग के लिए यह सरकार का एक बड़ा एवं महत्वपूर्ण कदम होगा ।एक लंबे समय से गरीब मध्यम वर्ग की रसोई से तेल, घी काफी दूर जा चुके हैं एवं उनकी किस माथापच्ची के साथ रसोई बनती है यह तो वही जानता है। एक दिहाड़ी मजदूर, एक रोज कमाने वाला मजदूर का दर्द ना समझने वाली सरकार अब अगर इन्हें आज खानपान में अभय दान दे रही तो यह एक सोने में सुहागा वाला कदम होगा। काफी समय से विपक्षी दल सरकार पर यह आरोप लगाते रहे हैं कि यह सरकार केवल पूंजी पतियों का ही समर्थन करती है उन्हें ही फायदा पहुंचाती है तो यह बात भी सत्य नजर आ रही थी मगर अब सरकार इस मोह जाल से बाहर आकर गरीबों की रसोई पर नजर डाल रही है तो यह हम सब के लिए काफी प्रशंसनीय बात है।

**- मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### विजयदशमी का संकल्प

**भारत** में विभिन्न त्योहारों की प्राचीन परंपरा रही है। हर त्योहार किस लिए होता है? शास्त्रों में बताया गया है। कई आक्रमणकारियों ने भारत पर शासन करने की कोशिश की। लेकिन वे समय-समय पर असफल होते रहे। वीर राजा-महाराजा ने उन्हें यहां से भगा दिया है। इसलिए जब भी उन्होंने दोबारा हमला किया और अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश की तो उन्हें मौके पर ही पीटा गया। यह सच्चा इतिहास है। लेकिन क्या हम इससे कुछ सीखते हैं? या बस इसे अस्थायी रूप से पढ़ें और इसके बारे में भूल जाएं? भारत पश्चिमी देशों की तुलना में प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। वहीं दूसरी ओर समाज को परेशान करने वाली घटनाओं का ग्राफ भी बढ़ता ही जा रहा है। प्रगति और सामाजिक स्वास्थ्य के बीच उचित संतुलन होना चाहिए। लोगों के बीच कलह और दूसरों के हक का लूटने और अपना पेट भरने की प्रवृत्ति है। यह बहुत बढ़ गयी है। जो लोग इस विकृति से संतुष्ट हैं, उन्हें मानव कैसे कहा जा सकता है? देवी-देवताओं ने राक्षसों से लड़कर उन्हें सबक सिखाया है। देवताओं की भक्ति के साथ-साथ उनके गुणों को भी आत्मसात करना चाहिए। एक लोकतांत्रिक देश में, लोकतंत्र के आधार पर गलत कामों को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

**- जयेश राणे,** मुंबई

### हिन्दी को सम्मान दें!

**एक** तरफ हम हिंदी को बढ़ावा देने में लगे है। वही दूसरी तरफ हम पालतू पशु पक्षियों को अंग्रेजी नामों से पुकारते है। जैसे स्वान का नाम जैकी या अन्य अंग्रेजी नाम रख कर बुलाते ,बातें करते है। हिंदी में कई सुंदर नाम हैं। फिर भी हम अंग्रेजी के पीछे न जाने क्यों पड़े रहते हैं। जब वातावरण में हिंदी का समावेश करेंगे तो स्वतः हिंदी भाषा से प्रेम होने लगेगा। हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। देखने में आ रहा है कि आजकल विदेशों में लोग हिंदी के चुम्बकीय आकर्षण को पहचानने लगे। वे धार्मिक भजन आदि वे बढ़िया ढंग से गा रहे है।अतः पशु पक्षियों के नाम हिंदी में रखे। हिंदी के प्रचार -प्रसार हेतु लेखन कार्य हिंदी में ही अनिवार्य करना होगा ताकि हिंदी लिखने की शुद्धता बनाई जा सके । मातृभाषा की सही स्तुति के लिए ये कार्य करना आवश्यक है ताकि मातृ भाषा का सही मायने में सम्मान हो सके। विधार्थियों को अपनी सृजनात्मकता ,मौलिक चिंतन को विषयान्तर्गत रूप से हिंदी व्याकरण और वर्तनी में सुधार की और ध्यान देना होगा।

**- संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

# कलेक्टर महोबे ने दिखाए कड़े तेवर, वर्मी कम्पोस्ट के उठाव में धीमी प्रगति

## महोबे ने दो टूक में कहा-गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com




जिले के कलेक्टर जनमेजय महोबे शासन की योजनाओं के जमीनी स्तर के क्रियान्वयन को लेकर कितने गंभीर है। उस बात का अंदाजा सहज इसी से लगाया जा सकता है कि महोबे स्वंय योजनाओं की मॉनिटरिंग करते है। गौठानों में जाकर हर एक चीज बारीकी से निरीक्षण कर जायजा लेते हैं। इतना ही नहीं कमी दिखने पर समीक्षा बैठक के दौरान उसे सही करने निर्देशित भी करते हैं। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि गौठानों में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट के उठाव में तेजी लाए। निर्मित वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट का शतप्रतिशत उठाव सुनिश्चित करें। महोबे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने गौठानों में उठाव के लिए शेष बचे वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट की जानकारी विकासखण्डवार और गौठानवार ली। वर्मी कम्पोस्ट के उठाव में धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त कर गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बोड़रा के गौठान प्रभारी सतीश साहू, ग्राम गंगोरीपार में गौठान प्रभारी जितेंद्र वर्मा, ग्राम बोहारडीह के गौठान प्रभारी नवल साहू, बालोद विकासखण्ड के ग्राम नेवारीकला के गौठान प्रभारी त्रिवेद आर्य, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम तिलोदा के गौठान प्रभारी इनसुख चन्द्राकर और ग्राम सियनमरा के के गौठान प्रभारी पंकज कुलदीप को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही एवं उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आपको बता दे कि जिन 6 गौठान प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया है वे सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हैं।

**गौठानों में स्वयं भ्रमण कर वस्तुस्थिति की जानकारी लें: महोबे**

कलेक्टर महोबे ने अधिकारियों से कहा कि गौठानों में गोबर खरीदी तथा केंचुआ उत्पादन जारी रहे। जिन अधिकारियों को गौठानों की जिम्मेदारी दी गई है, वे उसका निर्वहन करें। गौठानों में स्वयं भ्रमण कर वस्तुस्थिति की जानकारी लें। गोधन न्याय योजना से खरीदे गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण व वि य तथा चारागाहों में चारा उत्पादन लगातार जारी रहे। कलेक्टर ने कहा कि स्वसहायता समूहों के सदस्यों को विभिन्न आयमूलक गतिविधियों के माध्यम से उनकी आमदनी बढ़ाने उन्हें प्रोत्साहित करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित मुख्यालय में निवास करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट फसलों के लिए उपयोगी है। इसके उपयोग के लिए किसानों को प्रेरित करें। उन्होंने कृषि विभाग तथा उद्यान विभाग के अधिकारियों से वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट के उठाव की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने राजीव गॉधी किसान न्याय योजना के तहत कृषकों के पंजीयन तथा ऑनलाईन एण्ट्री की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रेणुका श्रीवास्तव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर सुब्रत प्रधान सहित कृषि विभाग, उद्यान विभाग के अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी व अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# कोविड-19 से मृत व्यक्तियों का प्रकरण शीघ्र तैयार करें : जनमेजय महोबे




पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि जिले में कोविड-19 से मृत व्यक्तियों का प्रकरण शीघ्र तैयार करें। कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के परिजन, आश्रित को अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की जाएगी। श्री महोबे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के परिजनों, आश्रितों को राज्य आपदा मोचन निधि से आर्थिक अनुदान सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में दिशानिर्देश जारी किया गया है। राज्य आपदा मोचन निधि के तहत् पचास हजार रूपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। कलेक्टर ने जिले में कोविड-19 से मृत व्यक्ति तथा प्राप्त आवेदन की जानकारी तहसीलवार ली। उन्होंने तहसीलदारों को प्रकरण तैयार करने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदारों से कहा कि कोविड-19 मृत्यु प्रकरण से संबंधित समस्त दस्तावेज आवेदन कलेक्टर कार्यालय शीघ्र प्रस्तुत करे। आवेदन में किसी तरह की त्रुटि पाए जाने पर आवेदक को मार्गदर्शन दें। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक दीवान, सुब्रत प्रधान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम, समस्त तहसीदार आदि मौजूद थे।

# भगवान राम के बताए मार्गो पर चलकर हम अपने जीवन को बना सकते हैं सफल : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



किसान नेता योगेश तिवारी ग्राम भिलौरी के दशहरा उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। यहां उन्होंने रामलीला का मंचन देखा। इस दौरान उन्होंने भगवान श्री राम और माता सीता का आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए किसान नेता ने कहा कि कोरोना महामारी की पहली और दूसरी लहर की समाप्ति के बाद इस साल लोगो दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने लंकापति रावण का वध किया था और मां दुर्गा ने महिषासुर नामक दैत्य का अंत कर तीनों लोक को उसके अत्याचार से बचाया था। विजयदशमी का पावन पर्व अधर्म पर धर्म की जीत व अन्याय पर न्याय की विजय के रूप में मनाया जाता है। इस दिन आध्यात्मिक और मानसिक शक्तियों में वृद्धि के साथ कष्टों के निवारण हेतु मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की पूजा अर्चना की जाती है। भगवान राम के बताए मार्गो पर चलकर हम सभी अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। भगवान राम ने अपने माता-पिता, भाई, पति समेत हर रिश्ते को पूरी मर्यादा और मान से निभाया। इस दौरान शरद, पंच राम साहू, हेमचंद साहू, रामकुमार, एकेश साहू, छगन साहू, श्यामचरण, धर्मेंद्र, यशवंत शंकर, भूषण, डामन, यशराज, लेखराम, बाबूलाल, भारत, प्रकाश समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने दशहरा मेला का आनंद लिया।

# रांका को मिला 1.60 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक बेरला के ग्राम पंचायत रांका में आयोजित लोकार्पण भूमिपूजन समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा थे। विधायक के कर कमलों से मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृति 03 सी सी रोड जो कि रांका के दोनों मोहल्लों के बीच सेतू काम करते हूए स्कूल पंहुच मार्ग मे तब्दील हो जाती है जिसकी निर्माण कार्य लागत राशि 66 लाख, इसके साथ ही अंचल मे पहली बार रांका की प्रमुख चौक बाबा दुकान-मंदिर चौक सोलर लाईट से जगमगाया गया है जिसके निर्माण कार्य लागत रू 2.24 लाख सहित विभिन्न विकास कार्यों का 95.03 लाख रुपए के कार्यो का फीता काट लोकार्पण किए। इसके साथ ही बहुप्रतिक्षित कुरूद मुख्य मार्ग से बुधवारी बाजार होते हुए स्कूल तक सुगम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृति 02 सीसी रोड़ निर्माण कार्य लागत राशि रू 40 लाख,तथा कबीर कुटी से बाबा दुकान चौक होकर बाजार-स्कूल तक सी सी रोड सह नाली निर्माण जो मंडी बोर्ड से स्वीकृत रू 24.50 लाख रुपए का पूरे विधिविधान से पूजा पाठ कर नारियल तोड़ भूमिपूजन किए और सभी के सूख समृद्धि और शांति की कामना की। मंदिर समिति की मांग पर कार्यक्रम स्थल पर छज्जा निर्माण की घोषणा करते हुए बताया कि कहीं विकास कार्य मे कोई कमी नही आने दी जायेगी, साथ ही रांका से सरदा तक लगभग उन्तीस करोड़ की लागत से शीघ्र निर्माण प्रारंभ होने जा रही सड़क सिमगा से भिलाई-दुर्ग के लिए सीधी कनेक्टीविटी करने वाली बेहद महत्वकांक्षी मार्ग बताया। साथ ही ग्रामवासियों के मांग अनुरूप मंदिर परिसर में छत निर्माण कार्य की घोषणा इस अवसर पर हीरालाल वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, लूकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, नवाज खान उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, सिददीक खान सभापति जनपद पंचायत बेरला, मौजीराम साहू, रामखिलावन साहू, रामकिशून साहू सरपंच प्रतिनिधि संतोष टंडन रजत यदू, बीरू साहू, सत्या पप्पू साहू, मेघनाथ यदू, लछ्छू साहू, खेदू साहू, गणेश देवागन, श्रवण साहू, कोमल मारकंडे रिकूं बंजारे, धनेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# तमाम शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं त्योहारी सीजन में गंदगी बीमारी का खतरा बढ़ा

पायनियर संवाददाता ✓ भिलाई
www.dailypioneer.com



शहर में सफाई का हाल देखना है तो आप जोन-2 वैशाली नगर घूम आइए। जगह-जगह गंदगी लोगों को डराने लगी है। तमाम शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं है। त्योहारी सीजन में गंदगी लोगों को डरा रही है। डर इस बात का है कि कहीं वैशाली नगर में बीमारी न फैल जाए। सफाई व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा करता है। भिलाई नगर निगम टेंडर में गड़बड़ी तथा जांच में उलझा है। जिस एजेंसी द्वारा सफाई का ठेका लिया गया है, उसके खिलाफ जांच चल रही है। जांच की आड़ में ठेका एजेंसी द्वारा सफाई व्यवस्था की चौपट कर दी गई है। अभी भिलाई निगम तथा सफाई ठेका एजेंसी नेचर ग्रीन का सारा ध्यान टेंडर लेने पर है। जबकि अब तक होता यह है कि दीपावली पर्व के दौरान भिलाई निगम चप्पे चप्पे की सफाई व्यवस्था पर ज्यादा ध्यान देता था। बीते दिनों सफाई व्यवस्था तथा पानी की समस्या को लेकर कार्यालय घेराव हो चुका है। भिलाई में जोन एक नेहरू नगर, जोन दो वैशाली नगर, जोन तीन मदर टेरेसा नगर, जोन चार शिवाजी नगर खुर्सीपार तथा जोन पांच सेक्टर-छह है। जोन पांच सेक्टर छह की चौपाट सफाई व्यवस्था को लेकर बीएसपी प्रबंधन को कलेक्टर तक लताड़ चुके हैं। भिलाई के शेष जोन में सफाई की चौपट व्यवस्था ने बीमारियों का खतरा बढ़ा दिया है। सफाई ठेका एजेंसी नेचरग्रीन की दो एजेंसियों द्वारा जांच की जा रही है। श्रम सचिव स्तर पर इसकी जांच हो रही है। भिलाई निगम की तीन सदस्यीय टीम अलग इसकी जांच कर रही है। एक तरफ जांच चल रही है तो दूसरी तरफ भिलाई निगम सफाई ठेका निकालने की प्रक्रिया में जुटा हुआ है।

# विजयादशमी पर आसुरी प्रवृत्ति के प्रतीक रावण पुतले का दहन मुख्यमंत्री भूपेश ने किया

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com






मां महामाया मंदिर के विशाल प्रांगण में भव्य मेले का आयोजन किया गया जिसका नगर वासियों तथा आसपास के ग्रामीणों ने भरपूर आनंद लिया संध्या 7.00 बजे से स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का प्रदर्शन किया गया और सभी को भक्तिमय बना दिया। पाटन विधानसभा के विधायक और प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के आगमन पश्चात रावण दहन का कार्यक्रम प्रारंभ करने से पूर्व अपने संक्षिप्त संबोधन में नगर वासियों को दशहरा विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी, उन्होंने कहा कि रामचंद्र जी का छत्तीसगढ़ से अभूतपूर्व संबंध है यह उनका ननिहाल है और उस हिसाब से रामचंद्र जी हमारे भांजे हुए और हम अपने भानजे की बड़ी पूजा करते हैं उनका सम्मान करते हैं। माता कौशल्या के पुत्र श्री राम हम सभी के लिए पूजनीय वंदनीय हैं इसलिए छत्तीसगढ़ में भांजे को विशेष दर्जा दिया जाता है। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर के कार्यो की सराहना करते हुए नगर वासियों को सौगातों का गुलदस्ता स्वरूप 30 करोड़ रुपए की स्वीकृति विभिन्न कार्य हेतु प्रदान करने की बात कही, रामलीला समिति को 1,00,000 रुपए साज-सज्जा एवं अन्य संसाधनों के विकास के लिए स्वीकृत किया। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा इस अवसर पर आकर्षक आतिशबाजी की गई जिससे कि पूरा मैदान जगमग हो उठा कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय प्रशासन और सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा अथक परिश्रम किया गया जिसका यह सुपरिणाम कार्यक्रम की सफलता के रूप में परिलक्षित हुआ। नगर में अन्य स्थानों पर भी रावण दहन के कार्यक्रम आयोजित किए गए उनमें से हिम्मत कॉलोनी स्थित बंगाली कालीबाड़ी मंदिर परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत द्वारा रावण दहन किया गया नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां प्रेषित की गई वार्ड क्रमांक 10 शंकर नगर में भी इसी प्रकार रावण दहन का कार्यक्रम किया गया समिति द्वारा प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत किया गया गरबा नृत्य में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।



# विजयादशमी पर रक्षित केन्द्र बेमेतरा में हुई शस्त्र पूजन

**बेमेतरा।** विजयादशमी के पावन पर्व पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षित केन्द्र बेमेतरा में कोरोना वायरस को ध्यान में रखते हुए शासन, प्रशासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देर्शो का पालन करते हुए पुलिस अधीक्षक बेमेतरा अरविंद कुजूर के द्वारा शस्त्र की पूजा की गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी रामकुमार बर्मन, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, सुबेदार रक्षित निरीक्षक संजय सुर्यवंशी, आर्मोरर सउनि अमरेन्द्र सिंह, कंट्रोल रूम प्रभारी सउनि अरविंद शर्मा व समस्त थाना चौकी प्रभारी एवं अन्य शाखा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। समस्त थाना चौकी प्रभारियों के द्वारा भी अपने-अपने थाना चौकी में शस्त्र की पूजा की गई।

## जमकर हुई आतिशबाजी देखने नगर वासियों सहित गांवों से लोग पहुंचे

# विजयदशमी पर्व पर राम ने किया रावण का वध

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजय दशमी पर्व पर कृषि उपज मंडी में राम रावण युद्ध रामलीला का संक्षिप्त प्रस्तुति के बाद रावण का दहन किया गया तदुपरांत जमकर आतिशबाजी हुई उसके बाद आरती के साथ एक दूसरे को लोगों ने बधाई के साथ शुभकामनाएं व्यक्त किया कल का शुक्रवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी मैदान में विजयदशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जहां पर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था की प्रशासन द्वारा किया गया था।

जिसके कारण लोगों को कोई परेशानी नहीं हुई वहीं शाम करीब 5.30 बजे सबसे पहले रावण दल पहुंच मैदान पहुंचा जिसके बाद राम दल का आगमन मैदान में हुआ जिसके लिए अलग से मंच बनाया गया था जहां पर रामलीला मंडली के द्वारा संक्षिप्त में रामलीला प्रदर्शन किया गया जिसमें प्रमुख पात्र राम लक्ष्मण हनुमान रावण विभीषण अंगद का संवाद संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत किया गया इसके बाद राम रावण युद्ध मंच पर हुआ तदुपरांत शाम करीब सात बजे राम-लक्ष्मण मंच से पैदल मैदान पहुंचे और अग्निबाण से रावण के पुतले का दहन किया गया इस अवसर पर बेमेतरा के विधायक आशीष छाबड़ा एवं नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू ने विजयदशमी पर्व पर सभी को बधाई के साथ शुभकामनाएं व्यक्त किया।

रावण वध के बाद उपस्थित लोगों ने राम लक्ष्मण का की आरती उतारे इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंसी पटेल नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगल साहू पार्षद वाहिद रवानी कलेक्टर भोस्कर विलास संदीपान सहित नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर विभिन्न अधिकारी पार्षद गणमान्य नागरिक सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ भिलाई
www.dailypioneer.com

हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति की आवश्यक बैठक हुई। इसमें वक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन द्वारा रिटेंशनधारियों की ब्याज सहित 64-48 गुना किराये की राशि में जून 2017 से जून 2020 तक छूट कर इस दौरान का केवल 32 गुना ही भुगतान करने के प्रबंधन के निर्णय को हाउस लीज संघर्ष समिति की देन बताया। किराया में राहत व टाउनशिप के 400 वर्गफीट तक एरिया वाले आवासों को लाइसेंस में देने का निर्णय पर भी श्रेय लेने की होड़ मचने पर संघर्ष समिति ने कहा कि कुछ संगठन के लोग इस पर वाहवाही लूटने का प्रयास कर रहे हैं जबकि वास्तविकता यह है कि ऐसे लोगों का इससे कोई लेना देना ही नहीं है। हाउस लीज संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि हाउस लीज आंदोलन एवं रिटेंशन धाराओं के 64/48 गुना किराया वृद्धि एवं उनके रोके गए सेल पेंशन के राशि का भुगतान या दो लाख से अधिक जमा वालों के पेंशन रिली करने कि लड़ाई में श्रेय लेने वाले संगठनों को कुछ भी योगदान नहीं है। आज तक एनजेसीएस यूनियनों ने हाउस लीज का मुद्दा कभी बैठक में नहीं उठाया है। क्षेत्रीय यूनियन लोइमु इस मुद्दे पर लगातार साथ दे रही है। हाउस लीज आंदोलन भिलाई में 2014 से शुरू हुआ है। अन्ततः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हस्तक्षेप व विधायक देवेंद्र यादव के सहयोग से बीते 21 जुलाई को कलेक्टर दुर्ग कि मध्यस्थता में बैठक हुई। इसके पूर्व 29 मार्च को बीएसपी के ईडी पीएंडए के साथ भी समिति के पदाधिकारियों की बैठक विधायक देवेंद्र यादव ने करवाई थी। इस निर्णय से पूर्व कार्मिकों के एक हिस्से को काफी राहत मिली है।

## निधन

### लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी



**बेमेतरा।** रायपुर देवेंद्र नगर निवासी के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिक लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी 88 वर्ष का तड़के रायपुर निजी हॉस्पिटल में आकस्मिक निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार रायपुर देवेंद्र नगर स्थित मुक्तिधाम में संपन्न हुआ जिसमें परिवार व सामाजिक तथा गण मान्य नागरिक उपस्थित थे, वे ग्राम दाढ़ी के निवासी मुकेश त्रिपाठी दिनेश नारायण त्रिपाठी एवं रमेश कुमार त्रिपाठी के पिता एवं पत्रकार अनिल त्रिपाठी के बड़े पिता थे।

# मठ मंदिर में धूमधाम से मनाया गया गद्दी महोत्सव का पर्व

पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



मठ में गद्दी महोत्सव का पर्व बड़े ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया जिसमें दूरदराज से आए हुए श्रद्धालु जन सहित नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयादशमी की पावन बेला में हर वर्ष मठ में मनाए जाने वाला गद्दी महोत्सव का पर्व शिवरीनारायण मठ मंदिर में बड़े ही श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग शाम 5.30 बजे बाजे-गाजे के साथ मठ मंदिर से भव्य शोभायात्रा जनकपुरी के लिए निकाली गई जो कि मध्य नगरी चौक एवं मेला ग्राउंड से होते हुए शाम 6.00 बजे जोगीडीपा पहुंचा, यहां पूरे विधि-विधान से शमी वृक्ष की पूजा की गई तत्पश्चात सभी श्रद्धालु जन हनुमान जी के दर्शन के लिए उपस्थित हुए लोगों ने एक दूसरे को सोन पत्ती बांट करके अभिवादन किया। शोभायात्रा शाम 7:00 बजे पुनः शिवरीनारायण मठ वापस होने के पश्चात गद्दी महोत्सव का शुभारंभ हुआ। होम-हवन संपन्न होने के बाद गद्दी स्थल की सात परिक्रमा करके राजेश्री महन्त जी महाराज गद्दी पर विराजित हुए। जगदीश मंदिर के पुजारी त्यागी जी महाराज ने तिलक लगा कर के आरती की एवं शाल, श्रीफल, द्रव्य भेंट कर पूज्य गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात मठ मंदिर के मुख्तियार सुखराम दास जी महाराज, ज्ञान दास जी नागा सहित अनेक संत महात्माओं ने बारी-बारी से पूजा अर्चना करके महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। बड़ी संख्या में उपस्थित नगर वासियों एवं आसपास के क्षेत्र से तथा दूर दराज से पधारे हुए श्रद्धालु भक्तों ने बड़ी श्रद्धा भक्ति पूर्वक अपनी बारी का लाइन में खड़े होकर प्रतीक्षा की एवं पूजा अर्चना करके साल, श्रीफल, द्रव्य, वस्त्र आदि भेंट कर महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया! अंततः राजेश्री महन्त जी महाराज श्रद्धालुओं सहित बाजे-गाजे के साथ भगवान शिवरीनारायण के दरबार में उपस्थित हुए,भगवान की पूजा अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की तत्पश्चात बड़े मंदिर की परिक्रमा करते हुए चंद्रचूर्ण महादेव, राम जानकी मंदिर होते हुए मठ मंदिर पहुंचे। यहां भगवान जगदीश्वर की पूजा अर्चना कर पूर्वाचार्यों के चरण पादुका स्थल एवं तुलसी चौरा की परिक्रमा करते हुए मठ में अपने स्थान पर विराजित हुए। दशहरा के पावन अवसर पर नगर वासियों का तांता लगा हुआ था! राजेश्री महन्त जी महाराज ने समस्त छत्तीसगढ़ तथा देश वासियों को दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी इस अवसर पर विशेष रूप से शाकंभरी बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, मठ मंदिर के ट्रस्टी बृजेश केसरवानी, वीरेंद्र तिवारी, भागवत तिवारी, दिलीप तिवारी नगर पंचायत शिवरीनारायण के उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, पार्षद रीना तिवारी, सुबोध शुक्ला, जनपद सदस्य कमलेश सिंह, अधिवक्ता प्रमोद सिंह, ज्ञानेश शर्मा, कल्याण सिंह बर्मन, हरिभूमि जांजगीर के ब्यूरो प्रमुख अभिषेक शुक्ला, राजू शर्मा, निरंजन लाल अग्रवाल, देवा लाल सोनी, ओम प्रकाश सुलतानिया, रामखेलावन तिवारी, शंकर खंडेलिया, शैलेंद्र कौशिक, आशुतोष शास्त्री, बलराज शुक्ला, राम लाल यादव, सेठ किरोड़ीमल अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, लाडली मोहन शर्मा, अशोक दुबे, राधेश्याम सोनी, आशीष केसरवानी, राकेश केसरवानी, छायाकार सोनी, जुगल केसरवानी सहित अनेक गणमान्य जन, एवं थाना शिवरीनारायण के स्टाफ उपस्थित थे।

# इमरान खान का हुआ राज्य स्तरीय रस्सा-कस्सी बालक वर्ग में चयन

**ऋषिकेश सिदार, आवेश कुरैशी एवं सचिन साहू भी खेलेंगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में**

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आगामी 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक 21 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता बालोद में आयोजित की गई है, जिसमें रस्साकसी बालक एवं बालिका अलग-अलग वर्ग के लोगों का भी कार्यक्रम होना है, जिसमें संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर द्वारा जारी की गई खिलाड़ियों की चयनित सूची में नगर पालिका शक्ति में पदस्थ इब्राहिम खान के मेधावी सुपुत्र इमरान खान भी चयनित हुए हैं।

साथ ही शक्ति के बालक वर्ग में ऋषिकेश सिदार एवं सचिन साहू सहित अन्य खिलाड़ियों का भी चयन हुआ है, एवं इमरान खान शक्ति के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कक्षा बारहवीं के छात्र हैं,तथा इमरान खान के कोच रवि राठौर हैं, एवं 17 अक्टूबर को रवि राठौर के साथ इमरान राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रवाना होंगे,एवं इमरान सहित शक्ति के अन्य खिलाड़ियों का का चयन होने पर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना की है, तो वही इमरान ने भी अपने इस चयन होने पर कहा है कि वह शक्ति क्षेत्र का नाम प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करना चाहते हैं, तथा वे आगे भी निरंतर खेल के क्षेत्र मे मेहनत करेंगे।

# मोटरसाइकिल व मोबाइल बेचने ग्राहक तलाश रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आरोपी स्थानीय प्लांट का कर्मचारी, बिना नंबर प्लेटिना बाइक और रियल मी मोबाइल जब्त**

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



शुक्रवार की दोपहर थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह को बंजारी मंदिर के पास एक व्यक्ति बिना नंबर प्लेटिना मोटरसाइकिल एवं रियल-मी मोबाइल बिक्री के लिए ग्राहक तलाश करने कि सूचना मुखबिर से मिला। थाना प्रभारी द्वारा थाने से सहायक उपनिरीक्षक विजय एक्का, प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर, आरक्षक वीरेंद्र कंवर, अमृत सिंह को मौके पर जाकर तस्दीक करने निर्देशित किए। पूंजीपथरा स्टाफ संदेही को बंजारी मंदिर के समीप तिवारी होटल के पास बाइक व मोबाइल बिक्री के लिए लोगों से चर्चा करते समय पकड़े। संदेही स्थानीय प्लांट में काम करना तथा अपना नाम कुलदीप सिंह बताया जिससे पुलिस टीम बिक्री की जाने वाली बाइक के कागजात की मांग करने पर आरोपी सक्ते में आ गया और तीन-चार दिन पहले तराईमाल से बाइक की चोरी व एक महिला का मोबाइल चोरी करना बताया। आरोपी के कब्जे से बिना नंबर प्लैटिना मोटरसाइकिल कीमती करीब 50,000 तथा एक रियल-मी मोबाइल कीमती ?15,000 (कुल बजाफ्ता 65,000) की बरामदगी कर चोरी की मशरूका रखने के अपराध में आरोपी कुलदीप सिंह सिदार पिता लोटन सिंह सिदार उम्र 27 वर्ष निवासी बेलझरिया मडियापिट्ठा थाना मरवाही जिला बिलासपुर हाल मुकाम सिंघल इंटरप्राइजेज तराईमाल थाना पूंजीपथरा पर थाना पूंजीपथरा में कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।



**शिवरीनारायण।** विजयदशमी पर्व के अवसर पर शिवरीनारायण थाना में रखे सभी शस्त्रों की थाना प्रभारी रविन्द्र अनंत ने पुरानी परम्परा अनुसार विधि विधान से पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों को दशहरे की बधाई एवं शुभकामनाए दी। इस अवसर पर थाना के पूरे स्टाफ उपस्थित थे।

# ग्राम टपरदा में शराब बना रहे आरोपी और विक्रेता पर पुलिस की कार्यवाही

**55 लीटर महुआ शराब की जब्ती, दोनों आरोपी गये जेल**


पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुसौर पुलिस द्वारा ग्राम टपरदा में अवैध रूप से शराब बनाए जाने की सूचना पर रेड कार्यवाही कर मौके पर शराब बना रहे आरोपी को पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में टपरदा के सुंदरलाल सारथी के लिए शराब बनाना बताया। पुसौर पुलिस सुंदरलाल सारथी को भी प्रकरण में आरोपी बनाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक 13.अक्टू. के दोपहर पुसौर थाना प्रभारी को ग्राम टपरदा में अवैध रूप से महुआ शराब बनाए जाने कि सूचना मुखबिर से प्राप्त हुई । थाना प्रभारी के निर्देशन पर थाने से प्रधान आरक्षक मोहम्मद दिलदार कुरैशी के हमराह स्टाफ शराब रेड कार्यवाही करने ग्राम टपरदा पहुंचे, जहां मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर शराब बना रहे आरोपी जेठूराम खुंटे पिता मालिक राम 60 वर्ष निवासी टपरदा को पकड़ा गया । आरोपी शराब बनाकर खेत के फसल में छिपा कर रखा था, मौके पर शराब बनाने का बर्तन (बड़ी डेचकी) तथा 20 लीटर, 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरकिन में भरा महुआ शराब एवं 5 लीटर वाली प्लास्टिक पॉलिथीन में कुल 55 लीटर महुआ शराब कीमती ?1100 की जब्ती की गई है । आरोपी जीतूराम खुंटे बताया कि गांव के सुंदरलाल सारथी के कहने पर 200 रुपये मजदूरी में शराब बनाने का काम करता है। पुसौर पुलिस आरोपी सुंदरलाल सारथी पिता पिता उज्जवल सारथी उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम टपरदा को हिरासत में लिया गया। दोनों आरोपियों पर थाना पुसौर में 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

# बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा उत्साह के साथ मनाया गया





पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा नगर में उत्साह के साथ मनाया गया। नगर में मुख्य समारोह बी. आर.साव विद्यालय में, बड़ा बाजार दशहरा समिति, श्रीराम उत्सव दशहरा उत्सव समिति दाऊपारा, पुलपारा, सोनार पारा, पड़रिया रोड़, रायपुर रोड़, आगर स्कूल के पास दाऊपारा, पाठक पारा, सहित गली-कूचे में रावण दहन कर दशहरा पर्व मनाया गया। मुख्य समारोह बी.आर.साव विद्यालय में आयोजित किया गया था पिछले वर्ष कोरोना के प्रतिबंध के चलते दशहरा पर्व सादगी से मना था लेकिन इस बार दशहरे पर्व में लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी और बड़ी संख्या में लोग दशहरा पर्व मनाने बी.आर.साव विद्यालय पहुचें। दशहरा उत्सव समिति द्वारा मुख्य समारोह का आयोजन किया गया था। रावण वध के लिए श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान की झांकी आगर विद्यालय से निकल कर समारोह स्थल पर पहुंची झांकी का विभिन्नों में स्वागत किया गया। इस बीच मंच में अतिथिगण विराजित थे राम, रावण के युद्ध का संवाद चलता रहा। जिसमें रावण का संवाद मोहन भोजवानी द्वारा प्रस्तुत संवाद को पंसद किया गया।

श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान के पश्चात 55 फीट उंची रावण की प्रतिमा पर राम ने प्रहार कर उसका वध किया इस अवसर पर भूपेन्द्र ठाकुर शिवतांडव श्रोत की प्रस्तुत की गई। रावण वेशभूषा में बद्री खांडेकर, मेघनाथ के भूमिका दुर्गेश साहू, ने प्रस्तुति दी।

# मिट्टी के रावण का पुतला निर्मित कर लाठियों से मार कर वध करने की परम्परा

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



दशहरा पर्व पर 125 साल से मुंगेली में दशहरा मनाने की एक विशेष परम्परा 1896 से आरंभ हुई थी और 125 वर्ष तक यह परम्परा अनवरत जारी है पिछले वर्ष कोरोना काल में यह परम्परा गाइडलाइन के चलते नहीं हुई थी वह इस वर्ष पुनः पटरी में आकर 125 वर्ष में पुनः स्थापित हो गई हैं। मुंगेली में दशहरा मनाने की एक विशेष परंम्परा लम्बे समय से चली आ रही है 1896 से मालगुजार गोर्वधन परिवार के लिए कुम्हार पारा के राजा कुंभकार का परिवार तीन पीढ़ियों से मिट्टी का इक्रोफेंडली रावण का निर्माण करते आ रहा है और गोर्वधन परिवार के मार्गदर्शन व उनकी उपस्थिति में मिट्टी के रावण का वध यादव समाज के द्वारा लाठी से मारकर करने की परम्परा आज भी बरकरार है। दशहरे के पर्व में गोर्वधन परिवार के लोग नागपुर, पुणे, रायपुर, बिलासपुर से परम्परागत त्यौहार को मनाने के लिए आते है।

गोवर्धन परिवार में पूजा अर्चना के पश्चात मुख्य समारोह स्थल पहुंच कर पूजा अर्चना किये जिसके पश्चात यादव समाज द्वारा रावण का वध लाठी मार कर किये।

# जय श्रीराम के जयघोष के साथ हुआ रावण दहन



**शिवरीनारायण।** असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा उत्सव को टेम्पल सिटी शिवरीनारायण मे बडे धुमधाम से मनाया गया। पिछले वर्ष दशहरा उत्सव में रावण दहन नही हो पाने का मलाल नगर के सभी नागरिकों को था इसलिए इस वर्ष नगर में भव्य दशहरा उत्सव मनाये जाने का निर्णय स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने लिया था और उसी के अनुरूप ग्राम कटौद के कारीगर से मेला मैदान में रावण क पुतला बनवाया गया था। 15 अक्टूबर दिन शुक्रवार को नगर म? हर्षोल्लास के साथ दशहरा उत्सव मनाया गया। रावण दहन से पूर्व नगर मे श्रीराम, लक्ष्मण ,हनुमान और वानर सेना की जीवंत झांकी निकाली गई जो गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए रात्रि लगभग 7.30 बजे रावण दहन स्थल पर पहुंची और वहां पर आतिशबाजी के बाद रावण का दहन किया गया। रावण दहन होते ही जन समुदाय खुशी से जय श्रीराम की जयघोष करने लगे और एक दुसरे से गले मिल कर दशहरा उत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

**मृतकों के परिजनों को 1-1करोड़ व घायलों को 10-10 लाख रुपये की सहायता राशि दे भूपेश सरकार**

# पत्थलगांव में हुए सड़क हादसे में घायलों हालचाल जानने मेकाहारा पहुंचे भाजपा नेता

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



शुक्रवार की दोपहर 1 बजे के करीब जशपुर जिले के पत्थलगांव शहर में हुए खौफनाक सड़क हादसे में हुई मौतों पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए पूर्व भाजयुमों जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास केड़िया ने इस हादसे को भयावह बताते हुए कहा कि यह घटना राज्य सरकार की नाकामी की परिणीति हैं।

आज देर सुबह युवा भाजपा नेता अपने समर्थकों के साथ मेकाहारा, हॉस्पिटल, रायगढ़ पहुँचे हुए थे जहाँ उन्होंने कल रात पत्थलगांव से रायगढ़ रिफर किये गए सभी गंभीर रूप से घायल मरीजों व उनके परिजनों से बातचीत कर उनका हालचाल जानने की कोशिश की। वहीं युवा भाजपा नेता केड़िया ने घायल मरीजों का उपचार कर रही मेडिकल टीम से भी बात कर यह सुनिश्चित किया कि उपचाराधीन मरीजों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो और उन्हें बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय सहायता मुहैया हो। इस दौरान वहाँ मौजूद मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए युवा भाजपा नेता ने कहा कि इस भयावह घटना के शिकार हुए सभी मृतकों व घायलों और उनके परिजनों के साथ पूरे प्रदेश भाजपा की संवेदना हैं और वो मीडिया के माध्यम से प्रदेश की भूपेश सरकार से माँग करते हैं कि इस सड़क हादसे के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले ये सुनिश्चित करें और साथ ही मृतकों के परिजनों को 1-1 करोड़ का मुआवजा व उनके घर के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे और सभी घायलों को 10-10 लाख रुपये की सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराए। इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से अजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शशिभूषण चौहान, राजेश जाटवर, भाजयुमो जिला कार्यालय प्रभारी नितीश चौथा, जिला भाजयुमो मिडिया सह प्रभारी अंकित मिश्रा, झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक खगेश देवांगन,झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ जिला सोशलमीडिया प्रभारी आकाश मिश्रा ,भाजयुमो नगर उपाध्यक्ष अंकुर गोरख व आकाश शर्मा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ सपन देवनाथ, अलपसंख्यक मोर्चा नगर उपाध्यक्ष रितेश जैन शाहनवाज खान, राज जायसवाल उपस्थित रहें।

# दाऊपारा में भी दशहरा पर्व का उत्साह दिखा, बड़ी संख्या में लोग पर्व मनाने के लिए उपस्थित हुए







पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

दाऊपारा में दशहरा उत्सव श्रीराम दशहरा उत्सव समिति द्वारा का आयोजन किया गया था। समिति द्वारा उत्साह के साथ आयोजन किया गया था। जिसमें स्वराज सिंह ठाकुर इंडियल आयडल फेम के द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम की अच्छी प्रस्तुति दी गई। स्थानीय रेस्ट हाउस के मैदान में यह आयोजन किया गया था। जिसे लोगो का अच्छा प्रतिसाद मिला और बड़ी संख्या में लोग दशहरा पर्व मनाने के लिए उपस्थित हुए। पूरा मैदान लोगो की भीड़ से भर गया था। जहां श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान की पूजा-अर्चना के पश्चात रावण दहन किया गया। जिसमें थानेश्वर साहू, श्याम जायसवाल, अनिल सोनी, आत्मासिंह क्षत्रीय, हेमेन्द्र गोस्वामी, राकेश पात्रे, संजीत बनर्जी, चन्द्रभान बारमते, लोकराम साहू, दिलीप बंजारा, राहुल कुर्रे, रोहित शुक्ला, मनुराज सोनी, संजय ठाकुर, अरविंद वैष्णव, दीलिप सोनी, आरिफ खोखर, विनय चोपड़ा, ललिता सोनी, मंजु शर्मा व नूरजंहा, शामिल हुए इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डी.आर. आंचला, एस.डी.एस. नवीन भगत, सहित अधिकारीगण मौजूद थे।

# असत्य पर सत्य की जीत को जीवन में उतारना अमल जरूरी : शकुंतला साहू

पायनियर संवाददाता ◂ लवन
www.dailypioneer.com





नगर पंचायत कसडोल के रावण मैदान में विजय दशमी (दशहरा) उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें छत्तीसगढ़ शासन की संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शकुन्तला साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर रामलीला मंडली द्वारा रावण वध का मंचन कर बुराई के प्रतीक रावण का पुतला दहन किया गया ततपश्चात दशहरा उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा भव्य आतिशबाजी की गई। साथ ही इस अवसर पर लंबी कूद ,ऊंची कूद खेल का आयोजन हुआ जिसमें विजेता प्रतिभागियों को सम्माननीय अतिथियों द्वारा प्रशस्ती पत्र प्रतीक चिन्ह व पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। शकुन्तला साहू ने क्षेत्रवासियों को दशहरा पर्व की बधाई दी ।उन्होंने कहा कि विजयादशमी का यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। हम सभी को इस दिन से सिख लेनी चाहिए कि हमें अपने जीवन मे कभी बुरा काम नही करना चाहिए क्योंकि बुरा का अंत हमेशा भयानक होता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि प्रभु रामचन्द्र के रास्ते पर चलकर सत्य के रास्ते पर चलकर , जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से श्विकास के नए नए आयाम स्थापित कर रही है।उन्होंने दशहरा उत्सव समिति की भव्य आयोजन के लिए सराहना की तथा राम लीला मंडली के सदस्यों को शुभकामनाएं दी। केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने उपस्थितजनों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ की सरकार भगवान रामचन्द्र के मार्ग पर चल रही है ।

हमारी सरकार आमजनों के हितार्थ जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है तथा राम वन गमन पथ का विकास कर रही है, माता कौशिल्या का मंदिर बना रही है। कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने सभा को संबोधित कर विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य की जीत, अधर्म पर धर्म की जीत एवं अन्याय पर न्याय की जीत का पर्व है। यह पर्व हमे अहंकार को समाप्त कर सत्य के मार्ग पर चलने की सिख देता है। वहीं नगरपंचायत कसडोल की अध्यक्ष नीलू चंदन साहू ने नगरवासियों को दशहरा उत्सव की बधाई शुभकामनाएं देते हुए अहंकार, बुराई को छोड़कर सत्य के मार्ग पर चलने संकल्पित होने की बात कही। इस अवसर पर ऋत्विक मिश्रा उपाध्यक्ष न.प. कसडोल, गोरेलाल साहू जिला पंचायत सदस्य, विक्रांत साहू जिला पंचायत सदस्य, मानस पांडे युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार, कमलेश साहू, श्याम बाई साहू पूर्व नगर अध्यक्ष, रामखिलावन डहरिया पार्षद,सेवती कैवर्त्य पार्षद, चंद्रिका वैष्णव पार्षद, ललिता यदु महिला कांग्रेस अध्यक्ष, मोहरसाय चेलक सचिव जिला कांग्रेस, छत राम साहू, मुरारी धीवर, देवेंद्र साहू, नोमेश साहू, अशोक पटेल, विजय साहू, गजेंद्र साहू,सुरेंद्र पाण्डेय, दशहरा समिति के अध्यक्ष एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष ऋत्विक मिश्रा, अशोक यादव, नीरेंद्र क्षत्रिय, चंदन साहू, भावेश यादव, ईश्वर यादव, राजेश कन्नौजे, बसंत श्रीवास, अरविंद मिश्र, योगेंद्र साहू, राजेन्द्र यादव, दिनेश वैष्णव, दशहरा उत्सव समिति के सदस्यगण, रामलीला मंडली के सदस्यगण , नगरवासी एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दुर्गा उत्सव समिति द्वारा उड़ेला में कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com




ब्लॉक सिमगा के ग्राम उड़ेला में जागृति एकता दुर्गा उत्सव समिति द्वारा भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसमें अतिथि गण के रूप में सुनील सोनी लोकसभा सांसद रायपुर, प्रमोद शर्मा जी विधायक बलौदा बाजार , शिवरतन शर्मा जी विधायक भाटापारा, राकेश वर्मा जी जिला पंचायत अध्यक्ष , तंग्राम वर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, वीना आडिल जी जनपद अध्यक्ष सिमगा, रेणुका अभिनव यदु जिला पंचायत सदस्य, आदिती बाघमार जिला पंचायत सदस्य, संतोष साहू जनपद सदस्य, आनंद यादव सांसद प्रतिनिधि, गोपी साहू विधायक प्रतिनिधि, धनेश्वरी ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत उड़ेला, लता निर्मलकर सरपंच ग्राम पंचायत उड़ेला अतिथि के रुप में बुलाया गया था जिसमें आमंत्रित कवि मीर अली मीर सारागांव रायपुर गीतकार, देवेंद्र परिहार मुंगेली वीर रस के कवि, संजय शर्मा रायपुर वीर रस देश भक्ति के कवि, बंसीलाल मिश्रा बिलाईगढ़ हास्य कवि मंच संचालन, कृष्णा भारती नानघाट हास्य कवि, ऋषि कुमार बइगा नीनवा धरसीवा हास्य कवि, चोवाराम वर्मा बादल उड़ेला हास्य कवि आदि को कवि सम्मेलन में शामिल थे ।

यह कवि सम्मेलन एकता के प्रतीक के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया। कवि के सम्मान में और कवि के पहचान में यह कार्यक्रम रखा गया था जो ग्राम उड़ेला में अष्टमी के पावन अवसर पर आयोजन किया गया जिसमें समिति के सदस्य उदय राम निर्मलकर अश्वनी कुमार वर्मा कुलेश्वर ध्रुव हीरालाल यादव यशवंत निर्मल कुमार धुरु मनहरण कुर्रे प्रकाश वर्मा धनेश वर्मा , विद्या संजय वर्मा सरपंच हथबंद, उपसरपंच अशोक दुबे, शिवकुमार सरपंच धोधा , पुने रामदेव दास सरपंच पौसरी , छत्रपाल बघेल उपसरपंच सकरी, मनोज तिवारी मुड़पार पूर्व सरपंच, भानु वर्मा सुहेला उपसरपंच, लोकेश्वर वर्मा विश्व हराम साहू आदि आसपास के प्रतिनिधियों से लेकर ग्रामीणों की भारी भीड़ लगी थी इस कवि सम्मेलन में हजारों की संख्या से आसपास के गांव से लोगों की भीड़ इस भव्य कवि सम्मेलन का आनंद लेने के लिए आए हुए थे।

## ग्राम गुजरा में दिपदान महोत्सव का आयोजन




**तिल्दा नेवरा।** नगर के समीप ग्राम पंचायत भुरूसुदा एवं उनके आश्रित ग्राम गुजरा में ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान एवं ग्राम पंचायत भुरसुदा के सयुक्त तत्वावधान में बिते दिन दिपदान महोत्सव का कार्यक्रम आयोजन किया गया था । जिसमें की मुख्य रूप से ग्राम पंचायत सरपंच सुशिला राजाराम साहू, सचिव शिव कुमार वर्मा, एंवम पंच-गण -जनपद सदस्य , Adeo, बिहान की बहनों एवं समस्त ग्रामीण भाईयो एवं दीदीयो दीपदान की सैकड़ो की संख्या में बिहान की महिलाएं सेवा जसगीत मांदर की धुन के साथ पूरा गांव भ्रमण कर भुरसुदा के तलाब और गुजरा के नहर नाला में पूजा- अर्चना कर गोठान में बने गोबर के दिया में दीपप्रजवलित कर छोड़ा गया ।

# आदिवासी समाज के महेन्द्र सिंह संरक्षक एवं क्षेत्रोपाल ब्लाक अध्यक्ष चुने गए

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सोहन पोटाई जिलाध्यक्ष भीखमसिंह ठाकुर महासचिव एसपी ध्रुव एवं जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार सर्व आदिवासी समाज ब्लाक इकाई सरायपाली का गठन जिला संरक्षक शिक्षाविद् दिवाकर मांझी जिला पर्यवेक्षक शुभसिंह जगत राजेन्द्रसिंह सिदार कुंजल सिदार कौशल खैरवार के उपस्थिति में तहसील अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों एवं ग्रामों से पधारे सक्रिय आदिवासी समाज जनों का स्थानीय नई कृषि उपज मण्डी प्रांगण में पदाधिकारी कार्यकारिणी गठन का किया गया।



बैठक में सामाजिक रूढ़ी परम्परानुसार शुभकार्य के पूर्व इष्टदेव बुढ़ादेव जी एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजन आरती व समाज प्रमुख अतिथियों का स्वागत सम्मान पश्चात पदाधिकारियों का कार्यकारिणी गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक के रूप में - महेन्द्रसिंह कश्यप शिक्षाविद् , जयदेव भोई विनोद दीवान गोपाल सिंह नेताम अध्यक्ष - क्षेत्रोपाल सिदार उपाध्यक्ष - रविशंकर भोई मती अन्नपूर्णा विशाल शिवलाल लकड़ा दिलीप भोई सचिव-सरधाराम सिदार सहसचिव-सोनूराम चंद्रवंशी नंदसाय बरिहा गोकुल जगत सफेद सिदार कोषाध्यक्ष- उत्तर कुमार सिदार कार्यकारिणी सदस्यगण- युधिष्ठिर सिदार सफेद भोई डोलामणी भोई सोनसाय भोय ह?दयानन्द नेताम कन्हैयालाल बरिहा महेन्द्र कुजूर परसराम भोई महादेव भोई पवित्रो भोई गोरेलाल सिदार डिग्रीलाल बरिहा महेन्द्र दीवान हरिशंकर नेटी चंद्रमणी सिदार मातृशक्ति महिला प्रभाग अध्यक्षा - मती डोलेश्वरी सिदार उपाध्यक्षा मती भागवती भोई केकती सिदार मती प्रेमलता सिदार युवा शक्ति प्रभाग अध्यक्ष हीरालाल मरकाम उपाध्यक्ष राजेश कुजूर विश्वनाथ हीरा मकरध्वज सिदार मिडिया प्रभारी रामप्रसाद सिदार आदि मनोनीत किया गया।

इस आयोजन में विशेष रूप से जिलाध्यक्ष भीखमसिंह ठाकुर मती नोविना अमृतलाल जगत सभापति जिला पंचायत महासमुंद उद्यानिकी एवं गोठान विभाग अमृतलाल जगत अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ बसना उत्तमसिंह जगत फूलसिंह ध्रुव सु डिम्पल ध्रुव मंशीर ध्रुव नरबाई बरिहा कृष्ण कुमार ध्रुव गुलाबकिशोर हीरा उत्तमसिंह चंद्रवंशी चुम्मनलाल पुहूप अर्जून कुजूर बाबूलाल सिदार कीर्तन सिदार बाबूलाल दीवान टाकेन्द्र राय चमरू सिदार कमल नेताम हिरणसिंह कश्यप जगदीश सिदार विजय नेताम दीपक जगत रामलाल बाघ सीताराम सिदार भुवनेश्वर नेताम राजकुमार नेताम गनपत सिदार बुढानसिंह सिदार गोवर्धन सिदार भगत सिदार कदमसिंह सिदार कैलाश सिदार गजपति विशाल गणेशराम सिदार विश्वर पोर्ते नरेश पोर्ते ईश्वर पोर्ते शिव अत्री भेषसिंह पुहुप विद्याचरण सिदार मती चम्पाबाई सिदार सुशीला पोर्ते पूर्णिमा पारेश्वर त्रिभुवनसिंह सिदार उध्दव जगत पोहित सिदार आदि उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत पांडातराई में निकली सर्वधर्म शांति रैली




**पांडातराई।** नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान के नेतृत्व में नगर के सर्वसमाज के प्रमुखों ने सद्भावना एकता शांति सौहार्द बनाए रखने के लिए रैली निकाली सभी ने नगर भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की और नगर में हमेशा एकता भाईचारे शांति बनाए रखने की अपील की फिरोज खान ने कहा की हमारा कवर्धा जिला शांति सौहार्द का टापू है हमारा जिला शांति का मिसाल है उसी तरह हमारा नगर पंचायत पांडातराई भी हमेशा एकता और भाईचारे के लिए जाना जाता है कुछ असामाजिक तत्वों के कारण शांति भंग होती है हमे इन तत्वों की बातों में कभी नहीं आना है और हमेशा एकता भाईचारा कायम रखना है। फिरोज खान ने सभी वरिष्ठ जनों का सम्मान किया साथ ही सभी धर्मो के लोगों के शामिल होने पर उनका आभार व्यक्त किया।

# अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन बिलासपुर ने दशहरे के मौके पर 10 गरीब परिवारों को दिया राशन

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ति
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन की बिलासपुर शाखा ने विजयादशमी दशहरे के मौके पर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाते हुए शहर सहित आसपास के अंचल के 10 गरीब जरूरतमंद परिवारों को 1 माह की खाद्यान सामग्री उपलब्ध करवाई तथा इस अवसर पर अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन बिलासपुर इकाई के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे, तथा सभी ने जरूरतमंद गरीब परिवारों की सेवा करते हुए इसे सबसे बड़ा पुण्य का कार्य बताया तथा इस कार्यक्रम के दौरान सभी ने विजयदशमी दशहरे की भी शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी, तथा वत्सला एक नई सोच की तरफ से भी उनके सदस्य डॉ गायत्री सिंह एवं डॉ बरखा रानी सिंह ने भी इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के पदाधिकारी सदस्यों ने बताया कि वर्तमान समय में जरूरतमंद गरीबों की सहायता करना ही सबसे बड़ी सेवा है, तथा आज इस दशहरे के मौके पर हम ऐसे परिवारों को उनकी सहायता कर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं

# कोविड-19 से मृत व्यक्तियों का प्रकरण शीघ्र तैयार करें: जनमेजय महोबे

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com




कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि जिले में कोविड-19 से मृत व्यक्तियों का प्रकरण शीघ्र तैयार करें। कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के परिजन, आश्रित को अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की जाएगी। श्री महोबे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के परिजनों, आश्रितों को राज्य आपदा मोचन निधि से आर्थिक अनुदान सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में दिशानिर्देश जारी किया गया है। राज्य आपदा मोचन निधि के तहत् पचास हजार रूपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। कलेक्टर ने जिले में कोविड-19 से मृत व्यक्ति तथा प्राप्त आवेदन की जानकारी तहसीलवार ली।

उन्होंने तहसीलदारों को प्रकरण तैयार करने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदारों से कहा कि कोविड-19 मृत्यु प्रकरण से संबंधित समस्त दस्तावेज आवेदन कलेक्टर कार्यालय शीघ्र प्रस्तुत करे। आवेदन में किसी तरह की त्रुटि पाए जाने पर आवेदक को मार्गदर्शन दें। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक दीवान, सुब्रत प्रधान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम, समस्त तहसीदार आदि मौजूद थे।

## एकता का मिसाल पेश करते जमुनिया सरपंच इदरीश खान



**कवर्धा।** जमुनिया में कुछ दिनों पहले नंदी स्थापना को लेके विवादों में घिरा सरपंच इदरीश खान ने आज अपने पंचायत में नंदी का स्थापना अपने पैसे से कराया और आज विजय दशमी को उसके पूजा अर्चना के साथ लोकार्पण किया जिसमें सभी ग्राम वासी के साथ सरपंच शामिल थे सभी लोग शामिल होकर एकता का मिशाल पेश किया जैसे कि कुछ दिनों पहले इनके ऊपर आरोप लगा था कि नंदी भगवान की स्थपना नही करा रहे हैं ये महज एक आरोप रहा । इसी के चलते पंचायत मद से न करा के अपने सरपंच इदरीस खान अपने स्वयं के पैसे से भगवान नंदी की स्थपना कराया और बताया कि हमेशा से सभी धर्म का सम्मान करते हैं और कोई भेद भाव नही करते हुए अपना दायित्वों को अच्छे से निभा रहे हैं आरोप के सम्बंध में कहा कि अच्छे काम करने वाले पे हमेशा आरोप लगता रहेता हैं और सभी को ये संदेश दिया कि आपसी भाई चारे से सभी लोग रहते हैं जिसे कोई भांग नही कर सकते है एकता ही हमारे भारत देश की ताकत है।

# पुलिस कप्तान मोहित गर्ग ने विजयदशमी पर की शस्त्रों की विधि विधान से पूजा-अर्चना

- **जिले में शांति व्यवस्था आपसी भाईचारा बनी रहे, हवन कर ईश्वर से की कामना**
- **कबीरधाम पुलिस ने आम जनों की रक्षा कर असामाजिक तत्व पर लगाम लगाने, अपराधियों को सलाखों के भीतर पहुंचाने का लिए विजयदशमी पर संकल्प**

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com



विजयदशमी पर्व के शुभ अवसर पर जोराताल पुलिस लाईन शस्त्रागार कवर्धा में प्रातः 10:30 बजे पूरे विधि - विधान से अस्त्र - शस्त्रों की पूजा अर्चना पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं उनकी पत्नी मती जागृति गर्ग के द्वारा किया गया। शस्त्र पूजा में 14वी बटालियन कमांडेंट डॉ लाल उमेद सिंह, तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मती मनीषा ठाकुर रावटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मती मोनिका सिंह परिहार, उप पुलिस अधीक्षक बी.आर. मंडावी, अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल अजीत ओग्रे, उप पुलिस अधीक्षक पी.आर. कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक आशीष मिश्रा, रक्षित निरीक्षक मती नरगिस तिग्गा बघेल एवं रक्षित केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी शस्त्र पूजा में शामिल हुये और किसी भी निर्दोष पर शस्त्र का कभी भी उपयोग न करने तथा असहाय आम जनों की हर संभव मदद कर उनकी रक्षा करने, असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने तथा अपराधियों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही कर सलाखों के भीतर पहुंचा कर जिले को अपराध मुक्त बनाने का संकल्प कबीरधाम पुलिस के द्वारा लिया गया, साथ ही जिले में शांति व्यवस्था, आपसी भाईचारा बना रहे के लिए शांति हवन कर जिले वासियों के खुशहाली की कामना की गई।

उपस्थित स्टाफ को प्रसाद का वितरण किया गया, तथा पूजित शस्त्रों से पुलिस अधीक्षक, कमांडेंट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी बोडला रक्षित निरीक्षक के द्वारा हर्ष फायर भी किया गया। इसके अलावा जिले के समस्त थाना एवं चौकी में भी पुलिस अधीक्षक गर्ग के निर्देशन में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम थाना परिसर के शस्त्रागार में आयोजित किया गया। थाना प्रभारियों के द्वारा थाना/ चौकी स्टाफ की मौजूदगी में शस्त्रपूजन पूर्ण विधि-विधान से किया गया।

# माँ दुर्गा की बाजे गाजे के साथ नम आंखों से दी गई विदाई



पायनियर संवाददाता ◂ लवन
www.dailypioneer.com

7 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक गाँव गाँव के दुर्गा पंडालो में विराजमान माँ दुर्गा प्रतिमाओं को भक्तों के द्वारा हवन पश्चात 9दिनों बाद विजय दशमी तिथि को बाजे गाजे के साथ नाचते गाते हुए नम आंखों से विदाई देकर क्षेत्र की खुशहाली एवं मंगल कामना का आशीर्वाद लिए गए।

# नगद लुटने आए 8 लुटेरों के हाथ जो लॉकर लगा वो खाली था, दूसरे लॉकर से बरामद हुई रकम

## 3 गार्डों पर तलवार, सब्बल से हमला कर घायल किया, शराब की बोतले भी साथ ले गए

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



डोंगरगढ़ के करीब बेलगांव कटली में स्थित शराब दुकान में शुक्रवार रात करीब दो बजे लूट की कोशिश की गई। शुरुआती जानकारी सामने आई कि बदमाशों ने यहां से तकरीबन 20 लाख की नगद लूट ली है। लेकिन अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद पता चला कि नगद रकम शराब दुकान के दूसरे लॉकर में सही सलामत है।

बताया गया कि 8 बदमाशों ने शराब दुकान में घुसकर 3 गार्डों को लाठी, डंडो और साथ लाए दूसरे औजारों से पीटा और फिर उनके कपड़े उतरवाकर उन्हें अंदर ही बंद कर दिया। लूट का असल मकसद यहां मौजूद पैसे थे लेकिन बदमाश अपने मंसूबो में नाकाम रहे। दरअसल, करीब 16 लाख की रकम वाले लॉकर की जगह बदमाश यहां से खाली पड़े लॉकर को साथ लेकर भागे हैं। दूसरे दिन सुबह ग्रामीणों ने यहां गार्डों की आवाज सुनकर उन्हें बाहर निकाला। बदमाश गार्डों को मोबाईल भी साथ लेकर भागे थे जिनमें से एक का मोबाईल हाईवे पर बरामद हुआ है। डोंगरगढ़ थाना प्रभारी शिव चंद्रा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया? कि बदमाशों के हाथ नगद रकम नहीं लगी। रकम सुरक्षित है। दुकान से कुछ शराब की बोतले वे साथ ले गए हैं। जिन गार्डों के साथ मारपीट हुई है उन्हें हल्की चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने दुकान के भीतर तोड़फोड़ की है। उन?होंनेनगद से भरे लॉकर को भी तोड़ने का प्रयास किया था लेकिन वे असफल रहे। वहीं यहां लगे सीसीटीवी कैमरों को भी बदमाशों ने तोड़ दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि हम बदमाशों की तलाश में जुटे हुए हैं। आशंका है कि बदमाश स्थानीय होंगे और उन?हें दुकान के लेन-देन की जानकारी पहले से होगी।

### क्षतिग्रस्त लॉकर से निकले 16 लाख

बताया गया कि लूट की सूचना मिलने पर दोपहर में आबकारी विभाग के अफसर भी मौके पर पहुंच गए। जांच की गई तो वहां पर एक कैश पेटी पड़ी मिली। उसे बदमाशों ने तोड़ने की कोशिश में बुरी तरह से पीटा था। इसके चलते अफसरों ने गैस कटर से पेटी को कटवाया। पेटी कटी तो उसमें से 16 लाख रुपए निकले। इसके बाद पता चला कि लुटेरे रुपयों से भरी कैश पेटी ले जाने की जगह, खाली पेटी ले गए हैं। उसके साथ कुछ शराब की बोतलें जरूर लूट ले गए।बताया गया है कि दुकान में दो दिन की बिक्री से आई नगद रकम रखी गई थी जो कि तकरीबन 16 लाख रुपए थी। माना जा रहा है कि बदमाशों को इसकी जानकारी थी और इसके चलते ही उन्होंने मुफीद समय चुनकर लूट की वारदात को अंजाम दिया लेकिन नगद लूटने में असफल रहे।

### सब्बल और तलवार से किया हमला

बताया जाता है कि शुक्रवार ‌ शनिवार की दरम्यानी रात करीब 2 बजे 7-8 नकाबपोश यहां लूट के इरादे से पहुंचे थे। यहां गार्ड मकसूदन वर्मा कोलेन्द्र, अजय, देवी शंकर मौजूद थे। बदमाशों ने यहां पहुंचते ही गार्डों की पीटाई शुरु कर दी। बदमाशों ने तीनों को लोहे के सब्बल, तलवार और शराब की बोतलों से हमला कर जख्मी कर दिया। इसके बाद सब्बल से दुकान के शटर में लगा ताला तोड़ अंदर घुस गए। इस दौरान बदमाशों ने सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए।

# लखोली में हुआ रावण के पुतले का दहन कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली में युवा संगठन द्वारा विजयादशमी पर्व पर अहंकार के प्रतीक रावण के पुतले दहन किया गया। इस अवसर पर वैश्विक महामारी कोरोना काल के दौरान अपनी सेवाएं देने वाले योद्धाओ का सम्मान किया गया तथा संगीतमय भजन की प्रस्तुति हुई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुर्व सांसद अभिषेक सिंह थे।

संगठन के प्रवक्ता संतोष निर्मलकर ने बताया कि 18 सालों से दशहरा पर्व को मनाया जा रहा है । आयोजन को लेकर संगठन के युवाओ का उत्साह देखते ही बनता है । कार्यक्रम में लखोली के पांच वार्ड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोग शामिल होते है । लखोली स्कूल मैदान में आयोजित होने वाले भव्य आयोजन में अनेक ख्याति प्राप्त लोक सांस्कृतिक संस्थाओ के मंजे हुए कलाकारो ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति देकर विशाल जनसमुह को बांधे रखा जिनमें चंदैनी गोंदा खुमान लाल साव, चिन्हारी ममता चंद्राकर, अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका रितु वर्मा की पंडवानी, रंग झरोखा दुश्यंत हरमुख, दुध मोंगरा डॉ पीसी लाल यादव, स्वर धारा विष्णु कश्यप, स्टार नाइट राजेश अवस्थी और इमरान खान द्वारा निर्देशित मया के अंगना की प्रस्तुति हुई। संगठन द्वारा इस वर्ष वैश्विक महामारी कोरोना संकट काल के दौरान अपनी सेवाएं देने वाले योद्धाओ का सम्मान किया गया। कोविड काल में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हुए पत्रकार मोहन कुलदीप और आत्माराम कोसा का सम्मान किया गया। स्वच्छता दीदी सीमा मेश्राम, परवीन बेगम, नर्स उमा साहू, सोनिया सिन्हा, पुलिस कर्मी सुमन कुमार कर्ष, प्रदीप शोरी का सम्मान प्रशस्ति पत्र व श्रीफल देकर किया गया । आयोजन को सफल बनाने में संगठन के युवाओ का योगदान सराहनीय रहा ।

# जिला स्तरीय नेशनल ट्राईबल डान्स प्रतियोगिता 18 को

**राजनांदगांव।** जिला स्तरीय नेशनल ट्राईबल डान्स प्रतियोगिता का आयोजन 18 अक्टूबर 2021 को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता में केवल आदिवासी नर्तक दल ही शामिल हो सकते हैं। प्रतियोगिता में शामिल होने के इच्छुक आदिवासी नर्तक दल 16 अक्टूबर 2021 तक अपना पंजीयन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव में करा सकते है। उल्लेखनीय है कि विजेता प्रतिभागी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

# राम रावण संवाद व आतिशबाजी के मध्य रावण दहन

## दशहरा उत्सव में नृत्य स्पर्धा की नयनाभिराम प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में दशहरा उत्सव पारंपरिक तौर पर मनाया गया। इस मौके पर कालेज ग्राउंड में राम-रावण संवाद के मध्य भव्य आतिशबाजी के साथ 25 फिट के रावण का दहन किया गया। डोंगरगांव दशहरा उत्सव समिति के द्वारा कालेज ग्राउंड में आयोजित दशहरा उत्सव दरम्यान नृत्य स्पर्धा भी आयोजित की गई। स्कूली बच्चों के मध्य देर रात्रि तक जारी नृत्य स्पर्धा में स्थानीय नागरिक सहित अंचलवासी भारी तादाद में थे। निशांत दशहरा उत्सव समिति डोंगरगांव द्वारा दशहरा उत्सव दरम्यान ही आयोजित बच्चों के नृत्य स्पर्धा में प्रथम स्थान रूपेश ठाकुर रहे। द्वितीय स्थान पर धरोहर ग्रुप तथा तृतीय स्थान पर प्लाज्मा ग्रुप राजनांदगांव की टीम को आयोजकों द्वारा पुरस्कृत किया गया। बच्चों के मध्य डांस स्पर्धा प्रीति शाह, गरिमा शुक्ला व रुपाली पांडेय ने जजमेंट किया। मंच का संचालन दीपक शर्मा व हर्ष यदु द्वारा किया गया। आयोजन में संरक्षक दिनेश गांधी, नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा भाई निषाद, ललित लोढा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकिशन माहेश्वरी, रामकुमार गुप्ता, संतोष यादव, हेमंत चोपड़ा, किशोर बोहरा, दीपक देवांगन सहित पार्षदगण ने सहयोग प्रदान किया।

दशहरा उत्सव समिति के प्रवेश ठाकुर, सिद्दीक़ बड़गुजर, गिरिजाशंकर उयके, हृदेश यादव, नवनीत अहीर, गोविंदा राजपूत, सौरभ ठाकुर, लक्ष्मीनारायण सेन, मनोज साहू, कमलेश, आशीष, गौरव यदु, पुष्पेंद्र हिरवानी, दानेश्वर, गुलाब, प्रेमचंद साहू, गब्बर यादव, हिमांशु, अभिषेक, अंकुश ने उपस्थित थे।

# पाटेकोहरा के दशहरा में हाईवे पर भ्रमण के बाद हुई रावण की एंट्री, जमकर आतिशबाजी

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत पाटेकोहरा में प्रति वर्ष अनुसार वर्षो से दशहरा मनाया गया। असत्य पर सत्य की जीत हुई और रावण का पुतला दहन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे से लगे ग्राम पाटेकोहरा में करीबन 60 वर्षो से नवरात्रि के बाद दशहरा मनाया जा रहा है। यहां पर स्थित मां दुर्गा मंदिर में इस वर्ष आस्था की 95 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया थाजिसका विसर्जन किया गया।

दशहरा में राम की सेना पिक अप वाहन में सवार होकर मैदान में पहुंची। राम की भूमिका में राजकुमार सिन्हा, लक्ष्मण बने अजय कुमार साहू, हनुमान का किरदार धर्मेंद्र चंद्रवंशी और महेंद्र चंद्रवंशी ने अंगद की किरदार निभाया साथ में छोटे-छोटे बच्चों ने वानर सेना की भूमिका निभाई और रावण का महत्वपूर्ण किरदार पाटेकोहरा के समाजसेवी परमजीत सिंह (पम्मा) ने निभाई। बताया जाता है इसके पूर्व रावण की भूमिका यहीं के निवासी पंडित व्यास नारायण तिवारी जी निभाते थे। वे वर्तमान में दुर्गा मंदिर में पुजारी का कार्य करते हैं। रावण की सेना में भगवान राम ठाकुर इंद्रेश साहू के साथ राक्षसों की भूमिका कई लोगों ने निभाया और कॉमेडी से दर्शकों को खूब हंसाया रावण की भूमिका निभाने वाले परमजीत ने पाटे कोहरा से नेशनल हाईवे में अपनी सेना के साथ कार में सवार होकर भ्रमण किया। रणभूमि बने मैदान में धमाकेदार एंट्री की जिसके बाद रामायण में गणेश जी की पूजा अर्चना के साथ रामलीला की शुरुआत हुई।

### हास्य प्रसंग पर लगे ठहाके

राम रावण में युद्ध हुआ और अंत में रावण वध के साथ रावण का पुतला दहन किया गया। इस बार रावण ने कोरोनावायरस को लेकर मास्क है जरूरी 2 गज की दूरी, तुम मुझे नहीं मार सकते राम क्योंकि मैं कोरोनावायरस का टीका लगा कर आकर आया हूं ... जैसे हास्य प्रसंग से लोगों का दिल जीत लिया और दर्शको ने खुब ठहाके लगाए। रावण दहन के बाद जमकर हुई आतिशबाजी साथ ही गुब्बारे भी छोड़े गए। रामलीला मंडली के अध्यक्ष नारद सिंह ठाकुर, दुर्गा मंदिर समिति अध्यक्ष काशी चंद्रवंशी, रामायण पाठ हीरामन चंद्रवंशी ने किया हेम कुमार सिन्हा ने गायन किया, बृज लाल साहू, राजेश ठाकुर के साथ पाटेकोहरा के युवा बुजुर्गों ने भरपूर सहयोग किया यहां पर क्षेत्र के दूरदराज से दशहरा देखने के लिए लोगों की अच्छी भीड़ लगी रही।

# राजस्व बढ़ाने के लिए कांग्रसी लोग महिलाओं को भी शराब पीने के लिए बोल रहे हैं : किरण साहू

■ महिला मोर्चा शराबबंदी के लिए अभियान चलाएगी-पारुल जैन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष किरण साहू,महामंत्री पारुल जैन ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब उन्हें पुलिस प्रशासन का डर भी नहीं है। प्रदेश में अपराधी बेखौफ होकर कहीं शराब बेच रहे हैं तो कहीं नशे का कारोबार कर रहे हैं लेकिन प्रदेश सरकार उन दोषियों के ऊपर कार्यवाही करने के बजाए उन्हें संरक्षण दे रही है। प्रदेश में ज्यादातर घटनाएं शराब एवं नशे के कारण हो रही है। कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र में जो वादे किए उनमें से 32 महीने बीत जाने के बाद भी उन वादों पर अमल करने के बजाए कुर्सी की दौड़ में लगे हुए हैं। भाजपा की महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रेखा मेश्राम ने कहा कि शराबबंदी का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार शराबबंदी नहीं कर रही है। बल्कि प्रदेश सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया द्वारा महिलाओं को शराब सेवन करने के लिए सलाह दे रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस में पूर्ण शराबबंदी का वादा किया था लेकिन सत्ता में आते ही शराबबंदी करने के बजाए प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री कहते हैं कि लोग थकान दूर करने के लिए शराब का सेवन करते हैं, वही दूसरी ओर महिला एवं बाल विकास मंत्री द्वारा भी महिलाओं को शराब सेवन करने की बातें कह रही है इससे स्पष्ट है कि प्रदेश सरकार शराबबंदी करने के बजाए अब प्रदेश में शराब का प्रचार कर रही है। प्रदेश सरकार अपने आला नेताओं को खुश करने के लिए एवं शराब से प्राप्त पैसों को यूपी चुनाव में खर्च करें इसलिए महिलाओं को महिला बाल विकास मंत्री के द्वारा यह बात कहलवा रही है। उन्होंने कहा कि एक तो शराब के सेवन से घर एवं परिवार पूरी तरह तबाह हो रही वहीं इसी शराब की वजह से हत्या, लूट, बलात्कार, मारपीट जैसे घटनाएं हो रही हैं।

# जिपंअध्यक्ष गीता साहू ने सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया



पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मातेखेड़ा एवं ग्राम पंचायत बैरागीभेड़ी के आश्रित ग्राम दीवान टोला में सीसी रोड भूमि पूजन कार्य म का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू के अतिथि में विधिवत पूजा अर्चना कर सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ कियागया। अध्यक्ष गीता साहू ने ग्रामवासियों को दुर्गा अष्टमी एवं विजयदशमी की हार्दिक बधाइयां शुभकामना देते हुए लोगों को सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर घासी राम साहू महामंत्री जिला किसान मोर्चा, द्रोपति मंडावी जनपद सदस्य, चंपा साहू सरपंच ग्राम पंचायत मातेखेड़ा, भग्गू राम चंद्रवंशी पूर्व सरपंच,शिवप्रसाद, कोमल साहू ,चित्रांगन साहू ग्राम जोशीलमती समाज सेवक, खिलेश्वर साहू महामंत्री भाजपा ग्राम साल्हेटोला, नरेश कुमार रोजगार सहायक, भुवन कुमार ग्राम पटेल,श्रीमती सुरजा बाई पंच ,मनीषा साहू पंच, कुंवारिया बाई पंच ,रैनी बाई पंच, राजेश साहू, मोहन साहू, ,भगोली, पंचू एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आबकारी आरक्षक की दादागिरी, पान ठेला संचालक से चिचोला में की मारपीट, मामला पहुंचा थाना

■ जब?त गाड़ियों का इस?तेमाल कर रहे आबकारी कर्मी

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र में चिचोला बस स?टैंड स्थित हाईवे में आबकारी आरक्षक द्वारा पान ठेला संचालक व एक अन्य व्यक्ति से मारपीट की घटना सामने आई है। चिचोला पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात को आबकारी विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ राकेश दुबे और दुर्गेश दुबे ने चिचोला बस स्टैंड में हाईवे रेस्टोरेंट के पास पान ठेला संचालक मनीष पार्वती (29) निवासी बाघनदी और पवन अग्रवाल (23) निवासी रंगीटोला चिचोला के साथ मारपीट की गई। दोनों प्रार्थी ने चिचोला में शिकायत दर्ज कराई है। आबकारी विभाग के आरक्षक राकेश दुबे और दुर्गेश दुबे के ऊपर अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

खबर यह भी है कि घटना के दौरान आरोपी आबकारी विभाग कर्मियों द्वारा जब?त की गई गाड़ी का इस्तेमाल किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि बिना नंबर की स्कॉर्पियो वाहन को आबकारी विभाग में किसी मामले में जप्त किया गया है। सवाल यह उठ रहा है कि आबकारी विभाग में जप्त वाहन को विभाग के कर्मचारी कैसे उपयोग कर रहे हैं। जबकि जप्ती हुई कार को बिना न्यायालय की अनुमति के उपयोग नहीं कर सकते।

## सट्टे के लेन देन में मृतक को प्रताड़ित किया गया था

# 306, 34 के मामले में फरार दो सगे भाई नगरी में गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



ब्लॉक मुख्यालय छुईखदान अंतर्गत वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा में साइबर सेल राजनांदगांव एवं साल्हेवारा पुलिस की संयुक्त टीम ने 306, 34 के मामले में विगत 1 माह से फ़रार चल रहे साल्हेवारा निवासी दो अभियुक्तों को धमतरी जिला के नगरी से गिरफ़्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया। दोनो अभियुक्त नगरी में अपने किसी रिश्तेदार के घर रुके हुए थे।

ज्ञात हो कि वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा में 17 - 18 सितम्बर की रात्रि को भाजीडोंगरी निवासी सरोज पिता विष्णु निषाद ने अपने ही दुकान में एक सुसाईड नोट लिखकर आत्म हत्या कर ली थी। मृतक ने सुसाईड नोट में साल्हेवारा के सबीर मोहम्मद उर्फसोनू पिता मीर मोहम्मद 25 वर्ष और आसमीर खान उर्फ छोटू पिता मीर मोहम्मद 29 वर्ष का नाम जिक्र किया था। अभियुक्त दोनो सगे भाई है। घटना सट्टा की लेन देन की वजह से हुआ था। इस घटना ने पूरे वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा को झकझोर कर रख दिया था। मृतक के जेब से एक सुसाईड नोट बरामद होने के बावजूद साल्हेवारा पुलिस द्वारा कार्यवाही नही किये जाने पर वहां के लोगों ने उग्र रूप से थाने का घेराव भी किया था तथा इसकी शिकायत एसपी कार्यलय राजनांदगांव में किया गया था। घटना के बाद से दोनों अभियुक्त फ़रार चल रहे थे। जिसे आज लगभग 1 महीना बाद धमतरी जिला के नगरी से गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

साईबर सेल राजनांदगांव और पुलिस थाना साल्हेवारा के संयुक्त टीम ने 306, 34 के अभियुक्तों को धमतरी जिला के नगरी से गिरफ़्तार कर जेल भेजा गया है। सुसाईड नोट हैंडराइटिंग जांच के लिए लैब गई है, जैसे ही जांच रिपोर्ट आएगी वैसे ही आगे की कार्यवाई किया जाएगा, फिलहाल विवेचना जारी है।

डॉ. अनुराग झा,
एसडीओपी गंडई

### निधन
### गुरुदत्त शर्मा



**डोंगरगांव नगर।** नगर के मटिया वार्ड 14 के प्रतिष्ठित नागरिक रिटायर्ड शिक्षक गुरुदत्त शर्मा का गुरुवार 14 अक्टूबर को द ु ख द देहावसान हो गया है। वे लगभग 77 वर्ष के थे। वे काफी दिनों से अस्वस्थ थे, उपचार के दरम्यान उन्होंने अंतिम सांसे ली। वे अपने पीछे धर्मपत्नि, तीन पुत्रों नरेंद्र, रजनीश व विजय सहित भरापूरा परिवार पीछे छोड़ गए हैं। स्वर्गीय शर्मा का अंतिम संस्कार 15 अक्टूबर शुक्रवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा शिक्षक समुदाय जनप्रतिनिधिगण सहित स्थानीय नागरिकगण सम्मिलित थे।

**न्यायालय तहसीलदार केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र..../202110201200003/ अ-6(अ)/2020-21

**// उद्घोषणा //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक जग्गा मण्डावी पित दुवारू मण्डावी जाति गोंड निवासी ग्राम खेतरपाल तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक स्वयं के नाम पर नवागढ़ प.ह.नं. 24 खेतरपाल रा.नि.मं. बहीगांव स्थित भूमि खसरा नं. 7/10/घ, 7/21/व, 22/11/च, 22/15/ज, 22/23/छ, 34/5/ख, 71/1च, 74/1च कुल खसरा नं. 8 कुल रकबा 0.947 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज हैं। उक्त भूमि खाता में आवेदक का नाम जगनाथ पिता दुवारू नाम दर्ज है। जो कि गलत होना बताया गया है। वास्तविक नाम जग्गा मण्डावी पित दुवारू होना बताया है। अतः आवेदक द्वारा जगनाथ को सुधार कर वास्तविक नाम जग्गा पिता दुवारू नाम त्रुटिसुधार करना चाहता है। उक्त खाता की भूमि में आवेदक का नाम सुधार कर सही नाम दर्ज करने हेतु खाता नकल की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/ को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 18.10.2021 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उदघोषणा आज दिनांक 01.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी।

(मुहर)

**नायब तहसीलदार केशकाल (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र./ /ब-121/2021-22

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक छबीलाल पिता चमरू जाति गोंड निवासी चिपरेल तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.) द्वारा अपने प्रस्तुत आवेदन में अपनी माता रमशीला पति चमरू का मृत्यु दिनांक 13.06.2007 को ग्राम चिपरेल में होना बताया है। उसे मृत्यु प्रमाण हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने विधिकप्रतिनिधि के माध्यम से आगामी पेशी दिनांक 25.10.2021 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उदघोषणा आज दिनांक 11.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी।

दिनांक 11.10.2021

(मुहर)

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी केशकाल (छ.ग.)**

## क्विक न्यूज

### रेलवे में ट्रैक पर मिली युवक की लाश हत्या की आशंका

**बिलासपुर।** दगोरी रेलवे स्टेशन से कुछ दूर आगे ट्रैक पर एक युवक की लाश मिली है। सूचना के बाद बिलासपुर जीआरपी थाना प्रभारी जीआर राठिया पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचे। जांच के दौरान घटना संदेहास्पद लग रही है। दरअसल जिस ट्रैक पर लाश मिली है। वहां से अभी तक एक भी ट्रेन या मालगा?ी नहीं गुजरी है। मृतक के शरीर का कोई भी हिस्सा ट्रेन से नहीं कटा है। सिर पर चोट के निशान है। प्रथम दृष्टया में यह माना जा रहा है कि हत्या का कर शव ट्रेक पर रख दी गई। हालांकि सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो गई। जीआरपी अभी मौके पर जांच कर रही है। बिल्हा पुलिस भी सहयोग कर रही है। घटना शुक्रवार देर रात की है। जिसकी सूचना शनिवार की सुबह स्टेशन मास्टर ने जीआरपी थाने को दी। मेमो में घटना के संबंध में विवरण भी दिया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अन्य पुलिसकर्मियों को लेकर घटना स्थल के लिए रवाना हुए। वहां पहुंचकर जीआरपी ने जब जानकारी ली तो पता चला कि घटना स्थल वाली रेल लाइन से कोई गाड़ी नहीं गुजरी है। इससे जीआरपी भी हैरान रह गए। हालांकि ट्रैक से शव को हटाकर जांच की गई तो सिर में चोट के निशान मिले हैं।

### होम्योपैथी शिविर का आयोजन 23 व 24 को

**बिलासपुर।** दो दिवसीय राष्ट्रीय होम्योपैथी शिविर शहर में पहली बार लगाया जायेगा। जिसमे देश के विख्यात एक्सपर्ट डॉक्टर आएंगे। अमरकंटक हेल्थ सेंटर और जेके ग्रुप ऑफ कॉलेज का संयुक्त आयोजन लोगों का ईलाज और होम्योपैथी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस होम्योपैथी शिविर में कोरोना से जंग जितने के बाद तमाम तरह की तकलीफों का सामना कर रहे मरीजों को विशेष रूप से परामर्श दिया जाएगा। शारीरिक और मानसिक तनाव का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे। आयोजन प्रमुख डॉ एस. जेड. अहमद ने बताया अपनी तरह का यह पहला आयोजन होगा।

## सीएसआईडीसी और नगर निगम के बीच सामंजस्य नहीं

# हाईटेक बस स्टेंड के हैंडओवर में लेट लतीफी

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर।
www.dailypioneer.com

प्रदेश का पहला हाईटेक बस टेंड को चला पाने में पूरी तरह असफल होने के बाद सी एस आई डी सी को बस स्टेंड के संचालन के दायित्व से मुक्त करते हुए इसकी जवाबदारी नगर निगम को देने की घोषणा के बाद महीनो बीत गए है मगर हैंडओवर नही होने के कारण मामला लटक गया है ।नगर निगम और सी एस आई डी सी के बीच सामंजस्य नहीं होने से हैंड ओवर का मामला उलझ कर रह गया है।बताया जा रहा है कि हैंडओवर में लेटलतीफी को लेकर सीएसआईडीसी और निगम आमने-सामने हैं। हाइटेक बस स्टैंड की बदहाली से आम जनता परेशान हैं। बस स्टैंड की हालत बद से बदतर हो गई है।

तिफरा में सी एस आई डी सी की जमीन पर प्रदेश का पहला हाईटेक बस स्टेंड का निर्माण हुआ तो उसके संचालन की जिम्मेदारी सी एस आई डी सी ने ली मगर अव्यवस्था ,भ्रष्टाचार और मेंटनेंस के सामने हाईटेक बस स्टेंड की दुर्दशा होने लगी । इस पर सी एस आई डी सी ने बस स्टेंड के संचालन में असमर्थता जताई।जिन लोगो ने अलग से कमाई की उन लोगो ने हाथ खींच लिया ।आवक कम और खर्च ज्यादा होने का हवाला दे बस स्टेंड का संचालन करने से इंकार करने पर संचालन का दायित्व नगर निगम को दिया तो गया मगर नगर निगम को बस स्टेंड का हैंड ओवर अभी तक नही मिल पाया। हैंडओवर का पेच दो विभागों के बीच फंसा हुआ है। बताया जा रहा है कि हैंडओवर में लेटलतीफी को लेकर सीएसआईडीसी और निगम आमने-सामने हैं।



### कैबिनेट की बैठक में लिया गया था निर्णय

इसके संचालन में सीएसआईडीसी के फेल होने के बाद बीते 20 जुलाई को कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया था कि हाईटेक बस स्टैंड अब नगर निगम के अधीन होगा. हालांकि फैसले को 2 महीने बीत गए हैं, लेकिन अब तक हाईटेक बस स्टैंड को निगम के हाथों नहीं सौंपा गया है. माना जा रहा है कि हैंड ओवर की प्रक्रिया को लेकर सीएसआईडीसी और निगम दोनों विभाग आमने–सामने है। सीएसआईडीसी के अधिकारियों का कहना है है कि उनके तरफ से प्रक्रिया पूरी कर निगम को जानकारी सौंप दी गई है. लेकिन निगम अब हैंडओवर लेने में लेटलतीफी कर रहा है. इधर निगम का कहना है हैंडओवर में विलंब सीएसआईडीसी के कारण हो रहा है. सीएसआईडीसी उन्हें हाईटेक बस स्टैंड की पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं करा रहा है. निगम का सीएसआईडीसी पर लेटलतीफी का आरोप

### मूलभूत सुविधाओं तक का अभाव

वहीं, निगम के सभापति शेख नजीरुद्दीन ने बताया कि सीएसआईडीसी प्रक्रिया प्रारंभ ही नही कर रही है. हाईटेक बस स्टैंड में कितनी दुकानें है. कितने को एलाट किया गया है, कितना किराया है. साथ ही सड़क से एंट्री लेने पर बस स्टैंड पहुच सड़क पर भी कब्जा है. अगर ये सब की जानकारी सीएसआईडीसी दे देगी तो बस स्टैंड का हैंडओवर ले लेंगे। दोनों विभागों के खींचतान के बीच आम जनता बस स्टैंड की अव्यवस्थाओं को लेकर परेशान है. यहां मूलभूत सुविधाओं तक का अभाव है. वहीं इन सब के बीच अब सियासत भी शुरू हो गई है. निगम सत्ता में बैठी कांग्रेस और विपक्षी भाजपा इसे लेकर आमने सामने हैं. निगम सरकार जहां हाईटेक बस स्टैंड की बदहाली के लिए पूर्ववर्ती बीजेपी सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही है. तो भाजपा के नेता कांग्रेस सरकार और निगम प्रशासन को जिम्मेदार बता रहा।

# सिम्स के अधिकांश उपकरण खराब, कैसे हो उपचार?

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर।
www.dailypioneer.com

संभाग के सबसे बड़े अस्पताल सिम्स यानी छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान हाल बेहाल चल रहा है। आधे से ज्यादा चिकित्सीय उपकरण खराब चल रहे हैं, जिससे मरीज उपचार से वंचित हो रहे हैं। वही छोटे कर्मियों को काम करने मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। सिम्स की मैकेइजनाइज्ड लांड्री बीते दो साल से खराब है, जिस ओर कोई भी सुध नहीं लिया जा रहा है। ऐसे में लांड्री कर्मी रोजाना हाथ से सैकड़ों कपड़े धो-धोकर परेशान हो गए हैं।

सिम्स 750 बेड का अधिकृत अस्पताल है। ऐसे में रोजाना धुलने के लिए सैकड़ों कपड़े निकलते हैं। बड़े स्तर पर कपड़ा की धुलाई कर्मियों से संभव नहीं हो सकने की वजह से ही शासन स्तर पर लाखों रुपये की मैकेइजनाइज्ड लांड्री की सुविधा सिम्स को दी गई, ताकि कर्मचारियों पर ज्यादा कपड़ा धोने का दबाव न हो। साथ ही कपड़े पूरी तरह से हाईजेनिक धूलकर बाहर निकले और वायरस वही खत्म हो जाए। लेकिन, सिम्स की बदइंतजामी से मैकेइजनाइज्ड लांड्री की तमाम मशीनें भी दो साल पहले बंद पड़े गईं। इसके बाद इसमे सुधार करवाने की जहमत भी नहीं उठाई गई। ऐसे में कपड़ा धोने वाले जेडकर्मचारियों को हाथ से ही कपड़ा धोने के लिए विवश होना पड़ रहा है। हर दिन इस कर्मचारियों को कम से कम 600 चादर, टेबल क्लाथ, पर्दे के साथ डॉक्टरो के एप्रॉन तक धोने पड़ रहे हैं। कर्मचारियो ने सिम्स प्रबंधन से बार–बार लांड्री की मशीन बनवाने की बात रख चुके हैं। इसके बाद भी इसे नहीं बनवाया जा रहा है।




### नई मशीन का बना है प्रस्ताव

सिम्स प्रबंधन ने कपड़ा सफाई की क्षमता बड़ाने के लिए लांड्री में नई मशीन लगाने का प्रस्ताव बनाया है। इसे स्वीकृति के लिए शासन स्तर पर भेजा गया है। लेकिन, इस प्रस्ताव को शासन भी स्वीकृत नहीं कर रहा है, क्योंकि पुरानी मशीनें काम करने के लायक है। इन सब के बाद भी सिम्स प्रबंधन मशीन की मरम्मत नहीं करा रहा है।

## रिहायशी कॉलोनी के मकान में बना रखा था गोदाम, 3 दिन पहले एक गाड़ी हुई थी जब्त

# पटाखों का अवैध कारोबार कर रहा व्यापारी पकड़ाया

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर।
www.dailypioneer.com

दिवाली पर्व के पहले ही पटाखों का अवैध भंडारण शुरू हो गया है। शहर के सरकंडा स्थित राजकिशोर नगर के रियहाशी मकान को एक व्यवसायी ने पटाखा गोदाम बना लिया था। पुलिस ने दबिश देकर व्यापारी को पकड़ लिया और बड़ी मात्रा में उसके घर से पटाखे भी जब्त किए। मामले में व्यापारी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस को शुक्रवार रात सूचना मिली कि राजकिशोर नगर में व्यापारी ने रियाहशी इलाके में पटाखा गोदाम बना लिया है। जहां पटाखों का अवैध भंडारण किया गया है। इस पर पुलिस ने लोयला स्कूल रोड स्थित मकान की जांच की। जहां बड़े पैमाने में पटाखे मिले। पुलिस पटाखों को जब्त कर राजकिशोर नगर तुलसी आवास निवासी व्यापारी रिजवान मेमन (31) को पकड़कर थाने ले गई। उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।




### दिवाली में दिया जाता है अस्थाई लाइसेंस

दिवाली पर्व पर प्रशासन लाटरी के माध्यम से दुकानों का आबंटन करता है। गांधी चौक स्थित मल्टीपरपज स्कूल ग्राउंड के साथ ही बुधवारी बाजार व मुंगेली नाका मैदान में पटााखों के दुकान लगते हैं। कोरोना के कारण बुधवारी बाजार व मल्टीपरपज स्कूल ग्राउंड में दुकानों का आबंटन किया जाता है।

### एसडीएम से अनुमति व लाइसेंस है जरूरी

नियमानुसार पटाखों की बिक्री व भंडारण करने के लिए एसडीएम से अनुमति लेना पड़ता है। दुकान या गोदाम की जगहों का निरीक्षण करने के बाद ही एसडीएम पटाखा दुकान के लिए अनुमति देते हैं।

# जीआरपी थाना प्रांगण में गरीब महिला का शव घंटो पड़ा रहा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर।
www.dailypioneer.com

बिलासपुर रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी थाना प्रांगण में आज सुबह से सफ़ेद कपड़े में बंधा शव कचरे की तरह पड़ा हुआ था। दोपहर तकरीबन साढ़े तीन बजे जीआरपी थाना हरकत में आया। पुलिसकर्मियों से जब इस बारे में जानकारी मांगी गई तो पुलिसकर्मी शव को अस्पताल ले जाने के लिए गाड़ी न होने का बहाना करते रहे

आसपास के लोगों ने और ख़ुद पुलिसकर्मियों ने बताया कि ये शव स्टेशन में ही भीख मांगकर गुज़र बसर करने वाली एक वृद्ध महिला का है। उन्होंने ख़ुद ही ये बात भी बताई कि शव सुबह से वहीं पड़ा हुआ है।करीब से देखने पर नज़र आया कि शव को चीटियों ने नोचना शुरू कर दिया था। उस गरीब महिला के शव को बिलासपुर जीआरपी पुलिस ने खुली नाली के किनारे सुबह से किसी सामान की तरह डम्प किया हुआ था। इससे यह साफ़ ज़ाहिर होता है कि जीआरपी पुलिस की नजर में गरीबों का कोई सम्मान नहीं है।



# स्वर्णिम विजय मशाल यात्रा का आयोजन 18 को

**बिलासपुर।** भारतीय सेना के साथ पूरा देश 1971 के युद्ध में भारत की विजय की स्वर्णिम 50 वी वर्षगांठ मना रहा है। विजय की 50 वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर स्वर्णिम विजय मशाल कार्यक्रम का आयोजन 12 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी छत्तीसगढ़ वासियों द्वारा स्वर्णिम विजय मशाल का स्वागत एवं दीप जलाकर भारत के सिपाहियों और शहीदों का सम्मान किया जाएगा। 18 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे रायपुर रोड स्थित भोजपुरी टोल प्लाजा में मोटरसाइकिल रैली द्वारा स्वागत किया जाएगा। प्रातः 10 बजे युद्ध स्मारक अमर जवान चौक (सीएमडी चौक) में शहीदों का सम्मान एवं भारतीय सेना, आरपीएफ,सीआरपीएफ, एनसीसी और पुलिस के जवानों द्वारा सलामी दी जाएगी। दोपहर 2ः30 बजे श्री लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में 1971 के पूर्व सैनिकों व परिवारों का सम्मान एवं स्कूल, कॉलेजों के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शाम 6 बजे संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में दीप उत्सव (दिपावली) मनाया जाएगा। 19 अक्टूबर को यह स्वर्णिम विजय मशाल कांकेर, धमतरी होते हुए 1971 युद्ध के नायकों के घर तक जाएगी। यह कार्यक्रम मुख्यालय छत्तीसगढ़ और उड़ीसा सब एरिया के सौजन्य से देश के सबसे सक्रिय पूर्व सैनिक संगठन सिपाही के प्रतिनिधित्व व छत्तीसगढ़ राज्य की सहभागिता से किया जा रहा है।

## विश्वविद्यालय ने सूचना जारी कर पुनर्मूल्यांकन की व्यवस्था शुरु कर दी है

# एनएसयूआई ने पुनः शुरु कराया पुनर्मूल्यांकन

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर।
www.dailypioneer.com

विधि पाठ्यक्रम मे पुनः पुनर्मूल्यांकन की व्यवस्था अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने प्रारंभ की है। ज्ञात हो की डी पी विप्र विधि महाविद्यालय के छात्र/छात्राओ, जिसमे मुख्य रूप से- प्रतिभा, मानषि, ईशा, मिहिर, आर्यन, ओमसींह, आदी विद्यार्थियो ने, बिलासपुर एन एस यू आई जिला सचिव अमितेष शुक्ला की अगुवाई मे 4 माह पूर्व अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेई के समक्ष 2 बिन्दु की मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा था।

कुलपति ने आस्वासन दिया था कि, छात्रो की मांग को जल्द ही पुरा किया जाएगा। जिसके तहत विश्वविद्यालय ने सूचना जारी कर पुनर्मूल्यांकन की व्यवस्था शुरु कर दी है, परन्तु ये व्यवस्था ऑनलाइन परीक्षा मे नही दी जायेगी। सभी विधि महाविद्यालय के छात्रो ने इस व्यवस्था के लिये विश्वविद्यालय को धन्यवाद दिया है ।



# चोरी के आभूषण समेत 2 युवक पकड़ाए

**बिलासपुर।** सरकंडा पुलिस ने चोरी के दो अलग-अलग मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल और गैस सिलेंडर जब्त किए है।

15 अक्टूबर 21 को सरकंडा पुलिस को सूचना मिली कि चिंगराजपारा निवासी पिंटू गंधर्व अपने घर में सोने चांदी के चोरी के जेवर छिपा कर रखा है। इसी प्रकार दूसरे प्रकरण में सरकंडा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सूर्या चौक चिंगराजपारा निवासी शिव प्रसाद और बबलू चोरी का सिलेंडर एवं मोबाइल बिक्री करने का प्रयास कर रहा है। सूचना पर संदेही पिंटू गंधर्व निवासी चिंगराजपारा सरकंडा को पकड़ कर पूछताछ किया गया तो बताया कि वह अपने भाई जोधर गंधर्व के साथ मिलकर अटल आवास चिंगराजपारा में सोने चांदी के जेवर चोरी कर अपने घर में छुपा कर रखा है। आरोपी के पेश करने पर सोने का मंगलसूत्र लॉकेट गेहूं दाना एवं चांदी के करधन पायल बिछिया आदि आरोपी पिंटू गंधर्व के पास से बरामद किया गया है।

प्रकरण में एक आरोपी जोधर गंधर्व फरार है जिसकी पता तलाश की जा रही है। इसी प्रकार दूसरे मामले में शिव प्रसाद उर्फ बबलू केवट निवासी सूर्या चौक चिंगराजपारा से पूछताछ करने पर करीब 2 माह पूर्व चिंगराजपारा के ही एक घर से एक रेडमी कंपनी का मोबाइल एवं एचपी कंपनी का गैस सिलेंडर नगदी रकम चोरी करना बताया। आरोपी के पेश करने पर रेडमी कंपनी का मोबाइल एवं एचपी कंपनी का गैस सिलेंडर जप्त किया गया है। सामग्री प्रार्थी चंदूलाल साहू के घर से 9 अगस्त 21 को आरोपी द्वारा चोरी किया गया था।

## नदी तट पर साफ सफाई और सुरक्षा के बेतहतर इंतजाम करने के निर्देश दिए

# छटघाट और पचरी घाट का महापौर ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर।
www.dailypioneer.com

विजयदशमी के साथ ही पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया, गाजे-बाजे की धुन पर थिरकते श्रद्धालु मइया के जयकारे लगाते हुए पंडालों से निकल अरपा के घाटों में विसर्जन के लिए पहुंच रहें है। शनिवार को महापौर रामशरण यादव अरपा तट के पचरीघाट और छटघाट में दुर्गा विसर्जित के लिए बनाए गए घाट का निरीक्षण किया।

शनिचरी बाजार के पचरीघाट में पहुंचे महापौर ने समिति के सदसयों से सुविधा के बारे में जानकारी ली साथ ही नगर निगम के द्वारा यहां स्टॉल बनाकर पुलिस और निगम के कर्मचारी तैनात कर रखी है। जिसका निरीक्षण कर घाट में साफ सफाई करने का आदेश दिया। इसके बाद महापौर यादव तोरवा के छठघाट में पहुंचे। यहां विसर्जन के दौरान सैकड़ो की संख्या में आम जनता और समिति के लोग दुर्गा विसर्जित करने पहुंचे जहां मेयर ने उसके बात कर व्यवस्था की निरीक्षण किया। इसके साथ ही किसी अप्रिय घटना से निपटने और शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अधिकारियों से चर्चा की साथ ही साफ सफाई के निर्देश दिए। उनके साथ एमआईसी सदस्य राजेश शुक्ला, सीताराम जायसवाल, पार्षद अब्दुल इब्राहिम खान, जोन क्रमांक 5 के कमीश्नर प्रवीण शर्मा और जोन क्रमांक 7 के कमीश्नर सालनी अग्रवाल सहित निगम के सफाई सुपरवाइजर और कर्मचारी मौजूद रहें।





### क्रेन से प्रतिमा विसर्जन की सुविधा

महापौर रामशरण यादव ने बताया कि नगर निगम ने पचरी और छटघाट के विसर्जन तट पर दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन की व्यवस्था के लिए क्रेन, बोट व प्रकाश की व्यवस्था की है, दुर्घटना की आशंका को मद्देनजर रखते हुए गोताखोर तैनात किए गए हैं। नगर निगम के कर्मचारी 24 घंटे अलग–अलग सिफ्ट में तैनात किए गए है। लगतार साफ–सफाई के निर्देश भी दिए गए है। प्रतिमा के विसर्जन के लिए समिति केन की भी सुविधा ले सकते है।

# राख उड़ाते फर्राटे भर रहे चार ट्रक चालकों पर पुलिस ने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर।
www.dailypioneer.com

**बिलासपुर।** राख से भरे ट्रकों को लेकर लापरवाही पूर्वक सड़क पर दौड़ाने वाले ट्रक चालकों के खिलाफ रतनपुर पुलिस द्वारा कार्रवाई की है। लापरवाह चार ट्रक चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

बेलतरा रतनपुर बिलासपुर मार्ग पर चलने वाले इन ट्रकों में राख भरी हुई थी लेकिन उनके चालकों ने सुरक्षा की अनदेखी की थी। सभी ट्रक बिना ढके हुए थे, जिस कारण से ट्रकों के पीछे राख का गुबार उड़ रहा था और पीछे चलने वाले वाहन चालकों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों ने पहले भी इसकी शिकायत की थी। अब रतनपुर पुलिस की कार्यवाही ने उन शिकायतों पर मुहर लगा दी है। शनिवार को पुलिस ने नाकेबंदी कर ऐसे वाहन चालकों की धरपकड़ की। खुले ट्रक में राख रखकर परिवहन करने वाले चालकों की वजह से सड़क पर गुजर रहे अन्य वाहन चालकों को हो रही परेशानी के मद्देनजर 4 ट्रक चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई है, जिसमें थाना प्रभारी के अलावा पुलिस कर्मियों ने कारवाही की और उन्हें चेतावनी भी दी।



## सावरकर पर सियासी रार, भाजपा बोली–विभाजन के लिए एक खानदान जिम्मेदार

# रक्षा मंत्री राजनाथ की टिप्पणी और मुख्यमंत्री भूपेश के पलटवार के बाद मचा सियासी तकरार

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



सावरकर को लेकर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की टिप्पणी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पलटवार के बाद सियासी रार शुरू हो गई है। कांग्रेस ने देश के विभाजन के लिए सावरकर को जिम्मेदार बताया है, तो भाजपा ने दस्तावेजों और तथ्यों के साथ पलटवार किया है।

भाजपा ने आरोप लगाया कि देश का विभाजन सिर्फ एक खानदान की सत्तालोलुपता का परिणाम था। इस ऐतिहासिक सत्य को कभी झुठलाया नहीं जा सकता कि देश का बंटवारा जवाहर लाल नेहरू की वजह से हुआ था। भाजपा ने सुभाषचंद्र बोस से लेकर लालबहादुर शास्त्री तक का जिक्र करते हुए कांग्रेस परिवार को कठघरे में खड़ा किया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत ने कहा कि नेताजी सुभाष बाबू की खोज-खबर लेने तथा संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु के बारे में सच को सामने लाने में तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने कोई रुचि नहीं दिखाई। 1966 में ताशकंद में तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की संदिग्ध मौत का सच सामने लाने में उनके बाद प्रधानमंत्री बनीं इंदिरा गांधी ने कोई प्रयास नहीं किया। कांग्रेस के पुरखों ने ऐतिहासिक तथ्य व सत्य से देश को वंचित रखा। एक परिवार की भक्ति में मशगूल उन कांग्रेस के नेताओं को किसी की राष्ट्रभक्ति और देश के लिए किए गए बलिदान पर टिप्पणी करना न तो शोभा देता है और न ही उनको इसका कोई अधिकार है। मूणत ने कहा कि दया याचिका बोल-बोलकर वीर सावरकर के यश और उनके बलिदान पर उंगली उठाते कांग्रेस के वैचारिक दुराग्रह की पराकाष्ठा यह है कि वे उस तथ्य से आंखें फेर लेते हैं, जो कांग्रेस नेताओं की मानसिकता को बेनकाब करने के लिए पर्याप्त है। प्रथम विश्व युद्ध के समय कांग्रेस नेता यह मानकर चल रहे थे कि ब्रिटेन की तरफ से युद्ध में भारत के सहयोग के बाद अंग्रेज दया करके भारत को स्वतंत्रता न सही, स्वायत्तता तो दे ही देंगें| कांग्रेस नेता देश विभाजन के लिए मुस्लिम लीग को जिम्मेदार बताकर अपने पाप को ढंकने की कोशिश करते हैं। जबकि यह एक स्थापित सत्य है कि धर्म के आधार पर हुए देश विभाजन के बाद भी भारत और पाकिस्तान में हिंदू-मुस्लिम आबादी लगभग बराबर ही रही है। अगर मुस्लिम लीग के कारण देश विभाजित होता तो सारे मुस्लिमों को पाकिस्तान चले जाना चाहिए था।

### रमन ने पूछा, क्या इटली से संचालित होती है कांग्रेस

पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर पलटवार करते हुए पूछा कि कांग्रेस क्या इटली से संचालित होती है। मुख्यमंत्री बघेल ने एक दिन पहले कहा था कि आरएसएस नागपुर से संचालित होती है, यहां के पदाधिकारियों की कोई औकात नहीं है। इसके जवाब में रमन ने पूछा कि संघ नागपुर से संचालित होता है, लेकिन कांग्रेस कहां से संचालित होता है, सीएम इसकी जानकारी दें। रमन ने कहा कि सीएम बघेल का बयान हास्यास्पद है। संघ की पृष्ठभूमि उनको पता नहीं है। संघ ने अटल बिहारी वाजपेयी जैसी पीढ़ी का निर्माण किया, जिन्होंने छत्तीसगढ़ बनाया।

# एक दिवसीय गुरुदर्शन संतसमागम भण्डारपुरी धाम मेला में दर्शन करने पहुंचे मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया

पायनियर संवाददाता ∢ आरंग
www.dailypioneer.com



प्रतिवर्ष कुंवार शुक्लपक्ष-एकादशी में राजागुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब के सानिध्य में तथा अखिल भारतीय सतनाम सेना, सतनाम आध्यात्मिक शक्ति, एवं सतनामी समाज के द्वारा होने वाले विशाल एक दिवसीय गुरुदर्शन संतसमागम मेला भण्डारपुरी धाम में छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने सम्मिलित होकर गुरूद्वारा में मत्थाटेक गुरुदर्शन कर, राजगुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब सहित गुरु परिवार का आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि भण्डारपुरी धाम सतनामी समाज के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में से एक है तथा समाज का इस धाम पर आस्था को लेकर गहरा संबंध है। गुरुदर्शन एवं संतसमागम मेला के अवसर पर सतनामी समाज के श्रद्धालुगण हजारों की संख्या में यहाँ उपस्थित रहते हैं जिन्हें घोड़ा बग्गी एवं हाथी में सवार राजसी वेशभूषा में धर्मगुरुओं का गुरुदर्शन का लाभ प्राप्त होता है तथा अखाड़ा दल, पंथी पार्टी, सतनाम सेना गुरु सिपाही, राजमहंतो, महंत एवं समाज प्रमुखों के द्वारा जगह जगह धर्मगुरुओं का भव्य स्वागत किया जाता है। तथा संध्याकाल के समय धर्मगुरुओं का धर्ममंच से आशीर्वाद के साथ साथ समाज को आदेश, निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया जाता है, जिससे कि समाज बाबा गुरु घासीदास के बताये हुये सत्य के मार्ग में चल कर अपने परिवार, समाज और देश की सेवा कर सके। उक्त गुरुदर्शन संतसमागम मेला में मंत्री डॉ डहरिया के साथ कोमल सिंह साहू, जनपद अध्यक्ष खिलेश्वर देवांगन, देवराज जांगड़े, तेजसिंग डहरिया, पवन गिरी, ललित गायकवाड़गोलू देवान, बलराम सोनवानी, लुकेश टंडन, विल्सन कोसले,कैलाश बघेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# जेईई–एडवांस में प्रयास के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मंत्री डॉ. टेकाम ने छात्रों को दी बधाई

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



आईआईटी, एनआईटी और केन्द्र सरकार से वित्त पोषित इंजीनियरिंग संस्थाओं में प्रवेश के लिए प्रतिष्ठित जेईई-एडवांस परीक्षा के शुक्रवार को घोषित परिणामों में आदिम जाति विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष जेईई-एडवांस के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों के 173 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, इनमें से 53 छात्रों ने सफलता आयोजित करते हुए जेईई-एडवांस क्वालीफाई किया है। इन सफल छात्रों ने सर्वाधिक 44 छात्र प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू रायपुर के हैं। इसके अलावा प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर की 6 छात्राएं, प्रयास आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर के 2 छात्र, प्रयास बिलासपुर के 01 छात्र ने सफलता अर्जित की है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और आदिम जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्रों के शानदार परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि राज्य सरकार प्रयास विद्यालयों में दी जा रही बेहतर शिक्षा के कारण ही आज इन संस्थानों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में प्रतिष्ठित जेईई-एडवांस परीक्षा में सफल हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में इसके और अधिक सार्थक परिणाम देखने को मिलेंगे। विभाग के सचिव श्री डी.डी. सिंह और आयुक्त श्रीमती शम्मी आबिदी ने विद्यार्थियों की सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा संचालित उपलब्धि मूलक योजनाओं में मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विद्यार्थियों के अध्ययन एवं सर्वांगीण विकास के लिए यह योजना क्रियान्वित की जा रही है। वर्तमान में इस योजना के तीन घटक-आस्था, प्रयास एवं सहयोग है। इनमें 'आस्था' योजना के अंतर्गत नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के बच्चों के लिए दंतेवाड़ा जिले में आवासीय विद्यालय संचालित है। 'प्रयास' योजना मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के महत्वाकांक्षी घटकों में से एक है। इसके अंतर्गत प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिलों के मेघावी छात्र-छात्राओं ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्यापन के साथ-साथ जेईई (मेन्स एवं एडवांस), नीट, पीईटी, क्लेट, सीए, सीएस आदि की कोचिंग देने के लिए वर्तमान में 9 प्रयास विद्यालय रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा, कांकेर, बस्तर, कोरबा और जशपुर जिलों में संचालित है, जिसमें कुल 4 हजार 120 सीट स्वीकृत है। प्रयास आवासीय विद्यालयों के अब तक 70 विद्यार्थी आईआईटी, 221 छात्र एनआईटी एवं ट्रिपल आईटी और 772 विद्यार्थी इंजीनियरिंग कॉलेजों, 39 विद्यार्थी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेशित हो चुके हैं।

# यूनिसेफने की 'हमर लाइकामन: मीडिया4 चिल्ड्रेन' पुरस्कार की घोषणा, बाल अधिकारों के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए पत्रकारों को किया जाएगा पुरस्कृत, प्रविष्टिया आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




यूनिसेफ ने सीएमएसआर फाउंडेशन के साथ मिलकर 'हमर लइकामन: मीडिया4चिल्ड्रन' अवार्ड की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ में महिलाओं और बच्चों से संबंधित मुद्दों पर असाधारण रिपोर्टिंग के लिए पत्रकारों और फोटो-पत्रकारों को पुरुस्कृत किया जाएगा। यह अवार्ड चार श्रेणियों में दिया जाएगा- प्रिंट, टेलीविजन और रेडियो, डिजिटल समाचार प्लेटफॉर्म और फोटो-पत्रकारिता। इस अवसर पर यूनिसेफछत्तीसगढ़ के प्रमुख श्री जॉब ज़करिया ने कहा है कि यह राज्य में अपनी तरह का पहला मीडिया पुरुस्कार है। ÷यह अवार्ड मीडियाकर्मियों को बच्चों से जुड़े मुद्दों, सफलता की कहानियों और नवाचारों पर प्रकाश डालने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इस अवार्ड के माध्यम से बाल-हितों को विकास मॉडल के केंद्र में लाने और समाज में बाल अधिकारों के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करने में मदद मिलेगी। COVID19 महामारी के संदर्भ में, इस पुरस्कार के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, स्वच्छता, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर COVID के अप्रत्यक्ष प्रभाव को उजागर करने के लिए मीडिया को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिसमें स्कूल बंद होने के कारण बच्चों की पढ़ाई में हुए नुकसान, दुर्व्यवहार और शोषण के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता, आवश्यक सेवाओं में आयी रुकावट और विकास गति में आयी कमी शामिल है। 'हमर लइकामन' पुरस्कार 2021 का उद्देश्य बच्चों से जुड़े मुद्दों की रिपोर्टिंग में मीडिया की भूमिका को मज़बूत करने और भविष्य में होने वाले नुकसान को रोकना है। संचार विशेषज्ञ श्याम सुधीर बंदी ने कहा कि यूनिसेफ के पास पुख्ता सबूत हैं कि मीडिया ने राज्य में बच्चों की भलाई में असाधारण योगदान दिया है। ÷मीडिया कलेक्टिव फॉर चाइल्ड राइट्स (एमसीसीआर) 600 से अधिक मीडियाकर्मियों के एक ऐसा समूह हैं जिसने न केवल समाज में बाल-अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाई है, बल्कि नीति निर्माताओं, कार्यान्वयनकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर इस दिशा में ठोस कदम भी उठायें हैं। उन्होंने कहा कि 'हमर लइकामन' पुरस्कार राज्य में बाल अधिकारों को बढ़ावा देने में मीडिया के अथक समर्थन की सराहना का प्रतीक है। प्राप्त प्रविष्टियों के परिक्षण और इस सन्दर्भ में अंतिम निर्णय के लिए 5-सदस्यीय जूरी का गठन किया गया है, जिसमें मीडिया, सरकार और सिविल सोसाइटी क्षेत्र की प्रख्यात हस्तियां शामिल होंगी। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और नकद मानदेय प्रदान किया जाएगा। प्रविष्टियां www.cmsrfoundation.org के माध्यम से ऑनलाइन जमा की जा सकती हैं और प्रविष्टियां भेजने की अंतिम तिथि 10 नवंबर 2021 है। विजेताओं को विश्व बाल दिवस सप्ताह के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

# सेंट्रल पुल से उसना चावल नहीं लेने के मोदी सरकार के तुगलकी फरमान पर रमन, धरम और भाजपा के 9 सांसद मौन क्यों : धनंजय

**रायपुर।** मोदी सरकार के द्वारा सेंट्रल पुल में छत्तीसगढ़ से उसना चावल नहीं लेने के फैसले को कांग्रेस ने तुगलकी फरमान ठहराया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार को पत्र लिखकर केंद्रीय योजना को रोकने की साजिश रचने वाले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक और भाजपा के 9 सांसदों को बताना चाहिए कि सेंट्रल पूल में छत्तीसगढ़ के किसानों के धान से बने उसना चावल लेने पर लगाई गई पाबंदी को शिथिल करने कब पत्र लिखेंगे? पीएम एवं केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर छत्तीसगढ़ किसानों की पक्ष मजबूती के साथ कब रखेंगे? मोदी सरकार किसानों के धान खरीदी, बारदाना आपूर्ति, किसानों को धान की कीमत प्रति क्विंटल 2500 रु देने में अड़चन पैदा कर रही है। हर वर्ष धान खरीदी में नए-नए शर्ते लगा रही है। मोदी सरकार सेंट्रल पूल में छत्तीसगढ़ से उसना चावल नहीं लेने का जो फरमान जारी किया है वह एक प्रकार से तुगलकी फरमान है। छत्तीसगढ़ के मोटा धान उत्पादक किसानों के साथ अन्याय है।

## रामगोपाल के पिता विद्यासागर अग्रवाल के निधन पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर** । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष रामगोपाल के पिता विद्यासागर अग्रवाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि ईश्वर इस दुख की घड़ी में परिवारजनों को सहनशक्ति एवं मृत आत्मा को शांति प्रदान करे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष रामगोपाल के पिता विद्यासागर अग्रवाल के निधन पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी, गिरीश देवांगन, शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, संचार विभाग सदस्य रमेश वर्ल्यानी, संचार विभाग सदस्य आर.पी. सिंह, संचार विभाग सदस्य सुरेंद्र शर्मा, संचार विभाग सदस्य विकास दुबे, संचार विभाग सदस्य संदीप साहू, संचार विभाग सदस्य नितिन भंसाली, संचार विभाग सदस्य अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष रामगोपाल के पिता विद्यासागर अग्रवाल के निधन पर प्रदेश प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी, धनंजय ठाकुर, विकास तिवारी, मोहम्मद असलम, एडवोकेट सुरेंद्र वर्मा, एम.ए. इकबाल, वंदना राजपूत, आलोक दुबे जगदलपुर, अभय नारायण राय बिलासपुर, जनार्दन त्रिपाठी सरगुजा, कमलजीत पिंटू राजनांदगांव, कृष्णकुमार मरकाम धमतरी, विकास विजय बजाज, अजय गंगवानी, प्रकाशमणि वैष्णव, अशुंल मिश्रा ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
SHRI BALAJI
Institute of Nursing
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN
NURSING PROGRAMME
PARAMEDICAL PROGRAMME

| | | | |
|---|---|---|---|
| B.Sc Nursing | 4 years | Pathology technician | 1 year |
| Post Basic Bsc Nursing | 2 years | Operation theater tech. | 1 year |
| M.Sc. Nursing | 2 years | X-Ray technician | 1 year |
| Medical Surgical Nsg. | | Ortho and dresser tech. | 1 year |
| Community Health Nsg. | | | |
| Child Health Nsg. | | | |
| Mental Health Nsg. | | | |



HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो. 7694016816, 8435018884, 9826242559
फोन : 0771-4241000,4241057 | वेब : www.balajinursingcollege.com

उठावना (शोक सभा)
न जायते म्रियते वा कदाचिद् नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।



स्व. श्री मूलचंद खण्डेलवाल जी
(पूर्व मंत्री म.प्र. शासन)
अत्यंत दुख के साथ सूचित करते हैं कि हमारे परिवार के मुखिया श्रद्धेय श्री मूलचंद खण्डेलवाल जी का दुःखद निधन 15 अक्टूबर शुक्रवार को हो गया है।
उनकी आत्मा की शांति के लिए उठावना (शोकसभा) का आयोजन रविवार 17 अक्टूबर सायं 5 बजे "सांई मंगलम्" निज निवास, व्यापार विहार रोड बिलासपुर में सपन्न होगा।
शोकाकुल
लक्ष्मी नारायण खण्डेलवाल (भाई)
बृजेन्द्र खण्डेलवाल (भतीजा)
अनिल खण्डेलवाल (भतीजा)
दीपक खण्डेलवाल (पुत्र)
संजय खण्डेलवाल (पुत्र)
समस्त मौसाजी परिवार एवं मित्रगण

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403